| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 73,399.78 |
| निफ्टी | ~ | 22,272.50 |
| सोना | ~ | 67,050 |
| चांदी | ~ | 86,000 |
| डॉलर | ~ | 83.52 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
मंगलवार 16 अप्रैल 2024
चैत्र शुक्ल 09 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 204
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

## खास खबर

### केजरीवाल की कस्टडी 23 तक बढ़ाई

नई दिल्ली। शराब नीति घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने रविवार को कहा कि हम मामले की सुनवाई इस महीने (अप्रैल) के आखिरी हफ्ते में करेंगे। उधर, राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। केजरीवाल की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी और श्वष्ठ की ओर से सॉलिसिटर जनरल ने दलीलें रखीं। सिंघवी ने कोर्ट से कहा कि मैं कुछ चौंकाने वाले फैक्ट्स आपके सामने रखना चाहता हूं। इस पर कोर्ट ने कहा कि हमें नोटिस जारी करने दीजिए।

### चंडीगढ़ में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

चंडीगढ़। अयोध्या से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई2702 दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण वहां लैंड नहीं कर पाई। इसके बाद जब इसे चंडीगढ़ डाइवर्ट किया वहां। वहां जब फ्लाइट को लैंड कराया गया तो तब फ्लाइट में केवल 2 मिनट का फ्यूल बचा था। घटना 13 अप्रैल की है। यह शिकायत अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दिल्ली पुलिस के डीसीपी क्राइम सतीश कुमार ने की है। वह भी इस फ्लाइट में यात्रा कर रहे थे। हालांकि, चंडीगढ़ एयरपोर्ट के सीईओ राकेश सहाय ने ऐसी किसी घटना के होने से मना कर दिया है। इस मामले में इंडिगो ने सफाई जारी की है।

### के कविता को झटका, कोर्ट ने 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। बीआरएस नेता के. कविता को सीबीआई की कस्टडी खत्म होने के बाद आज कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें, कोर्ट ने यह न्यायिक हिरासत सीबीआई के केस में दी है। सीबीआई ने कोर्ट से 15 दिनों की न्यायिक हिरासत मांगी थी। बता दें, ईडी के बाद सीबीआई ने 12 अप्रैल को कविता को गिरफ्तार किया था। इसके बाद विगत दिवस सीबीआई ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने कविता को 15 अप्रैल तक की सीबीआई हिरासत में भेज दिया था। इससे पहले तक वह न्यायिक हिरासत में थीं। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी के. कविता को ईडी ने पिछले महीने हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। इस दौरान सीबीआई ने विशेष अदालत को बताया कि के. कविता ने शरथ रेड्डी को धमकाया था कि दिल्ली में ठेके को हासिल करने के लिए आप को 25 करोड़ का भुगतान करें।

### रामनवमी की दोपहर 12:16 बजे रामलला का अभिषेक करेंगी सूर्य की किरणें

अयोध्या। अयोध्या धाम में जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद पहली बार आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी यानि रामलला का जन्मदिवस मनाया जायेगा। इस मौके पर रामनवमी मेले को लेकर व्यापक तैयारियां की गयी हैं। तैयारियों का जायजा एवं समीक्षा करने राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र अयोध्या पहुंचे हैं। उनका कहना है कि रामनवमी मेले की व्यवस्था जिला प्रशासन करता है। जिला प्रशासन व राम मंदिर ट्रस्ट आश्वस्त हैं कि रामनवमी के लिए श्रद्धालुओं के लिए जो भी आवश्यकता है वह उसकी पूर्ति करेंगे। रामनवमी के मौके पर जो श्रद्धालु आएंगे, उनको सुविधाजनक ढंग से भगवान रामलला का दर्शन हो सकेगा।

### ईडी-सीबीआई के छापों पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा

# किसी को डराने के लिए नहीं करता फैसले

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में प्रचार अभियान की व्यस्तता के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में इंडी गठबंधन पर हमला बोला है। ईडी व सीबीआई से जुड़े सवालों पर उन्होंने कहा कि ईडी व सीबीआई से जुड़े कानून हमारी सरकार में नहीं आए। हम उस स्तर पर जाकर नहीं खेल सकते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इनमें से एक भी कानून (ईडी, सीबीआई केस दायर करना) मेरी सरकार नहीं लेकर आई है। इसके विपरीत, चुनाव आयोग में सुधार मेरी सरकार ने किया है। पहले तो परिवार के करीबी लोगों को चुनाव आयुक्त बना दिया जाता था, जिनको बाद में राज्यसभा सीटें और मंत्रालय दिए जाते थे। हम (भाजपा) उस स्तर पर नहीं खेल सकते हैं।



#### एक राष्ट्र एक चुनाव हमारी प्रतिबद्धता

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर पीएम ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हमारी प्रतिबद्धता है। देश में कई लोग हमारे साथ आए हैं। कई लोगों ने समिति को अपने सुझाव दिए हैं। सकारात्मक सुझाव आए हैं। अगर, हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए, तो देश को बहुत फायदा होगा। पीएम नरेंद्र मोदी से जब एलन मस्क के भारतीय बाजार में प्रवेश और रोजगार सृजन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि एलन मस्क का मोदी समर्थक होना एक बात है। वह भारत के समर्थक हैं। मैं भारत में निवेश चाहता हूं। पैसा किसी का भी लगा हो, पसीना मेरे देश का लगना चाहिए। उसके अंदर सुगंध मेरे देश की मिट्टी की आनी चाहिए, ताकि मेरे देश के नौजवान को रोजगार मिले।

#### मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं

यह तो सिर्फ ट्रेलर है का क्या मतलब होता है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि जब मैं कहता हूं कि मेरे मन में बहुत बड़े-बड़े प्लान हैं। इससे किसी को डरने की जरूरत नहीं है। मेरे निर्णय किसी को डराने के लिए नहीं हैं। मेरे निर्णय किसी को दबाने के लिए भी नहीं हैं। मेरे निर्णय देश के सर्वांगीण विकास के लिए हैं। मेरे निर्णय जनकल्याण के लिए हैं। देश के युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मैं देर नहीं करना चाहता। मैं समय नहीं बिगाड़ना चाहता। इंटरव्यू में उन्होंने आगे कहा कि ज्यादातर सरकारों का स्वाभाव है कि उन्हें लगता है कि उन्होंने सब कुछ कर लिया लेकिन मैं ऐसा नहीं मानता कि मैंने सब कुछ कर लिया। मैंने ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास किया है। सही दिशा में जाने का प्रयास किया है। बावजूद इसके बहुत कुछ है, जो मुझे अभी भी करना है। मुझे पता है कि देश में बहुत चीजों की आवश्यकता है। हर परिवार के बहुत सपने होते हैं, उनका सपना कैसे पूरा किया जाए, वह मेरे दिल में है। इसलिए मैं कहता हूं कि जो हुआ वह बस ट्रेलर है। मैं अभी बहुत कुछ करना चाहता हूं।

#### ईडी बेहतरीन काम कर रही

पीएम ने कहा है कि ईडी आज के समय में बेहतरीन काम कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि एजेंसी के 97 फीसदी केस ऐसे लोगों पर हैं, जो राजनीति में शामिल नहीं है। इतना ही नहीं पीएम ने कहा कि ईडी और सीबीआई से जुड़े कोई भी कानून भाजपा के समय में नहीं आए। बल्कि भाजपा सरकार चुनाव आयोग में बदलाव के लिए कानून लाई। पहले जो लोग एक परिवार के करीबी होते थे, सिर्फ उन्हें ही चुनाव आयुक्त बनाया जाता था और उन्हें बाद में राज्यसभा या अन्य मंत्रालय भेज दिया था। पीएम ने तंज कसते हुए कहा कि लेकिन हम (भाजपा) उस स्तर का काम नहीं कर सकते।

### जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर बोला हमला, कहा

# रोजगार नहीं, महंगाई बढ़ी, वादे अधूरे

बांदीकुई (दौसा)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को राजस्थान के बांदीकुई में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि शुरू में पीएम नरेंद्र मोदी की इच्छा थी कि कुछ करेंगे, लेकिन 10 साल में इतनी बड़ी बातें करने के बाद रोजगार नहीं है, महंगाई बढ़ रही है, वादा पूरा नहीं कर पाए। इसलिए मुझे लगता है कि उनकी बातें हल्की पड़ रही हैं। आपने मोदीजी को सेवा के लिए आगे बढ़ाया, लेकिन अब अंधे क्यों हो गए हैं? मोदीजी जो कर रहे हैं, करने दीजिए की भावना गलत है। इससे नुकसान मोदीजी का या हमारा नहीं हो रहा, आपका हो रहा है।



प्रियंका गांधी ने कहा कि एक वीडियो देखा होगा कि इनके सांसद अलग-अलग प्रदेशों में कहने लगे हैं कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम संविधान को बदलेंगे। मंच पर मोदीजी संविधान की बात करते हैं, लेकिन अपने लोगों से कहते हैं कि जाओ और बोलो कि संविधान बदलेंगे। वे संविधान इस तरह से बदलना चाहते हैं कि आपको पता भी न चले, इसलिए आपका जागरूक बनना जरूरी है। प्रियंका गांधी ने कहा कि चुनाव में जो नेता सामने आता है, उसे आपकी बात करनी चाहिए। आजकल बहकी-बहकी सी बातें हो रही है। कोई आपके जज्बातों को उजागर करने के लिए धर्म की बात कर रहा है, कोई मांस-मछली की बात कर रहा है। मोदीजी राजस्थान में आकर यही बात करते हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर मुस्लिम पक्ष को झटका

### मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

नई दिल्ली। श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह के बीच भूमि विवाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए ट्रांसफर करने के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज यानी सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को राहत दी तो वहीं मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की कमिटी की याचिका पर नोटिस जारी कर संबंधित पक्षों को जवाब देने को कहा।

शाही ईदगाह मस्जिद कमिटी ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने निचली अदालत में इस मामले से संबंधित 15 मुकदमों का ट्रांसफर स्वयं के समक्ष करने को लेकर सुनवाई शुरू की। मुस्लिम पक्ष ने



हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की मांग को खारिज करते हुए कहा कि हाईकोर्ट में सुनवाई चलती रहेगी।

मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने इस विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ जोड़कर सुनवाई करने का फैसला लिया गया था। हाईकोर्ट का कहना था कि ये सभी मुकदमे एक ही तरह के हैं, और इन मामलों में एक ही तरह के सबूतों के आधार पर फैसला होना है। कोर्ट का समय बचाने के लिए इन सभी मुकदमों पर एक साथ सुनवाई हो।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को निर्देश दिया था कि हिंदू वादी द्वारा दायर आवेदन पर 15 मुकदमों को समाहित कर दिया जाए। हिंदू पक्ष ने उच्च न्यायालय में अपने आवेदन में कहा था कि दीवानी न्यायाधीश मथुरा के सामने 25 सितंबर, 2020 को दायर मूल मुकदमे और 13.37 एकड़ जमीन से संबंधित अन्य मुकदमों को समाहित कर दिया जाए।

## राहुल गांधी चुनाव प्रचार करने पहुंचे तमिलनाडु, अधिकारियों ने ली हेलीकॉप्टर की तलाशी

### तमिलनाडु में कांग्रेस द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम के साथ मिलकर लड़ रही चुनाव

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी इन दिनों लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में जुटे हैं। आज चुनाव प्रचार के लिए राहुल गांधी तमिलनाडु पहुंचे हैं। राहुल के तमिलनाडु पहुंचे ही चुनाव अधिकारियों ने उनके हेलीकॉप्टर की तलाशी लेनी शुरु दी। राहुल के हेलीकॉप्टर की तलाशी क्यों ली गई इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। तमिलनाडु में कांग्रेस इंडिया गठबंधन के साथी द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है।

सूत्रों के मुताबिक राहुल के हेलीकॉप्टर की तलाशी लेने सोमवार को चुनाव अधिकारी तमिलनाडु पहुंचे। खबरो से पता



चला है कि उस दौरान राहुल गांधी चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होने वायनाड रवाना हो चुके थे। 2019 में रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतने के बाद राहुल दोबारा वायनाड से चुनावी मैदान में हैं। वहीं राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे या नहीं इसको लेकर स्थिति साफ नहीं है।

केरल में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 के लिए कई राजनीतिक दलों के शीर्ष राष्ट्रीय नेता सोमवार से 20 संसदीय क्षेत्रों के लिए चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी और भारतीय कम्युनिसट पार्टी महासचिव डी राजा सहित शीर्ष राष्ट्रीय नेता 15 अप्रैल से अपने उम्मीदवारों के लिए दूसरे चरण के प्रचार के लिए केरल पहुंच रहे हैं यहां अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे।

सोमवार को तिरुवनंतपुरम के कट्टकडा में केंद्रीय मंत्रियों राजीव चंद्रशेखर और वी मुरलीधरन के पक्ष में पीएम नरेंद्र मोदी दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे, जो तिरुवनंतपुरम और अत्तिंगल संसदीय क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे हैं।

## दिल्ली की सात सीटों में से 4 पर आप तो कांग्रेस 3 पर लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के चुनावी रण में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बाद अब कांग्रेस ने अपने पत्ते खोल दिए हैं और अपने दिल्ली के तीनों उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। एक तरफ बीजेपी है और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। बीजेपी ने सात मौजूदा सांसदों में से सिर्फ मनोज तिवारी को ही फिर से टिकट दिया है और 6 नए चेहरे मैदान में उतरे हैं। आप और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी है और आप ने 4 और कांग्रेस ने 3 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस ने अपने कोटे के जिन तीन उम्मीदवारों की घोषणा की है, उनमें सबसे चर्चित नाम जेएनयू में छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार का है। कन्हैया को कांग्रेस ने उत्तर पूर्व से मैदान में उतारा है। कन्हैया का मुकाबला बीजेपी के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी से है। कन्हैया 2019 का चुनाव बिहार की बेगूसराय सीट से लड़ चुके हैं। हालांकि, बीजेपी के गिरिराज सिंह के हाथों उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था। कन्हैया तब सीपीआई के टिकट पर चुनाव लड़े थे। बाद में वो कांग्रेस में शामिल हो गए। सीट बंटवारे में फिर यह सीट सीपीआई के हिस्से आई है। इसके अलावा, चांदनी चौक से कांग्रेस ने दोबारा जयप्रकाश अग्रवाल को उतारा है। वहीं, नॉर्थ-वेस्ट से दलित नेता और पूर्व सांसद उदित राज को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

## खजुराहो सीट पर एआईएफबी उम्मीदवार को समर्थन करेगा इंडिया गठबंधन

### -खजुराहो में सभा करेंगे राहुल गांधी और अखिलेश यादव

भोपाल। सपा-कांग्रेस के समझौते में दी गई खजुराहो लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार का नामांकन निरस्त हो गया था। इसके बाद इस सीट पर इंडिया अलाइंज का उम्मीदवार ही नहीं था। अब कांग्रेस ने इस सीट पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (एआईएफबी) के उम्मीदवार को समर्थन का ऐलान किया है। समाजवादी पार्टी पहले ही इस सीट पर समर्थन का ऐलान कर चुकी है। कांग्रेस ने आज समर्थन का औपचारिक ऐलान किया है। भोपाल में पीसीसी में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा, राजनीतिक प्रतिबद्धता समान होने के कारण हम समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि खजुराहो में अखिलेश यादव और



राहुल गांधी की संयुक्त सभा का प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस मौके पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रदेश अध्यक्ष जंग बहादुर सिंह गिल और समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव यहां मौजूद थे।

खजुराहो सीट में चुनाव प्रचार को लेकर मुकेश नायक ने कहा कि खजुराहो लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राहुल गांधी की संयुक्त सभा का प्रस्ताव एमपी की ओर से भेजा जाएगा। दोनों नेताओं की ओर से सहमति मिलने के बाद संयुक्त रूप से विशाल जनसभा आयोजित की जाएगी।

#### सुभाष चंद्र बोस की बनाई पार्टी को दिया समर्थन

मुकेश नायक ने कहा कि खजुराहो लोकसभा सीट को लेकर जो गतिरोध उत्पन्न हुआ था। वह खत्म हो रहा है इंडिया गठबंधन के घटक दल एआईएफबी के उम्मीदवार राजा भैया प्रजापति जो कि रिटायर्ड आईएएस है।

## कब, कहां और कैसे जवाब दिया जाए, ये इजरायल तय करेगा - नाओर गिलोन

नई दिल्ली। ईरान के इजरायल पर ड्रोन और मिसाइल अटैक शुरू के बीच भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा, ये तनाव को बहुत अधिक बढ़ाने वाला मामला है। इसका जवाब दिए बिना नहीं रहा जा सकता। ईरान भुलावे में न रहे। इजरायल के पास जवाब की ताकत है। कब, कहां और कैसे जवाब दिया जाए, ये इजरायल तय करेगा। गिलोन ने एक समाचार चैनल से खास बातचीत में ये बातें कही। गिलोन ने अमेरिका को इजरायल का अहम सहयोगी बताया। उन्होंने कहा, अमेरिका का साथ इजरायल के लिए बहुत अहम है। इजरायलियों के प्रति इजरायल सरकार की सौ फीसदी जवाबदेही है। हम उनकी पूरी बात सुनते हैं। इजरायल वो करता है, जो इजरायली जनता के हित में हो। नाओर गिलोन ने कहा, ईरान हमेशा मिडिल ईस्ट को अस्थिर करने में लगा है। उसने एक जहाज़ को अगवा किया, 25 लोग बंधक हैं। इसमें 17 भारतीय भी शामिल हैं। ईरान का इस तरह का व्यवहार पूरी तरह अस्वीकार्य है। गिलोन ने कहा, ईरान न्यूक्लिर बम बनाने की फ़िराक में भी है। वह हमेशा इजरायल के विनाश की बात करता है। न्यूक्लियर बम बना लिया, तो वह और विनाशकारी होगा।

## शरद पवार ने अजित को दिया झटका, होल्कर के वंश की पार्टी में एंट्री

बारामती। महाराष्ट्र में बारामती का लोकसभा चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है यहां ननद-भाभी आमने-सामने हैं तो वहीं दोनों पवार परिवार की साख दांव पर लगी है। इसको लेकर राजनीति के चाणक्य कहलाने वाले शरद पवार ने अपनी परंपरागत सीट से अपनी बेटी को चुनाव मैदान में उतारा है। एनसीपी में शरद और अजित गुट बन जाने के बाद इस सीट का पूरा समीकरण बिगड़ गया है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के सामने उनकी चचेरी भाभी सुनेत्रा पवार चुनावी मैदान में हैं। वह अजित पवार की पत्नी हैं। ऐसे में यह लड़ाई शरद पवार और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी रहे भतीजे अजित पवार के बीच की है।

बारामती की सीट पर शरद और अजित का जबर्दस्त प्रभाव



है। दोनों पवार अपने- अपने उम्मीदवार जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस बीच वोटों का बंटवारा रोकने के लिए शरद पवार ने बड़ा दांव खेला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अहिल्या देवी होल्कर के वंशज भूषणसिंह राजे होल्कर राष्ट्रवादी शरद पवार गुट में शामिल होंगे। कहा जा रहा है कि अगर भूषण सिंह होल्कर राष्ट्रवादी शरद पवार गुट में शामिल होते हैं तो धनगर जमाजा से शरद पवार गुट को बड़ी संख्या में वोट मिल सकते हैं। इस बीच यह भी जानकारी मिली है कि भूषण सिंह होल्कर उपमुख्यमंत्री अजित पवार के संपर्क में थे। उन्होंने कुछ दिन पहले मंत्री हसन मुश्रीफ के साथ प्रेसवार्ता की थी लेकिन अब वह शरद पवार गुट में शामिल होने जा रहे हैं। इसे अजित पवार के लिए झटका माना जा रहा है।

बारामती लोकसभा क्षेत्र से शरद चंद्र पवार की पार्टी से सुप्रिया सुले एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं जबकि एनसीपी से सुनेत्रा पवार को लोकसभा का टिकट दिया गया है। इसलिए, इस निर्वाचन क्षेत्र में भाभी के खिलाफ ननद मैदान में हैं। इस चुनाव पर महाराष्ट्र ही नहीं पूरे देश की नजर है। इन सबकी पृष्ठभूमि में भूषण सिंह होल्कर की शरद चंद्र पवार की पार्टी में एंट्री अहम मानी जा रही है। भूषण सिंह के आने से शरद पवार को यह चुनाव में जीतने की पूरी उम्मीद है।

### वकीलों के बाद पूर्व न्यायाधीशों ने भी मुंह खोला...सीजेआई को लिखा पत्र, कहा

# कुछ लोग अपने फायदे के लिए ज्यूडीशियरी पर बना रहे दबाव

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के 21 रिटायर्ड जजों ने सीजीआई डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि कुछ लोग सोचे-समझे ढंग से दबाव बनाकर, गलत सूचनाएं और सार्वजनिक रूप से अपमानित करके न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशें कर रहे हैं। ये लोक ओछे राजनीतिक हित और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम कर रहे हैं।

चिट्ठी लिखने वाले 21 जजों में से 4 सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज हैं। जबकि बाकी 17 राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस या अन्य जज हैं। 14 अप्रैल को सीजेआई को भेजे गए ओपन लेटर में जजों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं



बताया है, जिसके कारण उन्हें इसे लिखना पड़ा। लेकिन यह कदम भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के बीच चल रही बयानबाजी के बीच उठाया गया है।

#### हमारी ही ईमानदारी पर उठ रहे सवाल

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस (रिटायर) दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह समेत रिटायर्ड जजों ने आरोप लगाया है कि आलोचक अदालतों और जजों की ईमानदारी पर सवाल उठाने के साथ न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने के लिए कपटपूर्ण तरीके अपना रहे हैं। जजों ने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी पेश करती हैं, जिन्हें बनाए रखने के लिए कानून के संरक्षक के रूप में न्यायाधीशों ने शपथ ली है।

#### हमें चिंता जनता को भरोसा न उठे

लेटर में जजों ने ज्यूडीशियरी से जनता का भरोसा उठने की आशंका जताई है। उन्होंने लिखा- हम विशेष रूप से गलत जानकारी से न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भडक़ाने वाली रणनीति को लेकर चिंतित हैं, जो न केवल अनैतिक है, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी है। किसी के विचारों से मेल खाने वाले अदालती फैसलों की चुनिंदा तौर पर प्रशंसा और जो विचारों से मेल नहीं खाते, उनकी तीखी आलोचना करने की प्रथा ज्यूडिशियल रिव्यू और कानून को कमजोर करती है।


# 15 दिन पूर्व खराब हुई पहली मोटर अब तक नही बनी अब दूसरी मोटर भी हो गई खराब

**दोनों मोटर खराब होने से शहर भर में रुकी पानी सप्लाई, पानी सप्लाई की अब तक नही बनाई गई वैकल्पिक व्यवस्था, इधर 38 करोड़ की नल जल योजना, उधर बूंद बूंद पानी को तरस रहे वार्डवासी, विपक्ष ने सीएमओ व नपाध्यक्ष को ठहराया जिम्मेदार**

**बालाघाट( पदमेश न्यूज़ )। नगर पालिका में दो-दो जल आवर्धन योजना शुरू होने के बावजूद भी नगर वासियों को 24 घंटे भरपूर मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है, तो वहीं अब बूढ़ी फिल्टर प्लांट में लगी दोनों 75 और 110 एचपी की मोटर में खराबी आने से एक बार फिर नगर में जल की आपूर्ति प्रभावित हो गई है।जिसके चलते वार्ड वासियों को सुबह शाम दोनों समय भरपूर पानी सप्लाई करना तो दूर की बात नपा प्रशासन द्वारा एक समय भी नागरिकों को पानी की सप्लाई नही की जा रही है। जहां मोटर में तकनीकी खराबी के कारण पूरे नगर की पानी सप्लाई व्यवस्था ढप हो गई है ।जिससे नगरी क्षेत्र के लोग परेशान हो रहे हैं। जिन्होंने व्यवस्थाओ में सुधार कर भरपूर मात्रा में दोनों समय पानी की सप्लाई किए जाने की मांग की है। यदि समय रहते पानी सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था नही बनाई गई या खराब हुई मोटर को जल्द दुरस्त नही किया गया तो नगर वासियों को पेयजल की किल्लत उठानी पड़ सकती है।**

### 15 दिन पूर्व खराब हुई थी 75 एच पी की मोटर आज तक नही बनी

बताया जा रहा है कि बूढ़ी स्थित फिल्टर प्लांट में पानी सप्लाई के लिए चार मोटर की व्यवस्था है। जहां दो मोटर पूर्व में खराब हो चुकी है, जो वर्तमान स्थिति में कबाड़ के तौर पर पड़ी हुई है । तो वही पिछले कुछ सालों से 75 और 110 एचपी की मोटर से संपूर्ण नगर में फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई की व्यवस्था बनाई गई है। जानकारी के अनुसार आज से करीब 15 दिन पूर्व फिल्टर प्लांट में लगी 75 एचपी की मोटर अचानक खराब हो गई किसके चलते 110 एचपी की दूसरी मोटर से नगर में जैसे तैसे पानी की सप्लाई की जा रही थी लेकिन अब 110 एचपी की मोटर भी खराब हो गई। जिससे नगरवासी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है।और इस भीषण गर्मी में उन्हें एक वक्त भी प्रयाप्त पानी नही मिल पा रहा है।



### पैसों की कमी के चलते अबतक जयपुर व जबलपुर से नही आया सामान

बताया जा रहा है कि फिल्टर प्लांट में लगी दोनों मोटर में खराबी आ जाने के चलते ,सम्पूर्ण नगर में पानी की सप्लाई ढप हो गई है। जानकारी के अनुसार करीब 15 दिन पूर्व 75 एचपी की मोटर खराब हो गई है ।जिसका सामान स्थानीय बाजार में नहीं मिल रहा है, तो वही बजट की कमी के चलते जयपुर और जबलपुर जैसी सिटी से युक्त मोटर का सामान अब तक नहीं बुलाया गया है। वही 110 एचपी की मोटर से अब तक जैसे तैसे कम समय तक पानी की सप्लाई की जा रही थी ।लेकिन अब 110 एच पी की मोटर भी खराब हो गई है।

### नगर में है 17000 नल कनेक्शन, प्रती कनेक्शन 135 लीटर पानी देने का है नियम

आपको बताएं कि नगर में पानी सप्लाई की सुचारू व्यवस्था बनाने के लिए 5 टंकियां का निर्माण कराया गया है। जिसमें तीन टंकी 450 किलो लीटर गैलन की है। तो वही एमएलबी स्कूल के समीप बनाई गई पानी की टंकी 1250 किलो लीटर गैलन क्षमता वाली है। इसके अलावा सरेखा और अस्पताल के पास बनाई गई टंकियां 800 किलो लीटर गैलन पानी स्टोरेज की क्षमता रखती है। इन टँकीयो मे फिल्टर प्लांट में लगी दोनों मोटर से पानी की सप्लाई दोनों टाइम की जाती थी ।तब कहीं जाकर इस भीषण गर्मी में शहर वासियों को पानी मिल पाता था। बात अगर नियम की करें तो नियम के अनुसार प्रत्येक कनेक्शन को 135 लीटर पानी देने नियम बनाया गया है। तो वहीं शहर में 17000 नल कनेक्शन है। लेकिन 135 लीटर प्रति कनेक्शन पानी मिलना तो दूर की बात दोनों मोटर में खराबी आने के चलते लोगों को एक बूंद पानी भी नहीं मिल पा रहा है।

### सुधार कार्य मे जुटे कर्मचारी बोले- कोई गारंटी नही आज बनेगी या नही

उधर बूढ़ी स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने पर कर्मचारी पानी की मोटर में आए फाल्ट को दुरुस्त करते हुए नजर आए। जहां अनौपचारिक चर्चा के दौरान कर्मचारियों ने बताया कि वह कोशिश कर रहे हैं कि जल्द से जल्द मोटर सुधर जाए। उन्होंने बताया कि फिलहाल सुधार कार्य चालू है लेकिन कोई गारंटी नहीं है कि आज मोटर बनेगी या नहीं और इसकी भी कोई गारंटी नहीं है कि आज की आज पानी सप्लाई शुरू हो पाएगी या नहीं। हमारा काम कोशिश करना है जो हम कर रहे हैं।

### तो 38 करोड़ की आवर्धन योजना किस काम की?

नगर वासियों को 24 घंटे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए, लगभग 7 वर्ष पूर्व नगर में 38 करोड़ रु की लागत से जल आवर्धन योजना शुरू की गई थी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी के कार्यकाल से शुरू हुई यह योजना वर्तमान नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर के लगभग 2 वर्ष का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी पूर्ण नहीं हो पाई है योजना के तहत शहर भर में आधा दर्जन पानी की टंकियों का निर्माण किया गया था लेकिन योजना का यह कार्य पूर्ण होने बनाई गई पानी की टंकी भी शोपीस बनी हुई है । शासन ने शहरी क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे पानी देने के लिए करोड़ों रुपए तो लगा दिए लेकिन करोड़ों रुपए फूकने के बाद भी योजना सफल नहीं हो पाई है जिसको लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि जब नगर में 38 करोड़ की जल आवर्धन योजना के तहत 24 घंटे पानी सप्लाई करने की सुविधा है तो फिर सभी नगर वासियों को पानी की सप्लाई क्यों नही की जा रही है ?। वही सबसे बड़ा सवाल ये है कि जब वार्डवासियों को बूंद बूंद पानी के तरसना पड़ रहा है तो फिर नगर में संचालित 38 करोड़ रु की जल आवर्धन योजना आखिर किस काम की है। यही सभी सवाल नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाते हैं।

### 2 दिनों से नही मिल रहा पानी-गजानंद

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड नंबर 10 निवासी गजानंद धुर्वे ने बताया कि पिछले दो दिनों से नल में पानी नहीं आ रहा है गर्मी के दिन है जिससे काफी ज्यादा दिक्कत हो रही है। दो बार नगर पालिका में शिकायत कर चुके हैं बावजूद इसके भी कुछ नहीं हुआ। केवल हम ही नहीं बल्कि सभी लोगों को पानी की किल्लत उठानी पड़ रही है।

### नपाध्यक्ष और सीएमओ दोनों जिम्मेदार है- योगराज लिल्हारे

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष योगराज लिल्हारे ने बताया कि नगरवासियों के लिए यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि नगर पालिका ने गर्मी के पूर्व कोई तैयारी नहीं की। करीब सवा लाख की आबादी नगर की है दो मोटर 30 वर्ष पुरानी हो चुकी है ।जो कोई काम की नही है। जिसके चलते एक 75 और एक 110 एचपी की मोटर से पानी की सप्लाई अब तक की जा रही थी। जहां 15 दिन पूर्व 75 एचपी की मोटर खराब हो गई जिसके चलते 110 एचपी की मोटर से नगर की टंकियां भरी जा रही थी। जहां काफी कम मात्रा में लोगों को पानी मिल पा रहा था। अब दूसरी मोटर भी खराब हो गई और जनता पानी के लिए परेशान हो रही है । वही अब तक नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी इस समस्या से अन्यज्ञ है। इनकी मनमानी और अपने तुपने के चक्कर में जनता परेशान हो रही है हमारी मांग है कि हमेशा एक मोटर एक्स्ट्रा रहनी चाहिए वही जनरेटर की अलग से व्यवस्था बनी रहनी चाहिए इन्होंने तत्काल दूसरी मोटर खरीद कर लानी चाहिए क्योंकि जब घोटाला कर सकते हैं तो क्या मोटर खरीद कर नहीं ला सकते। आज जो अव्यवस्था हुई है इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूर्ण रूप से जिम्मेदार है।

## मकान की डेढ़ वर्षो से नहीं मिली तीसरी किस्त तो कटंगी के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी के कुछ ग्रामीण द्वारा कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को एक आवेदन दिया गया है, कि आज उन्हें लगभग डेढ़ वर्षो से उनके मकान की अंतिम किस्त कटंगी नगर परिषद द्वारा नहीं डाली गई है, जबकि डेढ़ वर्षो से मकान आधा बना हुआ है और वह आज तीसरी किस्त आने का लगभग डेढ़ वर्षो से




इंतजार कर रहे हैं, इसलिए उन्होंने जिला प्रशासन से यह मांग की है की बरसात के पहले यदि उनकी किस्त डाल दी जाती है, तो वह अपना कार्य पूर्ण कर लेते , ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें आज के डेढ़ वर्ष पहले दो किस्त मिल चुकी थी , जिसे उन्होंने अपने मकान का काम करवाया है , किंतु आज भी लगभग डेढ़ सौ लोग ऐसे हैं, जो कि अपनी तीसरी किस्त आने का इंतजार कर रहे हैं और जब भी वह नगर पालिका कटंगी में जाते हैं, तो उन्हें पैसा नहीं आया है कह कर वापस भेज दिया जाता है, जबकि उन्हें इन दिनों पैसे की अत्यंत ही आवश्यकता है, इसलिए वह जिला प्रशासन से आवेदन निवेदन कर यह मांग कर रहे हैं, कि उन्हें जितने जल्दी हो सके उनकी किस्त को उनके खातों में डाल दिया जाए ,वहीं कटंगी वार्ड नंबर 11 के रहने वाले मोहम्मद शकील शेख बताते हैं कि उन्हें दो किस्त तो नगर पालिका कटंगी द्वारा दे दी गई है, किंतु अभी अंतिम किस्त आने को है और आज लगभग डेढ़ वर्ष हो गए है उन्हें अंतिम किस्त का डेढ़ वर्षो से इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि देखा जाए तो अभी तक तीसरी किस्त मिल जाना था, किंतु उन्हें अभी तक तीसरी किस्त नहीं दिया गया है और आज उन्हें पैसों की अत्यंत ही आवश्यकता है ,इसलिए वह परेशान हो रहे हैं उन्होंने बताया कि उनके साथ में लगभग 125 लोग ऐसे हैं जिन्हें अभी भी तीसरी किस्त का इंतेजार है वही कटंगी से कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची जीरनबाई बताती है कि उन्हें दो किस्त तो नगर पालिका द्वारा दे दिया गया है , किंतु अभी और 50000 रूपये की एक किस्त मिलना बाकी है और उन्हें भी लगभग डेढ़ वर्ष हो चुका है कि वह तीसरी किस्त आने का इंतजार कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि वह नगर पालिका अनेकों बार जा चुके हैं किंतु वहां उन्हें वापस कर देते हैं और कहते हैं कि अभी पैसे नहीं आया है आप बाद में आना और वह लगातार नगर पालिका के चक्कर काट रहे हैं पर उन्हें अभी तक पैसा नहीं दिया गया है वह प्रशासन से यही मांग करते हैं कि उन्हें जल्द से जल्द उनकी तीसरी किस्त उनके खातों में डाल दी जाए।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शुष्क दिवस घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले की समस्त विधानसभाओं में शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस 17 अप्रैल की रात्रि से 19 अप्रैल मतदान समाप्ति तक जिले में शुष्क दिवस लागू रहेगा। वहीं 4 जून मतगणना के दिन भी जिले की समस्त विधानसभाओ में शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

## मनका टेकरी दरगाह का एक दिवसीय सालाना उर्स आज

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। कौमी एकता की मिसाल मनकाटेकरी दरगाह में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी 16 अप्रैल को मनाया जाने वाला एक दिवसीय सालाना उर्स आज मंगलवार 16 अप्रैल को पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक मान्यताओं के साथ मनाया जाएगा। मनका टेकरी उर्स मुबारक के मौके पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सिविल लाइन स्थित हजरत सैयद् शाह बाबा की मजार और बसस्टैंड से श्रद्धालुओं द्वारा एक शाही संदल निकाला जाएगा जो मुख्य मार्ग का ग्रस्त करता हुआ मनका टेकरी दरगाह शरीफ पहुंचेगा, जहां अकीदतमंदो द्वारा मजार शरीफ में फूल व चादर पेश कर फातेहा पढ़ी जाएगी। साथ ही दरगाह शरीफ में देश की सुख समृद्धि आपसी भाईचारे और अमनो अमान की दुआएं मांगी जाएगी।

### श्रद्धालु करते हैं मनके की खोज

वैनगंगा नदी तट पर स्थित कलंदर बाबा मेहर अली शाह दरगाह को मनका टेकरी दरगाह के नाम से जाना जाता है। श्रद्धालुओं की मान्यता के अनुसार दरगाह परिसर में मनके यानी एक खास किस्म के कीमती रत्नों की बरसात होती है। और इस दरगाह शरीफ में आने वाले लोगों की मन की मुरादे पूरी हो जाती है। इसीलिए दरगाह शरीफ का नाम मनका टेकरी रखा गया है। जहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले उर्स मुबारक पर लोगों का तांता लगा रहता है वहीं दरगाह में पहुंचने वाले लोगों को अक्सर मनका की खोज करते देखा जाता है । ऐसा माना जाता है कि जिसे मनका मिल जाता है वह खुश किस्मत होता है और उसकी मन की मुराद पूरी होती है

### उर्स आयोजन के लिए नहीं लिया जाता किसी से चंदा

कलंदर बाबा मोहर अली शाह के उर्स मुबारक की विशेषता यह है कि यह कार्यक्रम के लिए किसी से किसी प्रकार का चंदा नहीं लिया जाता बल्कि इस आस्ताने से जुड़े लोग अपने अपने स्तर पर सहयोग कर आयोजन को संपन्न कराते हैं। यह सिलसिला पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है, बताया जाता है कि कलंदर बाबा मोहर अली




शाह द्वारा किसी से कोई चंदा नही लिए जाने को कहा गया था। लिहाजा उनकी आज्ञा का परिपालन यह किया जाता है और किसी से कोई चंदा नहीं लिया जाता।

### कौमी एकता का दिखता है मंजर

मनका टेकरी स्थित दरगाह शरीफ उन आस्तानो में शुमार है जहां कौमी एकता का मंजर आप देख सकते हैं, यहां किसी के भी आने जाने में कोई मनाही नहीं है ।सभी धर्म और मजहब के लोग यहां आते हैं और शीश झुकाते हैं फिर चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान। सामाजिक सद्भाव का नजारा यहां देखने को मिलता है ।यही कारण है कि बड़ी तादाद में लोग इस आस्ताने से जुड़े हुए हैं और खिदमत को अंजाम देते हैं।

### उर्स में विभिन्न राज्यों के लोग होते हैं

शामिल आपको बताए कि इस दरगाह शरीफ में उर्स मुबारक के खास मौके पर केवल स्थानीय ही नहीं बल्कि अन्य जिलों व राज्यों के विभिन्न समुदाय के लोग शामिल होते हैं। इस वर्ष भी मप्र., महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु इस सालाना उर्स में शामिल होंगे ।वही दरगाह शरीफ में उर्स मुबारक के मौके पर रात में कव्वाली व लंगर ए आम का इंतजाम किया जाएगा।

## मवेशियों को महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाने ले जा रहे दो गो-तस्कर गिरफ्तार

### 10 मवेशी को गो-तस्करों से किए गए मुक्त

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) ।जिले में गोवंश की तस्करी के चलते तिरोड़ी पुलिस ने महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाना पहुंच जा रहे 10 मवेशी को दो, गौ तस्कर से मुक्त कर दोनों गों-तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों गो तस्कर दिन में संजय पिता जय सिंह कोवाचे 28 वर्ष और राजू पिता हीरालाल राहंगडाले 33 वर्ष ग्राम टेकाड़ी थाना रामपायली निवासी है। जिन्हें जेल भिजवा दिया गया है। 10 मवेशियों की कीमत 1 लाख 40हजार रुपए बताई गई है। तिरोड़ी पुलिस के मुताबिक 14 अप्रैल को सूचना मिली कि दो व्यक्ति जैतपुर खापा के जंगल रास्ते से मवेशियों को क्रूरता पूर्वक मारते पिटते हुए महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाना लेकर जा रहे हैं। मुखबिर की इस सूचना पर सहायक उपरीक्षक उमेश दियेवार ने थाना प्रभारी गहलोत सेमलिया के मार्गदर्शन में अपने स्टाफ के साथ जैतपुर खापा जंगल रास्ते में घेराबंदी कर मवेशियों को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते ले जा रहे दो व्यक्ति को पकड़े। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम संजय कोवाचे और राजू राहंगडाले ग्राम टेकाड़ी थाना रामपायली निवासी बताये। जिनके पास 10 मवेशी बैल पाए गए। पूछताछ में इन दोनों ने इन मवेशियों को महाराष्ट्र राज्य के कत्ल खाना ले जाने के संबंध में बताया। जिनके पास से लकड़ी के दो डंडे, चार नग रस्सी जप्त की गई संजय कोवाचे और राजू राहंगडाले के विरुद्ध धारा 469 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम और धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को इस अपराध में गिरफ्तार किया गया और उन्हें कटंगी की अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनो को न्यायिक अभिरक्षा में वारासिवनी उप जेल भिजवा दिया गया है। गों-तस्करों से मुक्त किए गए 10 मवेशियों की कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए बताई गई है।

## मतदाता जागरूकता के लिए बुंदेलखंडी व गोंडी भाषा गायन कर मतदान का दिया संदेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशन में मतदाता जागरुकता अभियान अन्तर्गत गतिविधिया निरंतर क्रियान्वित है। इसी कड़ी में सीइओ लांजी श्री कुरैशी के मार्गदर्शन में महाविद्यालय लांजी में सायकिल रैली,मतदाता बुंदेलखंडी तथा गोंडी भाषा में गायन, निर्वाचन साक्षरता क्लब एंबेसडर व सदस्यों, रासेयो इकाई स्वयं सेवको द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए सेल्फी प्वाइंट पर फोटो एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। रैली विद्यालय प्रांगण से निकलकर जनपद पंचायत लांजी में पहुंचकर शपथ के साथ समाप्त हुई। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रदीप कौरव, प्राचार्य महाविद्यालय लांजी उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाता थीम पर ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार सुबह 7 बजे पुरातत्व संग्रहालय में किया जाना है।

**In The Court Of II Additional District and Session Judge Civil Court Waraseoni ,District Court, Balaghat**

Presiding Officer: मनोज तिवारी

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु )**

**(RCS A/0000023/2019)**

**जीवनकला ............... वादी**

**Vs**

**प्रबंधक ए.एन.मलार मिनरल्स प्रा. लि. ........... प्रतिवादी**

**Process ID- 26/2024**

**पेशी दिनांक :- 06/05/2024**

प्रेषिती-

(1)प्रबंधक ए.एन.मलार मिनरल्स प्रा. लि. पता -26-7 क्रास्ट इस्ट थिलइ नगर ट्राची 18 तमिलनाडू, हाल मुकाम हथोडा, तहसील तिरोडी, जिला बालाघाट म.प्र.।

(1) आर. राज गोपालन पिता रामास्वामी पता वार्ड नं. 2 सम्राट नगर वारासिवनी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र.।

यह कि प्रार्थी **जीवनकला** ने आपके विरूध्द नियमित व्यवहार अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर(अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दें सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 13**April** 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**( मनोज तिवारी )**

**न्यायाधीश**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश, वारासिवनी**
**जिला-बालाघाट**
**( म.प्र. )**

लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998



# आज भारती पारधी का बालाघाट नगर और लालबर्रा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी आज बालाघाट नगर और लालबर्रा क्षेत्र में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में गांव-गांव, वार्ड- वार्ड सघन जनसंपर्क करेगी। जिसके तहत भारती पारधी प्रातः 9 से 12 बजे तक बालाघाट नगर, गर्रा दोपहर 1 बजे, कोपे 1.30 बजे, पाथरी 2 बजे, लोहारा 2:30 बजे, टेकाडी अपराह्न 3 बजे, बडगांव 3:30 बजे, कामथी 4 बजे, बहियाटिकुर 4:30 बजे, बल्हारपुर 5 बजे, खुरपोडी 5:30 बजे, रमपुरी शाय 6 बजे, घटोलगांव 6:30 बजे, नेवरगांव 7 बजे, पोण्डी 7:30 बजे, धारावासी 8 बजे, कटंगटोला 8:30 बजे, पांढरवानी- दुर्गा चौक 9 बजे, पांढरवानी- मरारी मोहल्ला 9:30 बजे कर जन आशीर्वाद लेगी। इस अवसर पर आम जनमानस, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेंगी।

## वोकल फार लोकल -भारती पारधी ने कुम्हार साथी संग बनाए मिट्टी के उत्पाद

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी ने बरघाट क्षेत्र में गांव-गांव जन-जन संपर्क के दौरान पचधार, खवासा में मिट्टी के उत्पाद बनाते हुए एक माटी पुत्र, कुम्हार साथी के निज निवास जाकर उनसे भेंट की। उनके काम में हाथ बटाया। उनके कामों को बारिकी से जाना। उनके अद्भुत कलाकारी के लिए उनका अभिवादन किया। उसे समय माटी कला के कलाकार की कलाकारी देखते ही बनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना वोकल फार लोकल, एक देश एक उत्पाद को अंगीकार करते हुए भारती पारधी ने उनसे माटी के बर्तन खरीदे। साथ ही आगामी समय में उनके कला और कौशल, कारोबार में भरपूर मदद देने का आश्वासन जताया। इस अवसर पर ग्रामीण जनों ने भारती पारधी की मिलनसारिता, मृदुभाषिता, साहस, सरल व्यक्तित्व की भूरी-भूरी प्रशंसा की। जो क्षेत्र में जन चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं भारती पारधी ने एक देश, एक उत्पाद के तहत स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को अपनाने की गुजारिश की।



# किरनापुर-लांजी में कांग्रेस उम्मीदवार ने पूर्व विधायक के साथ किया चुनाव प्रचार

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र क्रमांक 15 से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सम्राट सिंह सरस्वार ने पूर्व विधायक सुश्री हीना कावरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मीरा सिंघनदुबे, जिला पंचायत सदस्य डॉली कावरे, राधेश्याम सिंघनदुबे, दशरथ भाजीपाले, देवेन्द्र बिसेन, सुखराम बिसेन, मनीष भीमटे, काशीराम, पृथ्वीराम कौर, छगन पटले, हेमंत रिनायत, राजू उइके सहित कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता व संगठन पदाधिकारी के साथ शनिवार को लांजी, किरनापुर के विभिन्न ग्रामों में जनसम्पर्क व नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनता से समर्थन देने का आव्हान किया गया। ग्राम कांद्रीखुर्द में छत्रपति शिवाजी महाराज की पूजा अर्चना एवं माल्यापर्ण कर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में कांग्रेस नेताओं द्वारा कांद्रीखुर्द, चिखलामाली, सावरी, लाडसा, उमरी, देवलगांव, सिंगोला, साडरा, बोलेगांव, मोहझरी, भानेगांव, मोहमारा, टेमनी इत्यादि ग्रामों का भ्रमण कर नुक्कड़ सभा के माध्यम से भाजपा द्वारा जनता के साथ किये गये वादा खिलाफी पर वक्ताओं ने जमकर प्रहार किया। जिस तरह से इन्होने किसानों से वादा किये थे और उसको निभाने में भाजपा के नेताओं द्वारा गुमराह किये जाने वाली बात की जा रही है उस पर भी प्रहार करने में नेताओं ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। वक्ताओं द्वारा क्रमबद्ध ढंग से भाजपा की वादाखिलाफी को ग्रामीण



जनता के बीच रखकर यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि भाजपा की कथनी व करनी में बहुत अंतर है। केन्द्र में सत्ता परिवर्तन हो रहा है इसलिये जरूरी है कि बालाघाट जिले का सांसद कांग्रेस पार्टी से हो। कांग्रेस के कार्यक्रम को भी जनता की ओर से भी सम्मानजनक प्रतिसाद मिलते हुए देखा जा रहा है।

# निर्दलीय प्रत्याशी देव ने काली पुतली चौक पर लगाई सेब की दुकान

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के मतदान 19 अप्रैल को होना है जिसको अब महज ही कुछ दिन बचे हैं, जिसको देखते हुए सभी पार्टी के प्रत्याशी व निर्दलीय प्रत्याशी अपने-अपने



स्तर पर चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं , जहां बीजेपी, कांग्रेस जैसे बड़ी पार्टी अपने दमखम के साथ चुनावी प्रचार में जुटी हुई हैं, तो वहीं कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं , वह भी इन दिनों जनता को अपने पक्ष में रिझाने के लिए चुनावी प्रचार में लगे हैं, वहीं एक निर्दलीय प्रत्याशी देव पवार द्वारा शहर के काली पुतली चौक में अनोखा चुनाव प्रचार किया गया जिसमें उन्होंने अपने चुनाव चिन्ह सेब की ही दुकान लगाते हुए आने जाने वाले लोगों को सेब दिए और भाजपा कांग्रेस को जमकर आडे हाथों लेते हुए कहा कि आज पार्टी नहीं प्रत्याशी को देखकर चुनाव में अपना मत देने की आवश्यकता है। आपको बता दे की बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे प्रत्याशी चुनावी प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। बीजेपी कांग्रेस के प्रत्याशी जहां अपनी-अपनी पार्टी के दमखम के बलबूते प्रचार में जुटे हुए है तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी देव पंवार उर्फ बनवारी सेठ अपने अनोखे तरीके से प्रचार के कार्य में जुटे हुए है। इसी कड़ी में उन्होंने बालाघाट मुख्यालय के काली पुतली चौक पर सेब की दुकान लगाकर चुनावी प्रचार किया है। यहां उन्होंने सेब बेचकर अपनी बातों को जनता के समक्ष रखा है और बीजेपी व कांग्रेस पार्टी के उपर जमकर प्रहार भी किया है। उन्होंने जनता से कहा कि ये वक्त पार्टी को नहीं बल्कि चेहरे को चुनने का वक्त है।

# आज मनाई जाएगी महाअष्टमी ,मंदिरों में होंगा हवन पूजन और महाप्रसाद वितरण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले सहित ग्रामीण अंचलों में इन दिनों चैत्र नवरात्र की धूम चल रही है तो वहीं शहर की बात करें तो शहर में भी नवरात्र को लेकर अलग-अलग समितियों द्वारा अपने स्तर पर अलग ही तैयारी की गई है, तो वहीं अब चैत्र नवरात्र कुछ दिन में खत्म भी हो जाएंगे , जिसको लेकर 15 अप्रैल को नवरात्रि की अष्टमी मनाई जाएगी , जिसके लिए अभी से ही मंदिरों में तैयारी कर ली गई है, वहीं शहर के काली पाठ मंदिर में भी अष्टमी के एक दिन पहले ही भक्तों की भीड़ नजर आई, जहां हर कोई शाम के समय माता की पूजा अर्चना करने के लिए शहर के काली पाठ मंदिर में पहुंचे तो वही बताया जा रहा है कि कल नवरात्र की महाष्टमी मनाई जाएगी , जिसमें सुबह से ही मंदिर सहित घरों में हवन पूजन और नव कन्याओं को भोजन कराया जाएगा एवं अष्टमी की महाआरती के साथ महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। आपको बता दे की इन दिनों चैत्र नवरात्रि का पर्व पुरे धूम धाम से मनाया जा रहा है और नवरात्रि



के हर दिन मां के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा पूरे विधि-विधान के साथ हो रही है। हिंदू धर्म में नवरात्रि के त्योहार का विशेष महत्व होता है। इस बार चैत्र नवरात्रि पूरे 9 दिनों तक है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि आरंभ होती हैं और नवमी तिथि पर समापन होता है। नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा की उपासना और कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि पर अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन का विधान होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि पर कन्या पूजन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। वैसे तो नवरात्रि की हर एक तिथि का विशेष महत्व होता है, लेकिन अष्टमी तिथि सबसे खास मानी जाती है। नवरात्रि के आठवें दिन महाष्टमी मनाई जाती है। यह दिन मां दुर्गा की आठवीं शक्ति मां महागौरी को समर्पित है।

## यह है अष्टमी का महत्व

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार नवरात्रि के आखिरी दो दिन खास माने जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अष्टमी के दिन ही देवी दुर्गा ने चंड-मुंड का संहार किया था। तो वहीं नवमी को माता ने महिषासुर का वध कर समस्त संसार की रक्षा की थी। इसलिए ये दो दिन खास माने जाते हैं। कहा जाता है कि नवरात्रि में यदि आप नौ दिन तक पूजा और व्रत नहीं कर पाएं हो तो अष्टमी और नवमी के दिन व्रत रखकर माता रानी की पूजा कर सकते हैं। इन दो दिनों में पूजा करने से पूरे 9 दिन की पूजा का फल मिल जाता है।

# ग्रामीण बौद्ध संघ ने एसपी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

## हीरापुर के एक व्यक्ति पर बाबा साहेब आम्बेडकर को अपमानित करने का लगाया आरोप

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर थाना भरवेली के ग्राम हीरापुर में संविधान रचिता भारत रत्न डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर को अपशब्द कहकर उन्हें अपमानित करने और विशेष जाति के लोगों के साथ गाली गुप्तार कर उनकी धार्मिक भावना आहत किए जाने का एक मामला सामने आया है। जिसमें स्थानीय ग्रामीण बौद्ध संघ ने आपत्ति जताते हुए एसपी कार्यालय में एक ज्ञापन सौपकर मामले में वैधानिक जांच कर दोषी को जिला बदल करने सहित मामले में वैधानिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वही मांग पूरी न होने पर बौद्ध संघ के बैनर तले आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है। एसपी कार्यालय में सौपे गए इस ज्ञापन के दौरान ग्रामीण बौद्ध संघ अध्यक्ष अश्विन मेश्राम, मनीष चिचखेड़े,, संतोष गेडाम, आशीष गेडाम,आदर्श उके, सिद्धार्थ मेश्राम, और आशीष डोंगरे सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### मांग पूरी नही हुई तो करेंगे बड़ा आंदोलन- अश्विन

सोमवार की शाम एसपी कार्यालय में सौंपे गए ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्रामीण बौद्ध संघ जिला अध्यक्ष अश्विन मेश्राम ने बताया कि हीरापुर वार्ड नंबर 10 में दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था । इसी बीच स्थानीय निवासी दीपक पिता बाबूलाल नगपुरे ने महार समाज के लोगों के साथ-साथ, बाबा साहेब आम्बेडकर के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर उन्हें गंदी-गंदी गालियां दी। इसपर कुछ लोगो ने उसे ऐसा करने से मना किया । जहा बाबा साहेब आम्बेडकर को गाली देने से रोकने पर उसने उन लोगों के साथ भी विवाद कर उन्हें भी गालियां दी जहां बाबा साहेब आम्बेडकर को अपशब्द कह कर अपमानित करने से हमारी धार्मिक भावना आहत हुई है । उन्होंने आगे बताया कि आरोपी गाँव मे अवैध शराब का व्यापार करता है जिससे गांव का माहौल खराब हो चुका है ।हम चाहते हैं कि बाबा साहेब आम्बेडकर का अपमान कर हमारी धार्मिक भावना आहत करने वाले व्यक्ति को जिला बदल दिया जाए, वह उसपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए । अपनी इसी मांग को लेकर हमने एसपी और आजाक्स कार्यालय में एक ज्ञापन सौपा है ।वही मामले में जांच कर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है ।यदि जल्द से जल्द आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही नहीं की जाती तो बौद्ध संघ के आव्हान पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बालाघाट के खिलाड़ियों ने झटके 4 मैडल

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है शायद यही वजह है कि युवाओं की प्रतिभा समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से निखर कर सामने आ रही है और जिले के खिलाड़ी न केवल जिले स्तर पर बल्कि राज्य राष्ट्र व अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी बालाघाट जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। इसी बीच उज्जैन के नर्मदा वाटिका में 13 और 14 अप्रैल को आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने भाग लेकर 04 मैडल अपने नाम किए हैं। तो वही इस प्रतियोगिता के दौरान मई माह में उत्तराखंड देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी का चयन भी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के आठ खिलाड़ियों एवं एक रेफरी जज ने कराते कोच प्रवीण नन्हेट के सानिध्य में उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने 4 मैडल अपने नाम करने में सफलता हासिल की है। जिसमें दो गोल्ड मेडल निधि नन्हेट सीनियर कैटेगरी कता एवं कुमीते में प्राप्त किया तो वही एक सिल्वर मेडल कैडेट कैटेगरी में यथार्थ गर्दे ने हासिल किया इसके अलावा एक सिल्वर मेडल कार्तिक तितरमारे सीनियर कैटेगरी कुमिते में हासिल किया है। साथ ही इस प्रतियोगिता में बालाघाट जिले से रेफरी जज रही खिलाड़ी भावना सोनकर का चयन उत्तराखंड देहरादून में मई माह में अयोजित राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में किया गया है ।जहा चयन होने पर खिलाड़ी आगामी समय मे अयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के



लिए खेलने जा सकेंगे। उज्जैन में आयोजित इस राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में छाया नरवास ,आरुषि जैन,आशु पटले ,जान्हवी कटरे ,वासू विश्वकर्मा सहित अन्य ने भाग लिया ।यह सभी खिलाड़ी 16 अप्रैल सुबह बालाघाट पहुंचेंगे ।इस उपलक्ष में संघ के सभी पदाधिकारी खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# 100 डायल के पायलटों को फायर बिग्रेड के अमले ने आग से बचाव का दिया प्रशिक्षण

## आग लगने के दौरान स्वयं की सुरक्षा के साथ आग पर काबू पाने के बताए तरीके




बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। जिले में आगजनी की घटना कहीं पर भी घटित होने पर सबसे पहले दमकल अमले के साथ ही 100 डायल को इसकी सूचना दी जाती है और वे ही सबसे पहले पहुंचते है ।वहीं ऐसी गंभीर परिस्थिति में आग पर काबू पाने के कार्य के दौरान दमकल अमला तो आग से सुरक्षा के लिए तैयार रहता है, लेकिन 100 डायल के पायलट सहित अन्य स्टाफ इसके लिए तैयार नहीं रहते है क्योकि उनको इससे संबंधित प्रशिक्षण नहीं दिया जाता है ।ऐसी परिस्थिति से निपटने के उद्देश्य से सोमवार को नगर पालिका के फायर बिग्रेड के अमले ने 100 डायल के पायलटों के लिए प्रशिक्षिण शिविर का आयोजन कर उन्हें प्रशिक्षत किया है।

### सुरक्षा के साथ आग पर काबू पाने के बताए तरीके

प्रशिक्षण के दौरान नगर पालिका के फायर मेन एवं प्रशिक्षणकर्ता गौतम ब्रम्हे ने सभी 100 डायल के पायलट को प्रशिक्षण दिया और इस दौरान उन्हें जानकारी दी कि किस तरह से आग लगने की स्थिति से उनको स्वयं की सुरक्षा करते हुए आग पर काबू पाना है। यहां उन्हें यह भी बताया गया कि आग लगने की स्थिति में एकाएक जल्दबाजी न करे और आग बुझाने के उपकरणों का सही तरीके से इस्तेमाल कर आग बुझाने का कार्य करें जिससे कि आग को बुझाने के साथ ही वे लोग भी सुरक्षित रहे ।इस प्रशिक्षण के दौरान 100 डायल के जिला पर्यवेक्षक विकास नागेश्वर,100 डायल में तैनात पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक पोतनलाल चौधरी, प्रधान आरक्षक राजाबाबू शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिस काउंटर से सामग्री दी जाएगी, वहीं जमा भी होगी

## मतदान केंद्र में कोई भी मतदाता मोबाइल नहीं ले जाएगा, प्रेक्षक की उपस्थिति में एआरओ और सेक्टर अधिकारियों की बैठक हुई

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभागृह में सहायक रिटर्निंग अधिकारी और सेक्टर अधिकारियों के साथ निर्वाचन प्लान और सामग्री वितरण योजना के संबंध में दो बैठके संयुक्त रूप से आयोजित की। बैठक निर्वाचन प्रेक्षक श्री शुभकरण सिंह की विशेष उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने कहा कि मतदान केंद्र में जब मॉक पोल प्रारम्भ होता है। तब पीठासीन अधिकारी और दल हबड़ाहट में रहता है। इसलिये सेक्टर अधिकारी रात में ही सभी दलों से मिलकर उन्हें कुल रहने की टिप्स दे। रात में बहुत कुछ तैयारी कर ले, साथ ही ईवीएम मशीनों के संयोजन के बारे में आवश्यक रूप से बताएं। सेक्टर अधिकारी इस बात पर भी गौर करें कि कौनसी टीम अच्छी है और उनके बीच समन्वय कैसा है साथ ही उन्होंने 18 अप्रैल को सामग्री वितरण की प्लानिंग बताते हुए कहा कि सामग्री वितरण के लिए टेबल्स लगाए जाएंगे, जो दल जिस टेबल से सामग्री प्राप्त करेगा, वापसी में उसी टेबल पर सामग्री जमा भी होगी। मतदान केंद्र में कैमरे ऐसे स्थान पर लगाये जहां से कम्पार्टमेंट के भीतर बटन दबाते हुए मतदाता नही दिखाई दे। पीठासीन डायरी के सारे प्रपत्र की जानकारी देंगे तो आगे सुविधा होगी। साथ ही पीठासीन




अधिकारियो को इस बात के बारे में आवश्यक रूप से बताए कि कोई भी मतदाता मतदान केंद्र में मोबाइल नही ले जा सकेगा। बैठक में जिपं सीईओ डीएस रणदा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर,समस्त एसडीएम व एआरओ बैहर से विवेक केवी, बालाघाट से गोपाल सोनी, वारासिवनी से आरआर पांडे, परसवाड़ा से कमल सिंहसार, लांजी से श्री कौरव, कटंगी से श्री मधुवंतराव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयोग को बुक से सहयोग ले

निर्वाचन प्रेक्षक शुभकरण सिंह ने कहा कि किसी भी दल के अधिकारी को कोई छोटा सा भी डाउट है तो आयोग की बुक पड़ें उसमें सारी समस्याओं का समाधान है। ईवीएम मशीनों के कनेक्शन के बारे में भी विस्तार से डायग्राम के साथ दिया गया है। अगर डाउट क्लीयर नही है तो मतदान से पहले ट्रेनी मशीनों से ट्रेनिंग कर सकते है।

### सामग्री मिलते ही बिना रुके मतदान केंद्रों तक पहुँचे

डीईओ डॉ. मिश्रा ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि कोई भी दल सामग्री प्राप्त करने के बाद यहां से रवाना होने के बाद बीच मे कहीं भी रुकेंगे नहीं। गर्मी के कारण ईवीएम मशीनों की बैटरी में समस्या हो सकती है। इस लिए पहले यह सुनिश्चित करें कि ईवीएम मशीन की बैटरी ठीक है। बेवजह ईवीएम मशीनों का कनेक्शन न निकाले। पहले ईवीएम मशीनों का कनेक्शन चैक करें।

## 17 अप्रैल को होगा अतिरिक्त ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी के द्वितीय सप्लीमेंट्री का रेंडमाईजेशन

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्र. 114-बरघाट एवं 115-सिवनी की अतिरिक्त ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों का 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से द्वितीय सप्लीमेंट्री रेंडमाईजेशन कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी 15-बालाघाट, कलेक्ट्रेड के प्रथम तल में स्थित वीसी कक्ष में किया जायेगा। जिसके लिये राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों को भी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया। साथ ही निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# बैंक कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगने से 2 दिन बैंक रहेंगे बंद

## कर्मचारी व अधिकारियों के प्रशिक्षण में जाने से बैंक रहा बंद, उपभोक्ताओं को हुई परेशानी, उपभोक्ताओं को बैंक में रूपये जमा, निकालने, पासबुक एंट्री करवाने सहित अन्य कार्य के लिए होना पड़ा परेशान

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग के द्वारा बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों की बड़ी संख्या में ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह लालबर्रा मुख्यालय में स्थित एसबीआई बैंक, सैंट्रल बैंक सहित अन्य बैंक के कर्मचारी-अधिकारियों को भी प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए चुनाव आयोग के द्वारा ड्यूटी लगाई गई है। जिसके कारण १८ अप्रैल एवं मतदान के दिन १९ अप्रैल को बैंक बंद रहेगें। इस तरह २ से ३ दिनों तक बैंक बंद रहने से क्षेत्रीय बैंक उपभोक्ताओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं १५ अप्रैल को एसबीआई बैंक शाखा लालबर्रा एवं सैंट्रल बैंक शाखा लालबर्रा के कर्मचारी एवं अधिकारी लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए गये थे जिसके कारण बैंक बंद रहा। वहीं उपभोक्ताओं को बैंक बंद होने की जानकारी नही होने के कारण वे रूपये जमा करने, निकालने, ई-केवाईसी, पासबुक एंट्री, खाता खुलवाने सहित अन्य बैंकिंग कार्य से सोमवार को बैंक पहुंचे थे परन्तु जब वे बैंक पहुंचे तो शटर लगा हुआ दिखाई दिया। जब उन्हे पता चला कि बैंक के कर्मचारी-अधिकारी चुनाव का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए गये है इसलिए बैंक में काम नही रहा है। बैंक का शटर बंद होने के कारण बिना बैंकिंग कार्य निपटाये बैंक के उपभोक्ताओं को बैरंग वापस होना पड़ा जिससे उन्हे परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। साथ ही बैंक के कर्मचारी-अधिकारियों की चुनाव में ड्यूटी लगने के कारण इस सप्ताह में २-३ दिनों तक बैंक बंद रहने की आशंका है और इतने दिनों तक बैंक बंद रहने से उपभोक्ताओं को रूपये जमा करने, निकालने, खाता खुलवाने सहित अन्य कार्य के लिए परेशान होना पड़ेगा। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि चुनाव आयोग को एक साथ सभी बैंक कर्मचारी-अधिकारियों की चुनाव में ड्यूटी नही लगाना चाहिए ताकि कुछ कर्मचारियों को छोड़ देना चाहिए जिनके द्वारा बैंक खोलकर बैंकिंग कार्य किया जा सके। जिससे लोगों के काम भी समय पर हो सकते है परन्तु इस बार चुनाव आयोग के द्वारा अधिकांश बैंक कर्मचारी-अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। जिसके कारण लालबर्रा एसबीआई, सैंट्रल बैंक व अन्य बैंक के कर्मचारी-अधिकारी १५ अप्रैल को प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं १८ अप्रैल को चुनाव ड्यूटी में जायेगें ऐसी स्थिति में २ से ३ दिनों तक बैंक बंद रहेगा। जिससे दुर-दराज से आने वाले बैंक उपभोक्ताओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि सभी कर्मचारियों की डयूटी न लगाकर कुछ अधिकारी-कर्मचारियों की डयूटी लगाकर शेष कर्मचारियों के माध्यम से बैंक को प्रतिदिन खोलकर सुचारू रूप से बैंक के कार्य संपादित करवाये जाये बैंक उपभोक्ताओं को रूपये जमा करने, निकालने सहित अन्य बैंकिग कार्य के लिए परेशान न होना पड़े और समय पर सभी का काम हो सके।




### बैंक बंद रहने से उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

आपकों बता दे कि बालाघाट-सिवनी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में प्रथम चरण में १९ अप्रैल को मतदान होना है जिसके लिए चुनाव आयोग के द्वारा इस बार बैंक शाखाओं के कर्मचारी एवं अधिकारियों की बड़ी संख्या में ड्यूटी लगा दी गई है। ऐसे में कई बैंक में तो काम लगभग ठप्प हो गया है और सबसे बुरी बात तो यह है कि बैंक कर्मचारी-अधिकारियों की चुनावी ड्यूटी के कारण अधिक दिनों तक बैंक बंद रहने की आशंका है। साथ ही चुनाव संपन्न करवाने के लिए बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा हैं। इसी तरह लालबर्रा मुख्यालय स्थित एसबीआई बैंक शाखा लालबर्रा, सैंट्रल बैंक लालबर्रा के कर्मचारी-अधिकारियों का भी चुनाव में डयूटी लगाई गई है जिसके लिए उन्हे प्रशिक्षण जिला मुख्यालय में दिया जा रहा है। जिनके द्वारा अन्य विभाग के कर्मचारियों के चुनावी दल के साथ १९ अप्रैल को चुनाव संपन्न करवाया जायेगा। वहीं बैंक के कर्मचारी १५ अप्रैल से बैंक का काम बंद कर प्रशिक्षण प्राप्त करने चले गये है इसलिए १५ अप्रैल को बैंक बंद रहे। जिसके कारण किसी प्रकार का कोई बैंकिग कार्य नही होने से बैंक उपभोक्ताओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### बैंक एवं एटीएम दोनों बंद रहने से हुई परेशानी - हिमालय

हिमालय टेंभरे ने बताया कि एसबीआई बैंक शाखा लालबर्रा में रूपये निकालने बैंक आया था लेकिन बैंक के सामने एक लेटर चश्मा किया गया है जिसमें लिखा है कि बैंक कर्मचारियों की चुनाव की ट्रेनिंग के चलते बैंक बंद रहेगा। लेकिन यह कब तक बंद रहेगा यह स्पष्ट नही किया गया है और एटीएम भी बंद पड़ा है और बैंक व एटीएम बंद होने के कारण दुर-दराज से बैंक में रूपये जमा, निकालने, पासबुक एंट्री करवाने आये लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री टेंभरे ने बताया कि अब हमें निजी संस्थाओं से रूपये निकालने पड़ेगें और आगामी १९ अप्रैल को लोकसभा चुनाव होना है ऐसी स्थिति में लग रहा है कि बैंक चुनाव तक बंद रहेगें जिससे स्थानीयजनों व बैंक उपभोक्ताओं को बैंक संबंधित कामों के लिए परेशान होना पड़ेगा।



### सभी कर्मचारियों की ड्यूटी नही लगना चाहिए - अफरोज

अफरोज खान ने बताया कि चुनाव में बैंक कर्मचारी एवं अधिकारियों की ड्यूटी लगने से बैंक व एटीएम बंद है जिससे सभी बैंक उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है और मुझे रूपये की जरूरत है एवं मेरे द्वारा बैंक से गोल्ड लोन भी लिया गया है उसे संबंध जानकारी लेने बैंक आया था लेकिन बैंक बंद है जिसके कारण अब वापस जाना पड़ रहा। श्री खान ने बताया कि सभी बैंक कर्मचारियों का प्रशिक्षण एक साथ नही होना चाहिए, अलग-अलग होना चाहिए ताकि बैंक चालू रहे और लोगों के बैंकिग कार्य होते रहे परन्तु सभी बैंक के कर्मचारियों की एक साथ प्रशिक्षण होने के कारण बैंक बंद कर कर्मचारी प्रशिक्षण लेने गये है। जिससे बैंक की पूरी सेवाएं बंद हो चुकी है । साथ ही यह भी बताया कि वर्तमान में वैवाहिक कार्यक्रमों का दौर जारी है, लोगों को रूपयों की आवश्यकता है। इस तरह से चुनाव तक बैंक बंद रहेगें तो लोगों को साहूकारों से उधार में रूपये लेना पड़ सकता है इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि सभी बैंक कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में न लगाये ताकि शेष कर्मचारी बैंक खोलकर काम कर सके।



# तेज आंधी-तूफान एवं बादल गर्जना के साथ हुई झमाझम बारिश

## मौसम परिवर्तन एवं बे-मौसम बारिश होने से रबी धान की फसल को लेकर किसान चिंतित

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में गत दिवस से बे-मौसम बारिश का दौर लगातार जारी है। सुबह के समय तेज धुप लगने के साथ ही गर्मी का एहसास होने लगता है। जिसके बाद अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही गरज-चमक के साथ बारिश होने का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है। रविवार की रात ८ बजे तेज बादल गर्जना के साथ करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई थी। वहीं दूसरे दिन सोमवार को भी दोपहर के बाद तेज आंधी-तूफान व बादल गर्जना के साथ करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई और निरंतर रिमझिम बारिश का दौर देरशाम तक जारी रहा। मौसम परिवर्तन व लगातार बारिश होने से आमजन जीवन भी प्रभावित हुआ है। वहीं यह बारिश वैवाहिक कार्यक्रम में भी खलल डाल रहा है और इस बे-मौसम बारिश से सभी परेशान है। साथ ही लगातार बे-मौसम बारिश व तेज आंधी-तूफान चलने के कारण रबी धान की फसल को लेकर किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है क्योंकि वर्तमान समय में जिन किसानों की धान की फसल पक चुकी है उसकी वे कटाई नही कर पा रहे है एवं जो धान गर्भ में है व जिनकी धान की बाली निकलने लगी है उसमें इस मौसम का विपरित प्रभाव पड़ने के साथ ही तेज आंधी-तूफान चलने से धान के फुल व बाली झड़ने लगी है साथ ही बीमारी भी लग रही है। जिससे किसान परेशान है और यह बारिश इसी तरह होते रही एवं ओलावृष्टि होती है तो किसानों को काफी नुकसान हो सकता है उनकी धान की फसल खराब हो जायेगी। जिसको लेकर किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है और उन्हे आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आगामी १७ अप्रैल तक इसी तरह का मौसम बने रहने की बात कही जा रही है या मानकर चले कि क्षेत्र में इसी तरह की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही जिन किसानों की गेंहू फसल की कटाई नही हुई है वे भी मौसम परिवर्तन होने से खासा परेशान है और अपनी फसल को सुरक्षित करने में जुटे है। आपकों बता दे कि अप्रैल माह में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान होते नजर आते थे और ग्रीष्म ॠतु में तेज धुप लगती थी, लोग हलाकान होते नजर आते थे परन्तु इस वर्ष अप्रैल माह का एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी गर्मी का एहसास नही हो रहा है एवं बार-बार मौसम परिवर्तन होने के साथ ही बे-मौसम बारिश भी हो रही है। जिससे ऐसा लग रहा है कि गर्मी के दिनों में बरसात शुरू हो चुकी है। जबकि एक सप्ताह पूर्व मौसम साफ रहने के साथ ही तेज धुप से लोग परेशान होते नजर आ रहे थे जिससे अनुमान लगाया जा रहा था कि इस वर्ष गर्मी अपने शबाब पर रहेगी और लोग परेशान होगें परन्तु बार-बार मौसम परिवर्तन होने व बारिश होने से मौसम में ठंडकता घुल चुकी है और शाम के बाद हल्की ठंड का एहसास भी हो रहा है। बे-मौसम बारिश से सबसे अधिक परेशान वे किसान है जिन किसानों ने रबी सीजन में धान की फसल लगाये है उनकी फसल पर इस मौसम का विपरित प्रभाव पड़ रहा है जिससे किसान परेशान है।





# विसर्जन घाट बना शराबियों का अड्डा, श्रध्दालुओं में आक्रोश व्याप्त

## मूर्ति व जवारे विसर्जन के लिये बने विसर्जन घाट में असामाजिक तत्व फैला रहे गंदगी





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के अंतर्गत आने वाले बड़े तालाब में पंचायत के द्वारा मनरेगा योजना से तालाब का गहरीकरण व गार्डन का निर्माण किया गया है और इस बड़े तालाब में हिन्दु धर्म के धर्मलंबी धार्मिक पर्व शारदेय नवरात्र, चैत्र नवरात्र पर्व पर कलश, जवारे विसर्जन, भुजली पर्व पर भुजलियां व कृष्णाष्टमी सहित अन्य पर्व पर मूर्ति एवं पूजा सामग्री विसर्जन किये जाते थे। लेकिन तालाब में विसर्जन घाट नही होने के कारण नगर के श्रध्दालुजनों को परेशानियों का सामना करना पडता था एवं किसी भी स्थान पर विसर्जित कर देते थे और लंबे समय से पंचायत से विसर्जन घाट का निर्माण करवाने की मांग श्रध्दालुओं के द्वारा ग्राम पंचायत पांढरवानी से की जा रही थी। जिसके बाद विगत वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत पांढरवानी ला. के द्वारा बड़े तालाब में मूर्ति विसर्जन, जवारे विसर्जन व अन्य पूजा अर्चना की सामग्रियों की विसर्जन के लिए विसर्जन घाट का निर्माण किया गया। जहां पर प्रतिवर्ष स्थानीयजनों के द्वारा श्री कृष्णा, गणेशोत्सव, नवरात्र पर्व के अवसर पर मूर्ति विसर्जन के साथ ही अन्य साम्रग्रियों को विसर्जित किया जाता है परन्तु वर्तमान समय में यह विसर्जन घाट शराबियों का अड्डा बन चुका है और असामाजिक तत्वों के द्वारा विसर्जन घाट में शराब पीकर गंदगी फैलाई जा रही है। साथ ही शराब के बॉटल को फोड़ दिया जा रहा है जिसके कारण विसर्जन घाट व सीमेन्ट से बनी सीढ़ियों में कांच के टुकड़े व शराब की बॉटल पड़े होने के कारण पुजा सामग्री विसर्जन करने पहुंच रहे श्रध्दालुओं को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दो दिन बाद चैत्र नवराव पर्व के समाप्त होने पर मंदिर एवं घरों में कलश व जवारे बोये गये श्रध्दालुओं के द्वारा कलश व जवारों को विसर्जित करने विसर्जन घाट पहुंचेगें। जिनके पैर में कांच गढ़ने से वे चोटिल भी हो सकते है। साथ ही शराब की बॉटल व गंदगी होने से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा इसलिए जागरूक नागरिकों व श्रध्दालुओं ने पुलिस प्रशासन से विसर्जन घाट में रात्रि गश्त कर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने एवं पंचायत से विसर्जन घाट की साफ-सफाई कर प्रकाश की व्यवस्था एवं जाली लगाने की मांग की है।

### विसर्जन घाट में शराब के बॉटल व नियमित सफाई नही होने से फैल रही गंदगी

आपकों बता दे कि नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी के बड़े तालाब में मूर्ति एवं पुजा सामग्री विसर्जन करने के लिए पंचायत के द्वारा विगत वर्ष पूर्व सीमेन्ट का विसर्जन घाट बनाया गया है। जहां लालबर्रा नगर के हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा नवरात्र सहित अन्य पर्व पर पूजा अर्चना करने के बाद मूर्ति, कलश, जवारे व अन्य पूजा सामग्री को विसर्जित किया जाता है परन्तु इस विसर्जन घाट में असामाजिक तत्वों के द्वारा रात्रि के समय इस विसर्जन घाट को अपने शराब पीने के लिए सुरक्षित स्थान मानकर शराब पीकर गंदगी की जा रही है। जिसके कारण जहां-तहां शराब के बांटल व कांच के टुकड़े पड़े हुए है एवं गंदगी का आलम है। इस तरह से यह विसर्जन घाट एक तरह से असामाजिक तत्वों व शराबियों का अड्डा बन चुका है और असामाजिक तत्व (शराबियों) के द्वारा नशा अधिक होने के बाद कांच के बॉटल को फोड़ देते है जिससे इस चैत्र नवरात्र पर्व पर जवारे व कलश विसर्जन करने आने वाले श्रध्दालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं जागरूक नागरिकों का कहना है कि विसर्जन घाट में अंधेरा रहने एवं पुलिस की गश्त नही होने के कारण असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब पीकर गंदगी की जा रही है और उन्होने इस विजर्सन घाट को अपना गड्डा बना लिये है। जिससे ग्रामीणजनों व श्रध्दालुओं में आक्रोश व्याप्त है इसलिए पुलिस प्रशासन से मांग है कि पांढरवानी रोड़ गार्डन के समीप स्थित विसर्जन घाट की ओर रात्रि के समय पुलिस गश्त कर असामाजिक तत्वों को पकड़कर सख्त कार्यवाही करें एवं पंचायत के द्वारा विसर्जन घाट की साफ-सफाई कर प्रकाश की व्यवस्था की जाये ताकि श्रध्दालुओं को विसर्जन घाट में मूर्ति, पूजा की सामग्री विसर्जन करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### विसर्जन घाट में शराब पीने वालों पर पुलिस करें कार्यवाही - मुकेश

मुकेश शर्मा ने बताया कि लालबर्रा गार्डन के समीप बड़े तालाब में बने विसर्जन घाट में रात्रि के समय असामाजिक तत्वों के द्वारा शराब पीकर गंदगी की जा रही है एवं कांच के बॉटल को फोड़ दिये जाते है जिसके टुकड़े जहां-तहां पड़े हुए है और दो दिन बाद नवरात्र पर्व नवमीं के दिन जवारे व कलश विसर्जन करने के लिए श्रध्दालुजन विसर्जन घाट आयेगें तो उन्हे परेशानियों का सामना करना पड़ेगा एवं उनके पैर में कांच गढ़ सकता है जिससे वे चोटिल भी हो सकते है। श्री शर्मा ने बताया कि विसर्जन घाट सहित तालाब के अन्य स्थानों पर असामाजिक तत्वों के द्वारा गंदगी की जा रही है इसलिए पंचायत से मांग है कि विसर्जन घाट की साफ-सफाई की जाये और पुलिस गश्त कर जो विसर्जन घाट में शराब पीते है उन्हे पकड़कर कार्यवाही करें।



### विसर्जन घाट की जल्द की जायेगी साफ-सफाई - अनीस

दूरभाष पर चर्चा में ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि पांढरवानी के बड़े तालाब, गार्डन के समीप मूर्ति व पूजा सामग्री विसर्जित करने के लिए विसर्जन घाट का निर्माण किया गया है परन्तु असामाजिक तत्वों के द्वारा रात्रि के समय शराब पीकर गंदगी की जा रही है। साथ ही यह भी बताया कि १७ अप्रैल को चैत्र नवरात्र पर्व संपन्न होने के बाद नगरवासी कलश, जवारे व अन्य पुजा सामग्री विसर्जन करने विसर्जन घाट पहुंचेगें इसलिए जल्द ही विसर्जन घाट की साफ-सफाई करवा दी जायेगी और पुलिस प्रशासन से मांग है कि रात्रि के समय विजर्सन घाट की ओर गश्त कर असामाजिक तत्वों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें।



# जब तक संविधान जिंदा है तब तक डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जिन्दा रहेगें - चरणदास

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १० किमी. दूर ग्राम पंचायत जाम में दि-बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के द्वारा १४ अप्रैल को भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के निर्माता बोधिसत्व डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की १३३ वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। यह जयंती कार्यक्रम दि-बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष चरणदास ढेंगरे के मुख्य आतिथ्य, आयुष्मति श्रीमती रक्खी नगपुरे उपसरपंच जाम अध्यक्षता एवं दि बुद्धिस्ट सोसायटी के प्रदेश सचिव राजकुमार कामडे, जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे, जिला उपाध्यक्ष खुशीयाल मेश्राम, हाजी शोहेब खान संयोजक राष्ट्रीय मुस्लिम बहुजन एकता मंच बालाघाट, दुलीचंद नगपुरे, पूर्व जनपद सदस्य, राजीव लिल्हारे नेहरू युवा मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ पंच देवराज ठकरेले, छोटे ठकरेले, सत्यनारायण श्रीवास, सुरेश साकुरे, साक्ष्य बाहेश्वर, जितेन्द्र तरवरे, नरेन्द्र तरवरे, जाहिद खान जनपद सदस्य विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात केक काटकर बाबा साहेब की जयंती मनाई गई। जिसके बाद सभी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. बाबा साहेब के नारों के साथ रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने डॉ. बाबा साहब एवं राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष पर अपने विचार रखकर उनके बताये मार्ग पर चलने की बात कही। दि-बुध्दिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष चरणदास ढेंगरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से भारत के सभी वर्ग के लोगो के जीवन की प्रगति के लिये कार्य किये है इसलिए उन्हे आधुनिक भारत का निर्माता कहते है और बाबा साहब कहते थे यह जो भारत का संविधान जो मैने बनाकर दिया हूँ, इसमें सभी भारतीयों के जीवन के प्रगति के रास्ते है। इसे मरने मत देना क्योंकि जब तक संविधान जिंदा है तब तक मैं भी जिंदा हूँ यानि जब तक संविधान जिंदा है तब तक डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जिन्दा रहेगें इसलिये हम सभी की ड्युटी है कि मरते दम तक संविधान की रक्षा करें। इस अवसर पर विनोद भिमटे, दिलीप मेश्राम, विवेक भिमटे, जितेन्द्र डोंगरे, प्रमोद भिमटे, अजय मेश्राम, परमेश्वर गजभिये, अशोक भिमटे, कु. नयन मेश्राम, रीनू भिमटे, सुनिता, रानु मेश्राम सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



कंजई में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

# भाजपा केवल झूठ की मशीन आज हर वर्ग परेशान है-विवेक पटेल

## कोचवाही बाजार में कांग्रेस पार्टी की आमसभा सम्पन्न






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव अपने अंतिम दौर में चल रहे हैं जिसमें पहले चरण का मतदान १९ अप्रैल को होना है। जिसके लिए वारासिवनी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र क्रमांक १५ के कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार के समर्थन में चुनावी प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान १५ अप्रैल को वारासिवनी खैरलांजी के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कोचेवाही बाजार के अवसर पर बाजार चौक में आम सभा का आयोजन किया गया। यह आमसभा विधायक विवेक विक्की पटेल ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोजेश पटले ,श्रीमती रचना लिल्हारे ,जुगल शर्मा, राजकुमार चौधरी, जावेद अली सहित अन्य कांग्रेस जनों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा जमकर भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार को आडे हाथ लेते हुए उनकी कथनी और करनी के नाम पर किस प्रकार जनता से झूठ बोलकर उनका मत प्राप्त किया गया है ।और किस प्रकार के वादे करने के बाद आज तक उन पर अमल नहीं किया गया यह सब विषय को लेकर जमकर बोला गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी हमारा परिवार हो और हम लगातार आपके बीच आते रहे हैं फिर चाहे विधायक हम रहे हो या नहीं परंतु आपका और हमारा रिश्ता सदैव बना रहा है।अभी लोकसभा चुनाव है ऐसे में बीजेपी वाले आपके घर घर तक पहुंच रहे हैं कि हमारा प्रत्याशी वह व्यक्ति है यहां जितने भी लोग हैं वह ईमानदारी से बताना कि आज तक आपने इसके पहले के सांसद को देखा है । यदि देखा हो तो हाथ उठाकर बताओं आप लोग ने उन्हें कभी नहीं देखा। यह सिद्ध होता है कि अपने हाथ नहीं उठाया जो हमारे लिए दुर्भाग्य का विषय है कि हमारी जनता केवल एक वोट बनकर रह गई है।जिस सांसद को आप बनाते हैं उसे देखा तक नहीं पूरा ५ वर्ष बीत गया । परंतु हम अपने कांग्रेस के प्रत्याशी के लिए आपका समर्थन मांगने आए हैं और विश्वास दिलाते हैं अपने देखेंगे भी और अपने काम भी करवाएंगे।आपने देखा होगा कि हमारा प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में हारता है तो हम हर बार प्रत्याशी बदलते हैं और हर बार बीजेपी का प्रत्याशी जीता है । उसके बावजूद एक कार्यकाल के बाद उसे बदल दिया जाता है क्योंकि उन्हें पता है यह चेहरा नहीं चलेगा ।जनता नकार देगी क्योंकि पूरे ५ साल वह जीतने के बाद दिल्ली और भोपाल में रहता है। हमारे यहां दिखता तक नहीं हमें ऐसा व्यक्ति नहीं चाहिए आपको सोचना चाहिए कि हमें कैसा व्यक्ति चाहिए । कैसा नेता चाहिए जो आपके बीच रह सके आपके दुख सुख में काम आ सके उसे ना चुने जो दोबारा कभी ना आयें। श्री पटेल ने बताया कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव ३ महीने पहले हुए भाजपा के द्वारा मंचो से बड़ी बड़ी बातें कही गई की हमारी सरकार बनेगी तो धान ३१००, गेहूं २७०० रुपए प्रति क्विंटल में खरीदा जाएगा । कोई किसान जो बताया कि उसकी धान का ३१००, गेहूं का २७०० रुपए प्रति क्विंटल मिला होगा किसी को नहीं मिला क्योंकि इन्होंने मंच से झूठ कहा था। जब यह आते हैं तो इनसे पूछो ४५० रुपए में गैस ३००० रुपये महीना लाडली बहना को कब मिलेगा। क्या हुआ बिजली सस्ती कब होगी पेट्रोल सस्ता कब होगा। यह आज से नहीं २०१४ से झूठ बोल रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्या वादे किए थे आप सभी को याद है पर आज तक किसी एक वादे पर भी काम नहीं हो पाया कुछ नहीं हुआ केवल झूठे वादे नए ढंग से कर दिए गए। आपको समझना होगा कि भाजपा केवल झूठ के अलावा कुछ नहीं बोलता और आप देख ले आज तक कुछ नहीं हुआ जो भी कहा कोई काम नहीं हुआ। आपसे अपील है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जिले के दानवीर राणा हनुमान सिंह के परिवार के सदस्य सम्राट सिंह सरस्वार को प्रत्याशी बनाया है आप उनके समर्थन में अपना मतदान करें। यदि हमारी सरकार केंद्र में बनती है जो भी घोषणा पत्र में हमारे नेतृत्व के द्वारा कहा गया है वह सब लागू करने और उसका लाभ दिलाने का आपके प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# झाड़गॉव से गर्रा पहुँच मार्ग पर बारिश की वजह से हुआ कीचड़

## ग्रामीण कर रहे पक्के मार्ग का निर्माण करने की मांग

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज) ।ग्राम पंचायत झाड़गॉव से लेकर गर्रा पंचायत पहुॅच मार्ग बीते कुछ दिनो से हो रही बारिश से काफी जर्जर अवस्था में आ गया है। यह मार्ग कच्चा है जिसकी वजह से इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को बारिश के दौरान कीचड़ से भरे मार्ग से आवागमन कर गर्रा, डोके, रामपायली मार्ग का सफर तय करना पड़ रहा है ।झाड़गॉव वासियों का साफ तौर पर कहना है कि मार्ग का पक्का निर्माण होना चाहिये ताकि उन्हे आवागमन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।





### मार्ग का होना चाहिये पक्का निर्माण – विपिन बिसेन

पद्मेश को जानकारी देते हुये विपिन लाल बिसेन ने बताया कि वे झाड़गॉव निवासी है। किसी न किसी कार्य से उन्हे गर्रा, डोके, रामपायली जाना पड़ता है। मगर जब जब पानी गिरता है तो झाड़गॉव से लेकर गर्रा की ब्राम्हण टोली का मार्ग जो कच्चा है इससे यात्रा करने में काफी कठिनाई होती है। इस बारे में झाड़गॉव सरपंच व गर्रा सरपंच को कई बार मौखिक रूप से बताया गया है कि इस मार्ग का पक्का निर्माण किया जाये।मगर ऐसा नही हो पा रहा है।


### मार्ग पर फिसल के गिर रहे लोग – दशरथ दमाहे

इसी तरह ग्रामीण दशरथ दमाहे ने पद्मेश को बताया कि हम लोगों ने इस कच्चे मार्ग के बारे में कई बार अपने ग्राम सरपंच झाड़गॉव को गर्रा मार्ग को हमारे ग्राम से जोड़ने वाले मार्ग के बारे मे बताया है। मगर दोनो ही पंचायत के जनप्रतिनिधियो द्वारा ऐसा कोई कार्य नही किया गया है। बीते दिवस १४ अप्रैल को हुई बारिश की वजह से मार्ग पर कई जगह गड्डे गहरे हो गये है वही उन पर पानी भर गया है साथ ही मार्ग पूरा कीचड़ में तब्दील हो गया है। जिससे आवागमन में बाधा होने के साथ ही लोग फिसल के गिर रहे है। जब इस मामले में झाड़गॉव सरपंच प्रतिनिधि पवन चिखले से दूरभाष पर चर्चा करनी चाही गई तो उनसे संपर्क स्थापित नही हो पाया।

# आज मनाई जायेगी माता रानी पर्व की अष्टमी

## हवन पूजन के बाद होगा कन्या भोज

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत नेवरगॉव वा. स्थित शीतला माता मंदिर में भक्तिभाव के साथ चैत्र नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान ग्राम नेवरगॉव में २४ मनोकामना ज्योतिकलश जगमगा रहे है वही १ कलश मंदिर समिति की ओर से रखा गया है। ऐसे कुल २५



कलश मंदिर में जगमगा रहे है। इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये मंदिर के पुजारी यादोराव जमरे ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व पूरे विधि विधान से आस्था के साथ मनाया जा रहा है। यह शीतला माता मंदिर है जहां सप्तमी के दिन भजन कीर्तन का आयोजन होगा वही अष्टमी के दिन हवन पूजन के बाद माता रानी को भोग लगाया जायेगा साथ ही नवमी के दिन विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी जो ग्राम भ्रमण करते हुये ग्राम के के तालाब में पहुॅचेगी जहा कलश विसर्जन किया जायेगा वही उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

# सीमेंट शीट गिरने से धर्मेंद्र घायल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खमरिया में १५ अप्रैल को हवा तूफान के दौरान सीमेंट शीट गिर जाने से धर्मेंद्र बमोरिया घायल हो गया जिसका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पिता शिवराम बमोरिया उम्र २८ वर्ष इटारसी निवासी है जो राइस मिल निर्माण का कार्य करते हैं। वह लालबर्रा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया में काम करने के लिए आए हुए थे। जो राइस मिल निर्माता के दौरान रुकने के लिये दिए गए कमरे में १५ अप्रैल की दोपहर में थे। तभी अचानक तेज आंधी तूफान चलने लगा जिससे वह डर गए और घर ना गिर जाए यह सोचकर घर से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर जाने का प्रयास कर रहे थे। तभी उनके मकान के ऊपर लगी सीमेंट शीट उखड़कर तेज आंधी तूफान के कारण उनके ऊपर आकर गिर गई जिससे वह घायल हो गए। जिन्हें मलिक के द्वारा तत्काल शासकीय सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया जहां उसका उपचार जारी है।

# हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा चैत्र नवरात्र पर्व

## नवमी पर जवारा विसर्जन के साथ होगा समापन





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर सहित क्षेत्र में चैत्र नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान ९ अप्रैल को मंदिर सहित घरों में मां भगवती जगत जननी की ज्योत जलाकर जवारे बोकर चैत्र नवरात्र पर्व का प्रारंभ किया गया था। जिसके बाद से लगातार प्रतिदिन मां भगवती के विभिन्न रूपों की आराधना की जा रही है। यह पर्व १७ अप्रैल को जवारा विसर्जन कर समापन किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक दिन माता के नौ रूपों की विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है जिनके द्वारा १६ अप्रैल को अष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ हवन पूजन कर मनाया जाएगा वहीं विशेष आरती भी की जायेगी। चैत्र नवरात्र के प्रारंभ से ही क्षेत्र में लोग मां भगवती की आराधना में लीन नजर आ रहे हैं जो सुबह मंदिरों में पहुंचकर मां भगवती का आशीर्वाद ग्रहण कर शाम को भी आरती में उपस्थित होकर आशीर्वाद ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान सभी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई है जहां भक्ति भाव के साथ पर्व मनाया जा रहा है।

### शीतला माता मंदिर में १४४ ज्योति कलश प्रज्वलित

नगर की ग्राम देवी के रूप में प्रसिद्ध माता शीतला के माता मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान शीतला माता मंदिर में १४४ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर प्रतिदिन मां भगवती की आराधना की जा रही है । जहाँ प्रतिदिन भजन कीर्तन भी आयोजित किया जा रहे हैं। शीतला माता मंदिर में ९ अप्रैल को मां भगवती का विधि विधान से पूजा अर्चना करने के उपरांत रात्रि ८ बजे तेल के १३९ और घी के ५ इस प्रकार १४४ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर महाआरती की गई। इसके बाद पंचमी तिथि पर विशेष पूजा अर्चना की गई थी अब अष्टमी तिथि पर यानी १६ अप्रैल को हवन पूजन कर १७ अप्रैल को मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन धूमधाम से कर पर्व का समापन किया जाएगा। जिसमें नगर सहित क्षेत्र से आधिकारिक संख्या में लोगों से उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील शीतला माता मंदिर समिति ने की है।

### माँ काली पाठ में २६२ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित

नगर के बालाघाट रोड़ स्थित माँ महाकाली के मंदिर काली पाठ में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी उत्साह के साथ चैत्र नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। जहां पर ९ अप्रैल को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां भगवती की विशेष पूजा अर्चना करने के उपरांत २६२ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर मां भगवती की आराधना की जा रही है। पद्मेश से चर्चा में पुजारी दीनदयाल मिश्रा ने बताया कि ९ अप्रैल से चैत्र नवरात्र पर्व प्रारंभ हुआ है जिसमें सुबह ११ बजे पाठ पूजा करने के बाद दोपहर ४ बजे से रात्रि ९ तक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराये गये। इसके बाद महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर में २३० तेल के ३२ घी के इस प्रकार २६२ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं । इसके बाद प्रतिदिन मां भगवती के अलग अलग स्वरूपों की आराधना विधि विधान से कर भक्ति भाव के साथ चैत्र नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। जहां शाम में भक्तों के द्वारा जस या भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन हो रहा है। इस दौरान १६ अप्रैल की दोपहर ४ बजे से हवन पूजन कार्यक्रम कर नौ कन्या भोज करवाया जाएगा और १७ अप्रैल को जवारा विसर्जन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर से क्षेत्र वासियों से अपील है कि वह आधिकारिक संख्या में उपस्थित होकर मां भगवती का आशीर्वाद ग्रहण करें।

### दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व का दिख रहा उत्साह

नगर के सब्जी बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खास प्रसिद्ध मंदिर है । जहां से बड़ी संख्या में लोग जुड़े हुए हैं जो प्रतिदिन मंदिर में मां भगवती की आराधना करने के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान देखने में आ रहा है कि सुबह तो कम शाम की आरती में लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ लग रही है और वह मां भगवती का आशीर्वाद ग्रहण कर दुर्गा चालीसा का पाठ कर रहे हैं। जहाँ यह देखना काफ ी आकर्षक रहता है की रात्रि की आरती के दौरान मंदिर परिसर में पैर रखने की जगह नहीं होती है और भक्तों की कतार मंदिर के बाहर तक लगी होती है जहां पर उत्सव की तरह नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है। दुर्गा माता मंदिर में १७ अप्रैल को हवन पूजन और जवारे विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का समापन किया जायेगा।

### सुबह से लग रही भक्तों की भीड़

नगर के शीतला माता मंदिर और माँ काली पाठ मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ लग रही है। इस दौरान देखने में आ रहा है कि शीतला माता मंदिर में सुबह ५ बजे से भक्तों माता शीतला को जल अर्पण करने के लिए पहुंच रहे हैं ।जो दोपहर ३ बजे तक भक्तों का मंदिर में आना लगा हुआ है। वहीं काली पाठ में भी सुबह से मां भगवती के दर्शन के लिए लोग पहुंच रहे हैं जो देर रात तक पहुंच रहे हैं। इस दौरान दोनों मंदिरों में सुबह शाम ८.३० बजे माता की पूजा अर्चना कर आरती की जा रही है । वहीं दिनभर भक्ति माता के आशीर्वाद ग्रहण करने के लिए पहुंच रहे हैं।

### दूर दूर से पहुंचे मनोकामना ज्योति कलश

नगर के शीतला माता मंदिर एवं काली पाठ मंदिर में चैत्र नवरात्र हो या शारदेय नवरात्र पर वहां लोगों के द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश रखे जाते हैं।ऐसे में देखने में आता है कि वारासिवनी के वह लोग जो विदेश में या किसी दूसरे प्रदेश में रहने के लिए चले गए हैं वह भी प्रतिवर्ष उक्त मंदिरों में अपने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करवाते हैं। वहीं बालाघाट सहित आसपास के जिलों के भी लोग अपने मनोकामना ज्योति कलश उक्त मंदिरों में रखते हैं और इस दौरान मां भगवती के दर्शन के लिए भी आते हैं।

# ईश्वर की कृपा पाने के लिये धैर्य रखना पड़ता है- प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कायदी में श्रीमद भागवत महापुराण व श्रीराम कथा का आयोजन किया गया था ।जिसके समापन पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल मौजूद रहे। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने व्यास पीठ सहित कथावाचक



राधिकाशरण महाराज व्रदांवन व कथावाचिका साध्वी राधिकाकिशोरी बरसाना उत्तरप्रदेश को नमन करते हुये कहा की हम सभी सौभाग्यशाली है कि धर्म के साथ अध्यात्म को प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिला है। ईश्वर की कृपा पाने के लिये धैर्य रखना पडता है। एक साथ दो कथाओं के श्रवण से हमे जीवन के सार की प्राप्ती हो रही है। टाटा बिडला से लेकर एक हाथ ठेले वाले व्यक्ति के जीवन में भी उतार चढाव अवश्य आता है। किंतू ईश्वर पर आस्था रखकर जिसने धैर्य को समझ लिया उसे विपरित समय में घबराने की जरूरत नही पड़ती है, क्योंकि समय परिवर्तनशील होता है। इस दौरान प्रमोद सिंह बाटे, सुनील बंटी पारधी, संतोष आडे,अंकुर चंदेल ,नरेंद्र नाथ, पीतम सोनी,उत्तम माहूले,जीतू सुलाखे,दिलीप सीहोरे,वीरेंद्र लिल्हारे, संजय माहूले ,पीतम सोनी,मनोज लिल्हारे, प्रमोद नाथ ,संदीप कोबड़े, संतोष चौरसिया,प्रदीप नगरगड़े ,दिनेश पण्डेले, गौरव पण्डेले, जग्गी पण्डेले, विजय नेवारे, नारायण चैतगुरू, रंजीत वरांडे उपस्थित रहे।

# कीटनाशक के सेवन से महेश बीमार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत ग्राम नेवरगांव निवासी महेश पंचेश्वर १५ अप्रैल को कीटनाशक के सेवन से बीमार हो गया जिसका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी



के अनुसार महेश पिता राधेलाल पंचेश्वर उम्र ३९ वर्ष ग्राम नेवरगांव निवासी ने सुबह अपने घर में कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसकी जानकारी परिवार के लोगों को उनके द्वारा शासकीय सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया जहां पर उनका उपचार जारी है।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# क्षणिक राहत

पांच महीनों में पहली बार, भारत की खुदरा मुद्रास्फीति मार्च महीने में पांच फीसदी के निशान से नीचे गिरकर 4.85 फीसदी पर आ गई। जहां फरवरी में दर्ज की गई 5.1 फीसदी के मुकाबले इसमें सिर्फ मामूली ही कमी आई, वहीं यह मई 2023 के बाद से दर्ज की गई महंगाई की सबसे कम रफ्तार थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में पांच फीसदी की औसत मुद्रास्फीति न सिर्फ भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमानों के अनुरूप है, बल्कि तीन वर्षों में सबसे धीमी भी है। पिछले पूरे साल के दौरान, आरबीआई द्वारा लगाये गये अनुमान के मुताबिक ही उपभोक्ता मूल्य वृद्धि औसतन 5.4 फीसदी रही। यह मूल्य वृद्धि चार साल में सबसे कम थी। ऊर्जा और खाद्य पदार्थों की कीमतों को छोड़कर, कोर मुद्रास्फीति लगातार चार महीनों से चार फीसदी के नीचे ही रही है। क्वांटईको रिसर्च का अनुमान है कि भारत में समग्र ईंधन मुद्रास्फीति मार्च में चार साल के निचले स्तर -2.7 फीसदी पर पहुंच गई, जो इस खंड में अवस्फीति का लगातार सातवां महीना था। इसमें कोई शक नहीं कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती और सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की गिरावट से मदद मिली है, हालांकि चुनाव से पहले उठाये गये इन कदमों का पूरा असर इस महीने दिखाई देगा। इन सुखद संकेतों के बीच, दो गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। खाद्य पदार्थों के खर्च समस्यात्मक रूप से ऊंचे बने हुए हैं और पहले से ही कमजोर मानसून से प्रभावित ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए समग्र मुद्रास्फीति बढ़ रही है।

उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक द्वारा मापी जाने वाली मुद्रास्फीति, 2023-24 के दौरान औसतन आठ फीसदी और जनवरी से मार्च वाली तिमाही में 8.5 फीसदी रही है। अब जबकि कुछ सरकारी हस्तक्षेपों ने कुछ वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद की है तथा इस साल सामान्य मानसून की उम्मीद से दबाव के कुछ बिंदुओं से राहत मिल सकती है, देश के बड़े हिस्सों में चल रही गर्मी की लहरें शायद जुलाई के बाद से जल्द खराब होने वाली वस्तुओं की आपूर्ति के लिए खतरा बन सकती हैं। इसके अलावा, कुछ प्रमुख वस्तुओं में मुद्रास्फीति की जड़ें काफी गहरी हैं - सब्जियों में पांच महीने, दालों में 10 महीने और मसालों में 22 महीने से दहाई अंकों वाली मुद्रास्फीति देखी गई है। अनाज की मुद्रास्फीति ने जहां मार्च में रफ्तार पकड़ी और सात महीने की नरमी का सिलसिला तोड़ दिया, वहीं अंडे, मांस एवं मछली की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। आरबीआई को जहां इस साल मुद्रास्फीति घटकर 4.5 फीसदी तक रहने की उम्मीद है, वहीं पहली तिमाही में यह 4.9 फीसदी रहने का अनुमान है। मुद्रास्फीति के निरंतर घटकर चार फीसदी तक आने का लक्ष्य, जोकि पिछले 54 महीनों से पकड़ से बाहर है, मुश्किल बनी हुई है। शहरी उपभोक्ताओं के लिए मुद्रास्फीति मार्च में घटकर लक्ष्य के करीब 4.14 फीसदी तक तो आ गई, लेकिन ग्रामीण भारत में यह जनवरी और फरवरी में 5.34 फीसदी से बढ़कर 5.45 फीसदी हो गई। ऊंची कीमतों का लंबा दौर जहां पहले से ही उपभोग को नुकसान पहुंचा रहा है, वहीं इस महीने कच्चे तेल की कीमतों के सात महीने के उच्चतम स्तर 90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच जाने के चलते संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूरोपीय संघ में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों का लड़खड़ाना और संघर्ष-प्रभावित शिपिंग लागत में बढ़ोतरी आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के मोर्चे पर नई चिंताएं पैदा कर रहीं हैं।

# क्या यह सभी टुकड़े टुकड़े गैंग के राष्ट्र विरोधी व राम द्रोही हैं ?

18 वीं लोकसभा के लिये होने जा रहे आम चुनावों में सभी राजनैतिक दल चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन डी ए ) को जहाँ अपने दस वर्ष के शासनकाल के दौरान उपजी सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है वहीँ विपक्ष भी इस बार एकजुट होकर ढ्ढह्लष्ठढ्ढ नामक गठबंधन बनाकर भाजपा का मुक़ाबला करते हुए देश की अधिकांश लोकसभा सीटों पर भाजपा व उसके सहयोगी एन डी ए घटक दलों के एक उम्मीदवार के सामने ढ्ढह्लष्ठढ्ढ गठबंधन का भी एक ही उम्मीदवार चुनौती दे रहा है। यानी स्थिति कुछ 1977 के चुनाव जैसी दिखाई दे रही है। भाजपा चूंकि अपने संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ बहुसंख्यकवादी राजनीति करते हुये अपने दूरगामी हिंदूवादी एजेंडे पर काम कर रही है इसलिये वह किसी भी सूरत में सत्ता से हटना नहीं चाहती। इससे निपटने के लिये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ऐसे अनेक हथकंडे अपना रही है जो भारतीय राजनीति के इतिहास में यहाँ तक कि आपातकाल के उस दौर में भी नहीं देखे गये जिसे कांग्रेस की तानाशाही का दौर कहा जाता था। भाजपा सरकार अपने विपक्षी नेताओं व विरोधी दलों को राजनैतिक प्रतिद्वंदी समझने के बजाय उनके साथ व्यक्तिगत दुश्मन जैसा बर्ताव कर रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के अनेक नेताओं को यहाँ तक कि अनेक भ्रष्ट नेताओं को प्रवर्तन निदेशालय ई डी,सी बी आई या इनकम टैक्स का भय दिखाकर तो किसी को कथित तौर पर धन या पद की लालच देकर अपनी पार्टी में शामिल किया जा रहा है। जो नेता इनके इस जाल में नहीं फंसता उसे किसी न किसी बहाने जेल भेजा जा रहा है। कई विपक्षी पार्टियों में फूट डलवाई जा रही है। और इन सबके बावजूद भी जो इनके पक्ष में नहीं आता उसे तरह तरह की संज्ञाओं से नवाज़ा जा रहा है। किसी को राष्ट्रविरोधी बताया जाता है तो किसी को राम विरोधी। कोई टुकड़े टुकड़े गैंग का सदस्य तो कोई पाकिस्तान परस्त। कोई भ्रष्ट तो कोई परिवारवादी। कोई हिन्दू विरोधी तो कोई अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करने वाला। कोई ख़ालिस्तानी तो कोई रेवड़ी बाँटने वाला। यहाँ तक कि भाजपा नेता विशेषकर स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोकि कभी अपनी छाती 56 इंच की बताते हैं वही मोदी भावनात्मक कार्ड खेलने से भी नहीं चूकते। भाजपा नेता कभी गाँधी-नेहरू का अपमान करते हैं तो कभी गोडसे-सावरकर का महिमामंडन करते हैं और कभी संविधान बदलने की बात करते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि विपक्षी दलों के नेताओं को जिन विशेषणों से प्रधानमंत्री व उनकी पार्टी के तमाम नेता नवाज़ते रहते हैं और स्वयं को ही भारतीय राजनीति का अब तक का सर्वश्रेष्ठ राजनीतिज्ञ बताने की कोशिश करते हैं तो क्या उनका विरोध केवल कांग्रेस या ढ्ढह्लष्ठढ्ढ गठबंधन के ही नेता करते हैं या करते रहे हैं ?

किसी ज़माने में वरिष्ठ अधिवक्ता स्व0 राम जेठमलानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे। जेठमलानी मोदी के इतने बड़े समर्थक थे कि 2015 में उन्होंने नरेंद्र मोदी को विष्णु का अवतार तक बता डाला था। जेठमलानी को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी काले धन की वापसी करेंगे। वह सैनिकों को वन रैंक, वन पेंशन देंगे। भ्रष्टाचार और विदेश नीति पर अच्छा काम करेंगे। परन्तु जल्द ही जेठमलानी को मोदी की राजनीति की सच्चाई का पता चल गया। आख़िरकार उनको कहना पड़ा कि नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की मांग का समर्थन करना उनकी सबसे बड़ी नासमझी थी। उन्होंने खुद को इसके लिए गुनहगार और ठगा हुआ बताया था। उन्होंने यह कहना भी शुरू कर दिया था कि प्रधानमंत्री की बातों का भरोसा ना करें। आख़िरकार 9 जून 2015 को राम जेठमलानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने संबंधों को तोड़ने की घोषणा भी कर दी थी। इसके बाद कई मामलों वे खुलकर मोदी व उनकी सरकार के ग़लत फ़ैसलों के विरुद्ध अदालत में भी पेश हुये।

उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के ही यशवंत सिन्हा,सुब्रमण्यम स्वामी व शत्रुघ्न सिन्हा जैसे वरिष्ठ नेताओं व पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने नरेंद्र मोदी की अनेक ग़लत नीतियों का खुलकर विरोध करना शुरू कर दिया। यशवंत सिन्हा व शत्रुघ्न सिन्हा जैसे नेता तो पार्टी छोड़कर भी चले गये परन्तु मोदी हमेशा इसी ग़लत फ़हमी का शिकार रहे कि उनसे अच्छी राजनीति की समझ कोई भी नहीं रखता। इस आशय की स्वप्रशंसा वाली कई बातें स्वयं मोदी संसद से लेकर जनसभाओं तक में कहते भी रहते हैं। सुब्रमण्यम स्वामी तो अभी भी भाजपा में ही रहकर मोदी व उनकी सरकार को आईना दिखते रहते हैं। ख़ासकर वित्तीय व विदेश नीति को लेकर और अति विशेष रूप से चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र पर किये गये हालिया अतिक्रमण को लेकर। उसके बाद भाजपा के ही सांसद वरुण गांधी और भाजपा नेता व पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के बयानों को सुन लीजिए। किसान विरोधी नीतियों को लेकर इन भाजपा नेताओं ने अक्सर प्रधानमंत्री मोदी को खरी खोटी सुनाई। वरुण गांधी ने किसानों व बेरोज़गारी व मंहगाई के मुद्दे उठाये। जनसमस्याओं से जुड़ी आवाज़ें बुलंद कीं। तो पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक ने संघ के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने से लेकर पुलवामा में हुये चालीस भारतीय जवानों की शहादत जैसे अति गंभीर विषय पर मोदी को कटघरे में खड़ा किया। परन्तु इसके जवाब में भाजपा ने वरुण गांधी को लोकसभा का प्रत्याशी नहीं बनाया तो सतपाल मलिक के राज्यपाल का कार्यकाल नहीं बढ़ाया। उल्टे सतपाल मलिक से सम्बंधित 29 ठिकानों पर सी बी आई के छापे ज़रूर मारे गये।

और अब इन्हीं लोकसभा चुनावों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति प्रसिद्ध अर्थशास्त्री परकला प्रभाकर के बयानों से पूरे देश में सनसनी फैली हुई है। उन्होंने दावा किया है कि अगर बीजेपी को इस बार भी लोकसभा चुनाव में जीत मिलती है तो देश में दोबारा चुनाव नहीं होंगे। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि मणिपुर जैसी स्थिति पूरे देश में पैदा हो सकती है।अर्थशास्त्री प्रभाकर के अनुसार 2024 में अगर फिर से मोदी प्रधानमंत्री बने और यह सरकार वापस आई तो देश में फिर कभी भी चुनाव नहीं होंगे। देश का संविधान बदल जाएगा। मोदी ख़ुद ही लाल क़िले से नफ़रती भाषण देंगे और लद्दाख-मणिपुर जैसी स्थिति पूरे देश में बन जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि अभी आपके पास जो देश का संविधान और नक़्शा है, यह पूरी तरह से बदल जाएगा। आप इसे पहचान भी नहीं पाएंगे। अभी आपको पाकिस्तान भेजने, इसे मारने या भगाने की बातें जो धर्म संसद जैसी जगहों से सुनाई दे रही हैं, वो बातें आप लाल क़िले से सुनेंगे। इस तरह की बातों को लेकर एकदम खुला खेल होगा। यही सबसे बड़ा ख़तरा है। अर्थशास्त्री प्रभाकर के अनुसार अभी आपको लग रहा है कि हिंसा मणिपुर में हो रही है, इसलिए हमारे यहां होने की कोई संभावना नहीं है? ऐसा आपको सोचने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि जो आज मणिपुर में हो रहा है, वो कल को आपके या हमारे राज्य में भी हो सकता है। अभी लद्दाख़, मणिपुर में जैसे हालात हैं या फिर किसानों के साथ जैसा व्यवहार हुआ है, वैसा पूरे देश में हो जाएगा। निर्मला सीतारमण के इन्हीं अर्थशास्त्री पति ने मोदी सरकार पर कोरोना काल प्रबंधन को लेकर भी बड़ा हमला बोलते हुये कहा था कि उस समय भी मोदी सरकार लोगों को कोरोना से बचाने के उपाय करने के बजाय हेडलाइन मैनजमेंट में लगी हुई थी। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा करने और उनसे सवाल करने वाले उपरोक्त सभी लोग भी क्या टुकड़े टुकड़े गैंग के सदस्य हैं? क्या यह सब भी पाक परस्त,भ्रष्ट ,राष्ट विरोधी व राम द्रोही हैं ?

- तनवीर जाफ़री

# मर्यादा लांघती राजनीतिक बयानबाजी

देश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राजनीतिक दलों में बयानों की आंधी सी चल रही हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने आपको आम जनता का हितैषी सिद्ध करने का प्रचार कर रहे हैं। इन बयानों में कहीं कहीं राजनीति की मर्यादा का भी उल्लंघन भी होता दिख रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दल अपने अपने हिसाब से ढोल पीटकर जनता को अपने पाले में लाने की कवायद कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि राजनीतिक दलों द्वारा जो बयान दिए जा रहे हैं, वह देखने में तो ऐसा ही लगता है कि यह सब बातें अप्रमाणिक सी लगती हैं। अभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। जहाँ तक चुनावी चंदे के भ्रष्टाचार की बात है तो इस खेल में सभी दल शामिल हैं। कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं। ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबान में झांक कर भी देख लेना चाहिए।

वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं। जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है। सारे चुनावों की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है। हालांकि इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती?

वर्तमान में एक नई प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाए कागुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती। क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किए, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ। आज देश पर जो आर्थिक बोझ आया है, उसके पीछे के कारणों में यह भ्रष्टाचार एक है।

आज की राजनीति को देखकर सहज़ ही यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक बयान मर्यादा को लांघ रहे हैं। विपक्ष की ओर से आधारहीन तर्क किए जा रहे हैं। कोई लोकतंत्र को बचाने की राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है तो कोई संविधान बचाने का प्रहसन कर रहा है। ख़ास बात यह है कि यह सब वे लोग कर रहे हैं जो भ्रष्टाचार समाप्त करने के कहकर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन उनकी बेटी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है।

वर्तमान में भारत की राजनीति में प्रतिद्वंद छिड़ा हुआ है। राजनीति में जिस प्रकार का वाद प्रतिवाद चल रहा है वह या तो मूर्ख बनने की प्रक्रिया का हिस्सा है या फिर मूर्ख बनाने की। अब आज के हालात में कौन मूर्ख बनता है और कौन बनाता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। जैसे ही समय की सीमा पूरी हो जाएगी, इसके पीछे का अर्थ सामने आता चला जाएगा। आज हमारे देश की राजनीति में नेताओं के कई रूप देखने को मिल जाते हैं, यानि जैसी स्थिति होती है नेता लोग अपने को वैसा ही प्रचारित करने लग जाते हैं। इसको और व्याख्या करके कहा जाये तो तर्क संगत ही होगा कि हमारे नेता बहुरूपिया बन जाते हैं और भारत देश की भोली भाली जनता उनके इस नकली रूप को देखकर भ्रमित हो जाती है। देश भर में सारे नेता इस होड़ में आगे दिखने का प्रयास कर रहे हैं कि हम ही जनता के असली हितैषी हैं। नेताओं का यह रूप हमारे देश को किस दिशा में ले जाएगा या ले जा रहा है, पता नहीं। पर यह सत्य है कि यह खेल बहुत ही खतरनाक है। देश के भविष्य के साथ एक प्रकार का अनहोना अपराध है?

भारत की राजनीति में आज ऐसे परिवारवादी नेता उदित हो चुके हैं, जिन्हें ठीक से भारत की राजनीति करना नहीं आता, वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए ही जनता के वोट प्राप्त करने का उपक्रम ही करते हैं। भारत की जनता के समक्ष ऐसे हालात बन गए हैं कि वह सही और गलत की पहचान भी नहीं कर पा रहे हैं।

हमारे राजनेता कौन कौन से खेल खेलते हैं, यह आज सबको दिखाई देने लगा है। आज देश में कई नेता ऐसे हैं जिनका व्यवसाय कुछ नहीं होने पर भी धनवान बन गए हैं, वास्तव में आज की राजनीति सेवा का माध्यम न होकर एक व्यवसाय बन गई है। राजनीति का जिस प्रकार से व्यवसायीकरण हुआ है, उसी के परिणाम स्वरूप हमारा देश रसातल की ओर जा रहा है और उसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। राजनीति में नेताओं द्वारा जिस प्रकार की राजनीति की जाती है, वह केवल भारत के एक वर्ग विशेष को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। जो नेता इनके संप्रदाय के बारे में अच्छी बात बोलता है, उस नेता को ये लोग अपना हमदर्द मानने की भूल कर बैठते हैं। बस यही कारण है कि नेता लोग इस समुदाय को वोट बैंक मानकर चाल चलता है, लेकिन आज का यह समुदाय भी असलियत जान चुका है, भावनाएं भड़काने का यह खेल अब समाप्त होना चाहिए।

- सुरेश हिन्दुस्तानी

# देश की रक्षा हेतु आवश्यक है परमाणु अस्त्र

देश की सुरक्षा सबसे पहले है क्योकि आज किसी देश पर हमला होता है जो किसी देश के भाग पर गलत तरीक़े से कब्ज़ा हो जाता है। क्योंकि यदि उसके पास परमाणु अस्त्र नहीं है तो दूसरा देश हमेशा कब्ज़ा करेगा। क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार है परमाणु अस्त्र के नष्ट करने के बारे में किसी भी नेताओं को सोचना नहीं चाहिए क्योंकि ऐ देश की एकता और ताकत देता है जैसे अगर आप किसी राह पर चल रहें हों और रात का समय हों तो आप अपनी रक्षा हेतु लाठी डंडा रखरखाव और अपने बचने के लिए करते है डंडा से सभी को पीटना मेटा उद्देश्य नहीं है लेकिन अगर मेंरी माँ बहने को छेरे तो पीटना आवश्यक है इसी तरह परमाणु हथियार है जो यदि क़ोई हमला करे तो डराया जा सके आज दुनिया परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ रहा है इसके परिणाम हम सभी जानते हैं 79 साल पहले 6 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर दुनिया का पहला परमाणु बम हमला किया था. इसके तीन दिन बाद जापान के ही नागासाकी शहर पर दूसरा परमाणु बम गिराया गया. दोनों शहर लगभग पूरी तरह तबाह हो गए. डेढ लाख से अधिक लोगों की पल भर में जान चली गई और जो बच गए वो अपंग हो गए और आज भी जो बच्चे जन्म लेते हैं वे अपंगता के शिकार होते हैं क्योंकि रेडिएशन का खतरा 100वर्षों य़ा इससे भी अधिक रहता है लेकिन सभी देशों में एक सहमति नहीं बनी की सभी नस्ट करें ऐसे में हमारा परोसी देश आतंकवादी हमला और परमाणु बम छोड़ने की बात करता है। कहता है इधर चीन है तो दूसरा पाकिस्तान दोनों के पास भरपूर एटम बम है अतः भारत को भी अपनी संप्रभुता और अखंडता के लिए जरुरी है। जब भारत में अटलजी जैसा प्रधानमंत्री हुआ तो 11 मई 1998 को उन्होंने इतिहासिक फैसला लिया परमाणु परीक्षण को मंजूरी देने के लिए भारत की अमेरिका का आर्थिक प्रतिबन्ध भी और दिया लेकिन पहले है। कागजी को थे जमीन सुरक्षा अमल की बहुत कठिन होता होड़ में सभी देश विज्ञान के आधार पर अपने देश को प्रगतिशील,समृद्धशाली, समृद्धशाली, शक्तिशाली बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इस होड़ अर्थात् प्रतिस्पर्धा को लेकर सभी देश अपनी सुरक्षा के लिए अस्त्रा-शस्त्रों का उत्पादन करने में जुट गए हैं।अब ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध में कहीं परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल न हो जाए लेकिन ऐसा किस उद्देश्य के लिए हो रहा होगा उधर चीन और ताईवान मेँ भी युद्ध के बादल मंडरा रहें हैं चीन और अमेरिका के इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है आज सारे देश में हथियार खरीदने की होड़ लगी है नित्य नये-नये घातक अस्त्रा-शस्त्रों का निर्माण हो रहा है ईरान अब इजराइल में युद्ध की आहट सुनाई दें रही है क्योंकि दोनों राष्ट्र में परमाणु अस्त्र है ऐसे में परमाणु अस्त्र को नष्ट करने की सोचना भी नहीं चाहिए ऐ हमारी रक्षा हेतु अति आवश्यक है हैं।रूस और यूक्रेन के युद्ध में निर्दोष नागरिकों की बहुत अधिक संख्या में जान जा रही है और लोगों का जीवन अस्त व्यस्थ हो गया है इस जंग में यूक्रेन व रूसी सैनिकों की भी मौत हो रही है एक देश दुसरे देश के शक्ति प्रदर्शन के चक्कर में अपने देश का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है व विश्व शांति पर खतरा मंडराने लगा है 2 साल व 3महीने से चल रहे इस युद्ध में केवल तबाही मची है व बेगुनाह लोगों की मौत हो रही है अब ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध में कहीं परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल न हो जाए लेकिन ऐसा किस उद्देश्य के लिए हो रहा होगा ऐ सीमा विवाद के कारण है चीन और ताईवान में भी युद्ध के बादल मंडरा रहें हैं जैसा चीन और अमेरिका के इस पर चिंतन करने की आवश्कता है हमारा भारत पर क़ोई आँख दिखाने की कोशिश तभी नहीं करेगा जब उसे मालूम होगा कि हमें भी अपनी सुरक्षा करने की आवश्यकता है उक्रेन के पास परमाणु हथियार जब तक थे उससे पंगा मोल लेने के लिए क़ोई सोचा भी होगा तो कर नहीं सका होगा लेकिन यूएस के कहने पर जैसे ही परमाणु अस्त्र नष्ट किया बाद मे हमला हो रहा है और हथियार के लिए दूसरे देश पर निर्भर होना पर रहा है नुकसान दोनों को हों रहा है भारत ने किसी का समर्थन ना कर उचित कदम उठाया है ऐसा इसलिए की हमारे वैज्ञानिक ने इतिहास रचा परमाणु इसके स्व स्व कलाम साहब ने अतुलनीय योगदान किया और देश की ताकत बेतहाशा बढ़ि सभी देशों मे डंका बजा और राष्ट्र एकजुट हुआ था उस वक्त उसी का देखा देखी कर पाकिस्तान ने बड़ी भारी कर्ज लेकर मामूली सा परमाणु परीक्षण किया तो बाद मे कर्ज का भार बढ़ते बढ़ते आज खाने के लाले पड़ रहें हैं अतः इसपर राजनीती करना बिलकुल सही नहीं है यदि किसी विपक्ष ने मैंनोफेस्टो मे डाला है तो ये बिलकुल देश हित मे नहीं है जैसा की प्रधानमंत्री जी के किसी भाषण में जिक्र किया है ऐ सही थे अतः हमें इसमें बिलकुल राजनीति करना उचित नहीं है नहीं तो फिर परोसी दो देश केवल आंखे दिखा रहा है वो हमला भी कर सकता है आप जरा सोचिये बैंक की सुरक्षा हेतु गार्ड मशीनगन लेकर खड़ा रहता है लेकिन कभी किसी पर गोली नहीं चलाता है लेकिन यदि किसी ने लूटने की कोशिश की तो सुरक्षा हेतु चलाना होता है.भगवान राम ने आखिर रावण से युद्ध क्यों किया अपने लिए नहीं माँ सीता की रक्षा हेतु अतः जब युद्ध होता है तो सबसे बड़ा नारी सुरक्षीत नहीं रहती है इसलिए गुरुगोविंद सिंहजी ने नारी की रक्षा हेतु शांति के साथ साथ तलवार भी देश की रक्षा के लिए उठाई जो पूज्यनीय है देश सर्वोपरि है और नारी सहित सभी की सुरक्षा हेतु परमाणु अस्त्र भी उतना ही जरूरी है मानवता की भलाई हेतु परमाणु अस्त्रों पर अंकुश लगाना जरुरी है लेकिन जब सभी राष्ट्र सही में नष्ट करें तभी नहीं तो परमाणु अस्त्र बहुत जरुरी है जिसे वैज्ञानिकों ने अपने पसीने से सींचा है नव भारत की रक्षा हेतु इस बात की आवश्यकता है कि उचित निदान द्वारा विश्वजनित मतभेदों को भुलाकर अशांति का माहौल खत्म किया जाए। अतः परमाणु निःशस्त्रीकरण क़ोई सही कदम नहीं है नहीं तो दूसरा देश मौके का फायदा उठा लेगा और युद्ध में कोई किसी की सुरक्षा की गारंटी नहीं लें सकता है.अतः देशहित में शांति और क्रांति दोनों जरुरी है.निश्शस्त्रीकरण' का शाब्दिक अर्थ है- घातक हथियारों पर नियंत्रण रखना और शस्त्रों की बढ़ती संख्या को रोकना ना की नष्ट करना अपनी रक्षा हेतु परमाणु अस्त्र अति आवश्यक है।

- संजय गोस्वामी

# स्वर्ग नहीं बनता सियासी घोषणा पत्रों से...

अठारहवीं लोकसभा केलिए मतदान से पांच दिन पहले आखिरकार भाजपा का भी चुनावी घोषणा पत्र भी आ गया। कांग्रेस, सपा,राजद और बसपा के अलावा दीगर राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा पत्र पहले ही आ चुके है । फिलहाल हर दल अपने चुनावी घोषणा पत्र को सर्वश्रेष्ठ बता रहा है,लेकिन जनता के लिए इसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना आसान नहीं है ,क्योंकि हर दल का चुनावी घोषणा पत्र स्वर्ग को जमीन पर उतार लाने की बात करता है। आजतक किसी भी राजनीतिक दल ने जिस चुनावी घोषणा पत्र के आधार पर वोट मांगे उसे पूरा नहीं किया। ये ाक्ष कुसुम ही साबित हुए।

दुर्भाग्य से देश में चुनाव घोषणा पत्रों का इतिहास नहीं लिखा गया । लिखा इसलिए नहीं गया क्योंकि सब इसे झूठ का पुलिंदा मानते आये । वैसे ये एक दिलचस्प विषय हो सकता है। ये जानने की बहुत जरूरत है कि 1952 से लेकर 2024 तक 72 साल में इन चुनावी घोषणा पत्रों पर किस पार्टी ने कितना अमल किया और किसने नहीं ? कम से कम बारह लोकसभा चुनावों के घोषणा पत्र तो मेरी स्मृति में हैं। सवाल ये है कि क्या राजनीतिक पार्टियों के घोषणा-पत्र चुनाव के पहले, उसके दौरान और उसके बाद कोई सार्थक भूमिका निभाते हैं ? क्या वे लोगों को पेश किए जाने वाले पार्टी के विचारों, नजरिए और कार्यक्रमों का शक्तिशाली प्रतीक होते हैं या केवल सांकेतिक भर होते हैं ? अधिकांश मतदाता मतदान करने से पहले घोषणा-पत्र पढ़ने की जरूरत ही नहीं समझते । देश में ज्यादातर घोषणा-पत्रों को कूड़ेदान में फेंक दिया जाता है। मजे की बात ये है कि कचरा होने के बावजूद घोषणा-पत्र पार्टियों की भावी योजना, मुख्य मुद्दों पर कार्यक्रमों और वैचारिक नजरिए को उजागर करने के लिए एक महत्वपूर्ण चोचला बने हुए हैं , हाल के दिनों में भाजपा ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग से प्रभावित घोषणा पत्र बताया तो भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर कमोवेश ऐसी ही टिपण्णियां की जा रहीं है। कुछ तो भाजपा के घोषणा पत्र से बेहतर घोषणा पत्र राष्ट्रीय जनता दल के घोषणा पत्र को बता रहे हैं।

एक अच्छी बात ये है कि इस रूखे यानि शुष्क विषय पर सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च ने अध्ययन का एक तरीका निकाला है, जिसमें कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) के 1952 से लोकसभा चुनावों के घोषणा पत्रों का जायजा लिया गया। अध्ययन में 1980 के पहले बीजेपी के बदले भारतीय जनसंघ और 1971 के पहले सीपीआई-एम के बदले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के घोषणा-पत्रों पर गौर किया गया है। ये तीन पार्टियां भारतीय राजनीति की वैचारिक दायरे का प्रतिनिधित्व करती हैं और अध्ययन में उन मुद्दों के उभरने पर गौर किया गया, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए मायने रखते हैं।

इस अध्ययन में स्वतंत्र कोडिंग करने वालों और शोधकर्ताओं की एक बड़ी टीम 'शब्द गणना' के जरिए गणना योग्य पैमाने पर पहुंची है, यानी घोषणा-पत्र में किसी मुद्दे पर कितने शब्द लिखे गए हैं। इस मकसद से सात बड़े मुद्दों की पहचान की गई है। घोषणा पत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा, राजनीतिक काबिलियत, राजनीतिक तंत्र, सामाजिक तानाबाना, आर्थिक योजना, कल्याणकारी कार्यक्रम, और विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर तक को शामिल किया जाता रहा है। अब तो घोषणा पत्र गारंटी पत्र बन चुके है। सत्तारूढ़ भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी मतदाताओं को गारंटियां दी है।

-राकेश अचल

# आज अष्टमी तिथि पर चढ़ाई जाएगी अठवाईयां, होगा हवन-पूजन वह कन्या भोज

लांजी (पद्मेश न्यूज)। चैत्र नवरात्र पर्व संपूर्ण क्षेत्र में आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। पंचमी से ही मंदिरों एवं ज्योति कलशों के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ जगह-जगह नजर आ रही है। ज्योति कलशों से जहाँ देवी मंदिर जगमगा रहे हैं। वहीं दुसरी ओर आस्था एवं श्रध्दा भक्ति के साथ भक्तजन मातारानी की आराधना में लीन है। पर्व के चलते आज महा अष्टमी पर्व पर देवी मंदिरों में विधि-विधान से अष्टमी हवन कर माता रानी को अठवाईयां चढ़ाई जावेगी। अठवाईयां का भोग लगाने के पश्चात दूसरे दिन से ज्योति कलशों को जल दर्शन कर विसर्जन किया जावेगा। मां लंजकाई मंदिर में अष्टमी पर्व पर आज दोपहर 3 बजे हवन किया जाएगा। बता दे कि क्षेत्र के देवी मंदिरों में भारी संख्या में ज्योति कलशों की स्थापना कर आस्था व श्रद्धा से चैत्र नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है।जिसके तहत माँ लंजकाई मंदिर में 482, माँ पांढरी पाठ देवी धाम में 2541 माँ गायत्री शक्ति पीठ में 58, माँ शीतला मंदिर में 115, दुर्गा मंदिर बिसोनी में 332 कलश, भाडरासुर देवी मंदिर 16 कलश, वंही हमेशा की तरह काली मंदिर में 2 ज्योति कलश तथा संकल्प बहुतायत भक्त जनों के द्वारा लिया गया है। दुर्गा मंदिर भुरसाडोंगरी में 15 कलश, मां दुर्गा मंदिर बोलेगांव 53 में, मां



शीतला माता मंदिर बोलेगांव 151 में, मां शीतला माता मंदिर साडरा में 33, मां दुर्गा मंदिर बस स्टैंड साडरा 5 में भी मनोकामना ज्योति ज्योति कलश जगमगा रहे हैं। जहां पूजा अर्चना के साथ भजन-पूजन हो रहा है।

### कान्द्रीघाट व भाडरासुर में हो रही आराधना

संपूर्ण क्षेत्र में चैत्र नवरात्र पर्व की धूम है। वनांचल व प्राकृतिक छटाओं के बीच स्थित कान्द्रीघाट व भाडरासुर के देवी मंदिर में नवरात्र पर्व आस्था व श्रद्धा पूर्वक मनाया जा रहा है। सबसे खास बात यह है कि पहाड़ी पर स्थित भाडरासुर के देवी मंदिर में घी व तेल के ज्योति कलश जगमगा रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्र होने के बावजूद भी यहां पूजा-पाठ व जस - भजन के साथ माता रानी की स्तुति की जा रही है। इसी तरह कान्द्रीघाट स्थित मां दुर्गा मंदिर में भी ज्योति कलश जगमगा रहे हैं।

### जगह जगह हो रहे नौ कन्या भोज

नवरात्र पर्व के चलते भारतीय संस्कृति अनुसार छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया जा रहा है। नौ कन्याओं को देवी मानकर उनका पूजन कर बेटियों का सम्मान माना जाता है। इसलिए हर पर्व व यज्ञ विधान या धार्मिक कार्यक्रमों में कन्या पूजन किया जाता है। इस तरह घरों व मंदिरों में सप्तमी पर्व पर कन्या भोज प्रारंभ हो गया है जो नवमी पर्व तक चलेगा।

### पाण्डरीपाठ ज्योति कलशों का जल दर्शन

क्षेत्र में ही नहीं बल्कि जिले में सर्वाधिक 2541 ज्योति कलश की स्थापना के लिए चैत्र नवरात्र में चर्चित मां पांढरीपाठ देवी मंदिर में आज अष्टमी हवन के पश्चात संध्या बेला में 4 बजे कलशों की शोभायात्रा निकालकर जल दर्शन कराया जाएगा एवं कल 17 अप्रैल को जवारे विसर्जन कर महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

# हम फाउण्डेशन की बैठक संपन्न

## डॉ. जेड एच भारमल एवं शोभा रानी पिल्लई ने ली हम फाउण्डेशन की सदस्यता

लांजी (पद्मेश न्यूज)।हम फाउंडेशन भारत वैनगंगा शाखा बालाघाट की आवश्यक बैठक जिले के संरक्षक संतोष असाटी के निवास स्थान पर जिले के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले के जाने-माने डॉ. जेड एच भारमल एवं बालाघाट गर्ल्स कॉलेज की रिटायर्ड प्रिंसिपल शोभा रानी पिल्लई को हम फाउंडेशन का फॉर्म भरकर सदस्यता दिलाई गई। यह दोनों हम फाउंडेशन के जिले में किए गए कार्यों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण किए हैं और आगामी समय में फाउंडेशन के साथ मिलकर पीड़ित मानवता की सेवा करने का वचन दिया है। ज्ञात हो कि हम फाउंडेशन ने 2020 से कुल 37 हेल्थ कैंप, आदिवासी भाई बहनों को कंबल कपड़े हर साल वितरण, निर्माण मजदूरों को कंबल कपड़े आदि खाद्य सामग्री बर्तन, आंगनवाड़ी में बच्चो को खिलोने खाद्य सामग्री, जिला प्रशासन के साथ जनजाकूरूता का कार्यक्रम, महिला बाल विकास वन स्टॉप के साथ कार्य, जिला न्यायालय के साथ विधिक कार्यशालाओं का आयोजन एवं रक्त दान शिविर, स्कूली बच्चों के स्वाथ्य शिविर, आंखों की जांच आदि कार्यक्रम पूरी टीम निरंतर करते आ रही है।बैठक में प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष युनूस खान पप्पा भाई, जिले के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, संरक्षक संतोष असाटी, संरक्षक डॉ. नरेंद्र हरीखेड़े, डॉ. जेड एच भारमल, रिटायर्ड प्रचार गर्ल्स कॉलेज शोभा रानी पिल्लई जिले के उपाध्यक्ष आनंद दुबे, महासचिव श्याम कौशल, संगठन मंत्री चीनू जैन, शाखा के सचिव दिलीप वाडिचार, रूबी अली, बिल्किस फातिमा शेख, महिला शाखा संरक्षक प्रेमलता गुप्ता, आदर्श शर्मा, महिला शाखा के अध्यक्ष त्रिवेणी खटोले, सचिव छाया सेवाईवार, सागर यादव, सूर्यवंशी मैडम,



समता असाटी, राहुल असाटी, अंबिका असाटी, रुचि असाटी शामिल रहे। महाकौशल प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष युनूस खान पप्पा भाई की उपस्थित में तय किया गया कि युनूस खान के मार्गदर्शन में आगामी मई माह और जून माह में पूरी टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे एवं जुलाई माह में नशा मुक्त भारत एवं स्वच्छता मेरा मिशन के तहत स्कूलों में जन जागृति का कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# रामपायली में डॉ बाबा साहेब आंबेडकर की १३३वीं जयंती मनाई गई

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। संविधान के शिल्पकार महामानव बोधिसत्व डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर की १३३ वीं जन्मोत्सव जयंती रामपायली में उनके अनुयायियों के द्वारा बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम बाबा साहब की आदमकत प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती प्रज्वलित कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । एवं जय भीम के नारों से सारा परिसर गूंज उठा ।तत्पश्चात प्रतिमाओं के समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती प्रज्वलित कर सभी लोगों के द्वारा पुष्प एवं पुष्प मालाओं से प्रतिमाओं का स्वागत सत्कार किया गया। एवं बाबा साहब की १३३ वीं जयंती के उपलक्ष में केक काटकर खुशियां मनाई । वक्ताओं के द्वारा बाबा साहब की जीवन चरित्र व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक राजनीतिक आर्थिक धार्मिक और देश हित के कार्यों पर जानकारी दी गई । और बताया कि बाबा साहब ने हमारे लिए जो मार्ग बताया उसका अनुसरण किए बगैर हमारा विकास नहीं हो सकता । हमें इधर उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है । हमें शील सदाचार और बुद्धिस्म को दिल से अपनाना चाहिए। संविधान की बदौलत हमें न्याय मिला है संविधान की बदौलत हमारा अस्तित्व है ।इसे हर हाल में बचाए रखना होगा ।संविधान सर्वोपरि है बाबा साहब के मूल मंत्र शिक्षित बनो ,संगठित रहो ,और संघर्ष करो को याद रखते हुए समाज हित में कार्य करना है ।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया भव्य पथ संचलन

## मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। हिन्दू नववर्ष के आगमन पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ खण्ड लांजी द्वारा 15 अप्रैल को लांजी नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया है। पथ संचलन कार्यक्रम घोष वादन सहित गणवेश के साथ 4.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर लांजी से पथ संचलन प्रारंभ हुआ इसके पूर्व पूर्ण गणवेश में स्वयं सेवक सरस्वती शिशु मंदिर में एकत्रीत हुये। यहां सर्वप्रथम संघ के संस्थापक डॉ केशोराव बलिराम हेडगेवार को आद्य सरसंघ चालक को प्रणाम किया तत्पश्चात ध्वजारोहण व अमृत वचन व एकल गीत के बाद कार्यक्रम के वक्ता रविन्द्र श्रीवास्तव गुरूजी ने अपने वक्तव्यों सभी स्वयं सेवको को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि पथ संचलन संगठन का एक नियमित कार्यक्रम है यह हमारा कोई शक्ति प्रदर्शन नही है। यह अपने लोगो को एकरूपता मे जोडऩे का एवं हिंदुत्व एवं राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने का एक माध्यम है। बतादे कि यह जो वर्ष प्रारंभ हुआ है यह राष्टीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दि वर्ष है इस शताब्दि वर्ष में संगठन का विस्तार सुदृंढीकरण एवं नवनिर्माण करना होगा। इस दौरान जिला प्रचारक राजेन्द्र सिंह, खण्ड संचालक विजय रामटेक्कर, खण्ड कार्यवाह संतोष मोरघडे, नगर कार्यवाह मनोज किरनापुरे सहित 200 स्वयं सेवको के साथ पथ संचलन आयोजित हुआ।



### पथ संचलन का पुष्प वर्षा से हुआ जगह जगह हुआ स्वागत

पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ हुआ जो कि जो कि गुजरी चौक, मरार मोहल्ला दुर्गा मंदिर, किला रोड़, लंजकाई मंदिर, मनेरी फाटक से भिलाई ,बस स्टैंड से सालेटेकरी रोड़ होते हुए वापस सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पहुंचकर पथ संचलन सम्पन्न हुआ। इस संपूर्ण पथ संचलन मार्ग पर जगह जगह मातृ शक्तियों एवं सामाजिक संगठन के महिला पुरूषो के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

दुकान किराये से देना है
सर्किट हाऊस रोड बालाघाट होटल कलश के नीचे चार दुकाने किराये से देना है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल 9425448043

आवश्यकता है
होटल कलश में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है
संपर्क करें-अरूण जायसवाल 9425448043

# फूले आम्बेडकर ने जीवन पर्यंत शोषित पीड़ितों को हक और न्याय दिलाने संघर्ष किया

## मंगल भवन परसाटोला में धूमधाम से मनाई गई फुले अंबेडकर संयुक्त जयंती समारोह

किरनापुर (पद्मेश न्यूज)। समता विकास समिति किरनापुर के तत्वावधान में आधुनिक भारत के निर्माता, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, भारतीय संविधान के शिल्पकार ,महामानव, बोधिसत्व, भारतरत्न, विश्वरत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर एवं शिक्षक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती सयुक्त रूप से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर पंचशील ध्वाजारोहण करते हुये की गई।तत्पश्चात् रूप से त्रिशरण का पाठ कराते हुये पूजा वंदना कर की गई।।जयंती समारोह के अवसर पर महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं बाबा साहब के जय-जयकार के उद्घोष लगाये गये। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के तीन मूलमंत्र शिक्षित बनों, संगठित रहो,और संघर्ष करो पर केन्द्रित अपने विचार रखते हुये स्वयं सुसंस्कारित होकर बाबा साहब के सिद्धांतों समता, न्याय, स्वतंत्रता, बंधुत्व को अपनाये जाने की बाते कहीं गई तथा समाज मे सदैव एकजुटता बनाकर कार्य करते हुये बाबा



साहब के आंदोलन को सदैव आगे बढ़ाये जाने की प्रेरणा दी गई। तथा बताया गया कि इन दोनों ही महापुरुषों द्वारा जीवन पर्यंत समाज की दबे कुजली सूचित पीड़ित गरीबों को उनके हक एवं न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे। वही इसके अलावा बोधिसत्व बाबा साहब के संघर्षमयी जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये उपासकों से स्वयं के जीवन को सुखमय बनाने बाबा साहब द्वारा दी गई 22 प्रतिज्ञाओं का पालन करने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपासक-उपासिकाओं द्वारा भीमगीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी गई। तथा बाबा साहब की जयंती पर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे ग्राम परसाटोला, नारायणटोला, किरनापुर बम्हनगांव सहित समता विकास समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# सरस्वती उच्च .माध्य .विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के सरस्वती उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की स्थानीय कक्षाओं का परीक्षा परिणाम १५ अप्रैल को घोषित किया गया। यह कार्यक्रम महेन्द्र मेश्राम के मुख्य आतिथ्य ,वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती वर्षा जैन की उपस्थिति एवं प्राचार्य राजेन्द्र मिश्रा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया । इस दौरान दीप ज्योति मंत्र मां सरस्वती वंदना से की गई। इसमें अतिथियों का परिचय आचार्य दयानंद धुवारे के द्वारा करवा कर अतिथियों एवं पहुंचे हुए सभी अभिभावक का तिलक अभिनंदन दीपक टेंभरे ,श्रीमती नेहा कटरे ने किया। तत्पश्चात अतिथि के द्वारा स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम का अनावरण कर वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें नर्सरी में प्रज्वल उइके ने प्रथम ,ग्रंथ कावडे द्वितीय ,मिराज बोपचे ,अनवी पाटिल तृतीय ,एलकेजी में तोवी ठाकरे ,तोषित नेवारे ,अन्वी कटरे ,आर्या चंदने प्रथम ,मौली पटले द्वितीय ,प्रबुद्ध पटले तृतीय ,यूकेजी में ईशान मिश्रा, रौनक मानेश्वर प्रथम, देवांश खण्डेलकर द्वितीय ,अदिती पाटिल तृतीय ,कक्षा पहली में हिमानी ढोक प्रथम, भावेश सहारे द्वितीय ,सारोन देवांगन ,लिजा मिश्रा तृतीय ,कक्षा दूसरी में महिमा नेवारे प्रथम ,श्रुति गनवीर द्वितीय ,सयाली पंचेश्वर तृतीय ,कक्षा तीसरी में अक्षदा मेश्राम प्रथम, मयंक ढोक द्वितीय, आयशा नकासे तृतीय ,कक्षा चौथी में मानसी चौहान प्रथम ,अंश बोपचे द्वितीय ,नेहाल गौतम तृतीय, कक्षा सातवी में खुशबू चौहान प्रथम, भविष्य मेश्राम द्वितीय, यामिनी भोरगढ़े तृतीय ,कक्षा नवमी में श्रीजी धुवारे प्रथम ,तृप्ति ठाकरे द्वितीय ,गौरव परते तृतीय स्थान प्राप्त किया।






लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# कमलनाथ के पीए मिगलानी पर केस दर्ज

## वीडियो, भाजपा प्रत्याशी ने लगाया सनसनीखेज आरोप, कमल नाथ के निवास पर पहुंची पुलिस

भोपाल। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के आरोप के बाद पुलिस टीम कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के निवास पर पहुंची। लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा सीट से भाजपा के उम्मीदवार विवेक बंटी साहू ने कमल नाथ के पीए आर के मिगलानी की शिकायत की है। पुलिस के अनुसार दो लोगों पर प्रकरण दर्ज हुआ है। इनके नाम सचिन गुप्ता और आरके मिगलानी हैं। पुलिस के आने की सूचना पर कमल नाथ बंगले पर पहुंचे।



एसपी मनीष खत्री ने बताया कि दो लोगों पर प्रकरण दर्ज हुआ है। धारा 188, 500आईटी एक्ट और 120 बी के तहत मामला दर्ज हुआ है। सचिन गुप्ता का मोबाइल जब्त कर लिया गया है। साथ ही उन्हें हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा आरके मिगलानी ने बताया कि उनका बायपास हुआ है लिहाजा वो प्रस्तुत होने में सक्षम नहीं है।मामला भाजपा प्रत्याशी की शिकायत पर दर्ज हुआ है जिसमें कथित तौर पर वीडियो वायरल करने का आरोप है।

### वीडियो वायरल करने के लिए 20 लाख का प्रलोभन

पुलिस से की गई शिकायत में कहा गया है कि उनका एक वीडियो वायरल करने के लिए 20 लाख रुपये का प्रलोभन दिया गया है। बताया जाता है कि करीब चार थानों का पुलिस बल कमल नाथ के आवास पर पहुंचा। मीडिया को पुलिस अधिकारियों ने अभी कोई जानकारी नहीं दी है। वहीं छिंदवाड़ा पुलिस भोपाल नहीं पहुंची। एसीपी कोतवाली अनीता प्रभा शर्मा भोपाल ने इसे कन्फर्म किया है। जांच में शामिल छिंदवाड़ा सीएसपी अजय राणा से भी बात हुई है। दोनों का कहना है पुलिस भोपाल नहीं आई है।

### विवेक बंटी साहू ने जारी किया वीडियो

बंटी साहू का आरोप है कि मिगलानी ने पत्रकारों को उनका कूटरचित आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के लिए 20 लाख का लालच दिया है। विवेक बंटी साहू ने इस बारे में एक वीडियो भी जारी किया है। इस मामले में शिकायत के बाद ही पुलिस कमल नाथ के आवास पर पहुंच गई। इस वाकये के बाद आरोप प्रत्यारोप का दौर भी आरंभ हो गया है। चार थानों की पुलिस कमल नाथ के निवास पर पहुंचने के बाद कांग्रेस नेताओं ने आक्रोश जताया है।

### चुनाव के समय मिलती रहती है शिकायत

जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के पीए आरके मिगलानी से पूछताछ करने के लिए पुलिस सोमवार को शिकारपुर स्थित निवास पहुंची। इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि पुलिस को चुनाव के समय शिकायत मिलती रहती है, लिहाजा जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ और उनके पीए आरके मिगलानी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बंटी साहू ने कहा है कि एक निजी चैनल के पत्रकार ने अन्य पत्रकारों को वीडियो वायरल करने के लिए 20 लाख रुपए दिए हैं।

# राजनीतिक मर्यादा की सीमाएं लांघ रही सरकार

भोपाल। कमलनाथ के गढ़ में आबकारी और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां पांढुर्ना से कांग्रेस विधायक नीलेश उइके रजौला रैयत स्थित घर पर रविवार को पुलिस व आबकारियों के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की। जिसको लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बीजेपी और मोहन सरकार पर जमकर हमला बोला है।

नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर लिखा कि पांढुर्ना के विधायक नीलेश उइके के घर पर आबकारी और पुलिस की टीम ने बिना वारंट सर्चिंग की! घर, खेत-खलिहान समेत आसपास भी तलाशी ली गई, पर कुछ नहीं मिला! सिर्फ शिकायत के आधार पर की गई, ये कार्रवाई विपक्षी विधायक पर दबाव बनाने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है!

### नेता प्रतिपक्ष ने सीएम पर बोला हमला

उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा, मुख्यमंत्री जी आप की सरकार राजनीतिक मर्यादा की सीमाएं लांघ रही हैं! विपक्ष के विधायक को बेवजह परेशान करना राजनीति नहीं है! अफसरों की आखिर इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि आदिवासी विधायक को बिना वॉरेंट परेशान किया! भाजपा की ये दबाव की कार्यवाही का कांग्रेस विरोध करती है! बिना वारंट सर्चिंग करने वाले अफसरों पर कार्रवाई होना चाहिए!

### कैश और शराब बांटने की शिकायत

बताया जा रहा है कि चुनाव के दौरान कैश और शराब बांटने की शिकायत पर आबकारी और पुलिस की टीम ने विधायक के घर पहुंची थी। हालांकि सर्चिंग के दौरान अधिकारियों के हाथ कुछ न लगने के बाद पंचनामा बनाया। इसमें अवैध शराब जमाखोरी की शिकायत पर सर्चिंग की कार्रवाई होने की बात कही गई।

# कर्मचारियों ने मांगी छुट्टी मिला रिटायरमेंट

भोपाल। इंदौर जिला कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग के कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी में स्वास्थ्य खराब होने पर अवकाश लेने के कारण अनिवार्य सेवानिवृत्ति कर दिया गया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कलेक्टर की कार्यवाही पर रोक लगाने एवं अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए कर्मचारी को पुन- सेवा में बहाल करने की मांग की है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य शासन ने कर्मचारियों के लिए अनिवार्य सेवानिवृत्त करने में 20 साल की सेवा या 50 साल की आयु का नियम सेवा कॉल में किए गए कार्य का सक्षम अधिकारियों की समिति द्वारा मूल्यांकन करने पर लागू किया जाता है।

# भाजपा ने चंदे को धंधा बनाया- जीतू पटवारी

भोपाल। लगातार भाजपा की सरकार आदिवासी भाई बहनों की रक्षा करने में असफल हुई है इसका प्रमाण है एनसीआरबी का वो डाटा जिसके अनुसार मध्य प्रदेश आदिवासी अत्याचार में नंबर एक पर है। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि भारतीय जनता पार्टी के वह नेता जिन्होंने 2700 में गेहूं, 3100 में धान, 450 में सिलेंडर तथा 3000 रू. लाडली बहन को देने के झूठे वादे करके आपसे वोट ले लिए उनसे अब हिसाब मांगने का समय है तथा भाजपा के नए झूठों का प्रतिकार करने का भी समय है। कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाइए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं वरिष्ठ नेताओं ने आज सीधी, शहडोल, जबलपुर के विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।



श्री पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने पद का दुरुपयोग करते हुए संवैधानिक एजेंसियों से पहले औद्योगिक घरानों के यहां छापा डलवाया फिर उनसे मोटी रकम चंदे के रूप में वसूली। इस प्रकार काले धन को संग्रहित किया। जनता के सामने भाजपा का चाल, चरित्र व चेहरा सामने आ गया है। श्री पटवारी आज सीधी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल के समर्थन में सीधी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरम बाबा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव जीतने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। भाजपा की केंद्र सरकार ने जनता से जो वायदे दो करोड़ लोगों को प्रति वर्ष नौकरी देने, देश के बाहर गया काला धन को वापस लाने, महंगाई को कम करने व किसान की खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए तरह-तरह की योजनाएं बताई थी वह एक भी अमल में नहीं आई है। भाजपा ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने आज ब्यौहारी (शहडोल) में सीधी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल के समर्थन में आयोजित जनसभा में सम्मिलित होकर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया।

पटवारी ने जनता से आग्रह किया कि कांग्रेस के प्रत्याशी को जिताकर लोकसभा में भेजें तथा केंद्र तथा राज्य की झूठी गारंटी पर भाजपा को करारा जवाब दें।

पटवारी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव एवं राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा के साथ केसवाही (शहडोल) में भी आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सभी मतदाताओं से शहडोल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी फुन्देलाल सिंह मार्को के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह इंडिया गठनबंधन के नेता आम आदमी से आनंद मंगल सिंह समाजवादी नेता रामप्रताप सिंह सहित स्थानीय वरिष्ठ नेतागण और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## राहुल गांधी के एक झटके में गरीबी हटाने के बयान पर बोले मंत्री पटेल

# गरीबी नहीं होती तो हम नंबर-1 अर्थव्यवस्था होते

भोपाल। मध्य प्रदेश के केबिनेट मंत्री प्रह्लाद पटेल ने सोमवार को इंदौर में मीडिया से चर्चा में कहा कि कांग्रेस ने इस देश पर राज किया है। लेकिन रोजमर्रा की जरुरतों को कांग्रेस पूरा नहीं कर सकती। पिछले दस सालों में भाजपा सरकार ने रोजमर्रा की जरुरतों को हरसंभव पूरा करने की कोशिश की है। पटेल ने राहुल गांधी के एक झटके में गरीबी हटाने वाले बयान पर कहा राहुल गांधी की दादी ने पचास साल पहले गरीबी हटाओ का नारा दिया था। गरीबी हटी होती तो इन दस साल में हमारी अर्थ व्यवस्था विश्व में पहले स्थान पर होती। रोजमर्रा की जरुरतों पर कांग्रेस ने सिर्फ चर्चा की। कभी काम नहीं किया।



चुनाव के पहले भारत विकसित यात्रा गांव-गांव पहुंचाकर सरकार ने पहली बार यह ढूंढने की कोशिश की है कि कोई लाभार्थी छूट तो नहीं गया। और उस यात्रा का परिणाम आज संकल्प पत्र में दिख रहा है। हमारी सरकार संकल्प लेती है और उसे पूरा करने की भरसक कोशिश करती है। और बाद में समझने की कोशिश करती है कि कहीं कोई जरुरतमंद छूट तो नहीं गया। पटेल ने कहा कि भारत से बाहर ले जाई गई हमारी विरासत मूर्तियां, सिक्के आदि को वापस लाने का काम करेंगे। 2014 के पहले कोई मानने को तैयार नहीं था कि बिचौलिया समाप्त हो सकता है। लेकिन हमने यह कर दिखाया। भ्रष्टाचार जो भी करेगा, उसे सजा मिलेगी। मैं पूरे भरोसे के साथ कहता हूं कि छिंदवाड़ा में कमल खिलेगा। जब मैं लड़ रहा था तब कांग्रेस और कमलनाथ जी का आतंक समाप्त किया था। इस बार परिवारवाद समाप्त होगा। कमलनाथ की ग्रास रूट लेवल पर चर्चा बहुत होती है। वो सब धन पहुंचाने का प्रबंधन था। इसके अलावा कुछ नहीं। पटेल ने कहा कि कांग्रेसियों के भाजपा में आने को जीत से मत जोड़िए। जीत तो हम चुके हैं। मैं मानता हूं भारत जिन उंचाईयों को छूने के लिए आगे बढ़ रहा है इसलिए इस यात्रा में जो भी शामिल होगा उनका हम सब स्वागत करते हैं।

# मप्र में चुनाव बाद आयुष्मान 2.2 लांच करने की तैयारी

भोपाल। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बाद आयुष्मान 2.2 लांच करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए दिल्ली से आए अधिकारी प्रदेशभर के अस्पतालों में दौरा कर अभी चल रही आयुष्मान 2.0 की स्थिति भी जान रहे हैं। नई योजना में ब्लड कैंसर (ल्यूकीमिया) सहित लगभग 400 उन बीमारियों का इलाज शामिल होगा, जो अभी नहीं होता है। अधिकारियों के मुताबिक, बोनमैरो सहित सभी प्रकार के ट्रांसप्लांट इसमें शामिल किए जाएंगे। मरीज वर्ष में एक बार से अधिक सीटी स्कैन भी करा सकेगा।

मध्य प्रदेश आयुष्मान भारत योजना संचालित करने में अभी काफी पीछे हैं। अभी यहां आयुष्मान 2.0 योजना चल रही है, जबकि कई राज्यों में 2.2 योजना संचालित हो रही है। जहां 2.2 योजना चल रही है, वहां 2.4 योजना लागू करने की तैयारी चल रही है। आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनाने में इंदौर प्रदेश में नंबर एक पर है।

# युवा कांग्रेस दे रही है घर-घर जाकर कांग्रेस की न्याय की गारण्टी

भोपाल। भारतीय युवा कांग्रेस के डोर टू टोर अभियान के तहत आज मध्यप्रदेष युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र दर्षन सिंह यादव, जिला युवा कांग्रेस इंदौर ग्रामीण के नेतृत्व में चल रहे डोर टू डोर अभियान में शामिल हुए। युवा कांग्रेस अध्यक्ष मितेंद्र सिंह इंदौर के ग्राम बेगमखेड़ी पहुँचे। जहां उन्होंने गांव में घर-घर पहुँचकर युवा कांग्रेस द्वारा युवाओं,महिलाओं और आमजनों को कांग्रेस द्वारा दी जाने वाली गारण्टियों के बारे में बताया।



इस अभियान के तहत संपर्क के दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि यदि देष में कांग्रेस की सरकार बनती है तो कांग्रेस, तीस लाख सरकारी नौकरियां, जरूरतमंद महिलाओं को सलाना एक लाख रूपया नारी सम्मान के रूप में, किसानों को एमएसपी, श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी 400 रूपये प्रतिदिन दिए जाने की गारण्टी के साथ ही अन्य कई तरह की गारण्टियां कांग्रेस दे रही है।

वहीं, युकां. अध्यक्ष ने अपने संपर्क के दौरान यह भी लोगों को जानकारी दी कि भाजपानीति केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री के कार्यकाल में देष में पढ़े-लिखे षिक्षित नौजवानों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। वहीं देष में बेरोजगारी का 45 सालों का रिकार्ड भी इसी भाजपा सरकार में टूट गया है।

प्रदेष भर में भारतीय युवा कांग्रेस के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के दौरान इंदौर के ग्राम बेगमखेड़ी में जिसमें जिला युवा कांग्रेस इंदौर ग्रामीण के अध्यक्ष दौलत पटेल, म.प्र.युवा कांग्रेस के महासचिव चेतन चौधरी, पार्षद सीमा सोलंकी, सरपंच रवि मंडलोई, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्षगण और युवा कांग्रेस के तमाम साथी उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह ने दाखिल किया नामांकन

भोपाल । ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह ने जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल कराते समय उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री डा़ मोहन सिंह य ा द व , केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा मौजूद थे। नामांकन दाखिल कराने के बाद मुख्यमंत्री रवाना हो गए। इससे पहले उन्होंने मुरार में आयोजित सभा को संबोधित किया। हालांकि पहले मुख्यमंत्री को रोड शो करना था। लेकिन रोड शो को एन वक्त पर रद कर दिया गया।



प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने मुरार के अग्रसेन चौराहे पर भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह की नामाकंन सभा को संबोधित करते हुए इशारों में ही इशारों में कहा कि अयोध्या धाम में जयश्रीराम गुंजायमान होने के बाद अब बारी मथुरा की है। यहां से यमुनाजी भी बहुत पास हैं। इसी मध्यप्रदेश की पावनधरा उज्जैन में श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की थी।उन्होंने कहा कि इसी धरा के हमारे विमानों ने पाकिस्तान के लिए उड़ान भरी थी और घर में घुसकर आतंकियों का अंत किया था। पहले पड़ोसी मुल्क हमारे जवानों पर आखे तरैरी करता था। किंतु जब पाकिस्तान में घुसकर बमवारी कर विमान वापस लौट रहे थे, तो दुर्घटनावश एक विमान गिर गया था।बड़ी-बड़ी मूछों वाले विंग कमांडर अभिनंदन को पाक सेना ने पकड़ लिया था। किंतु बार-बार पाकिस्तान वीडियो वायरल कर बता रहा था कि हम आपके जवान को चाय पिला रहे हैं, लड्डू खिला रहे हैं, कोई बदसलूकी नही कर रहे हैं। क्योंकि पाक को मालूम था कि भारत में अब मोदी युग है। अगर भारतीय जवान को आंख भी दिखाई तो पाकिस्तान विश्व के मानचित्र से गायब हो जायेगा। मंच पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर सांसद जयभान सिंह पवैया,पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

### अंचल का भविष्य तय करने का समय

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभा कहा कि ग्वालियर की अतीत गौरव पूर्ण है और वर्तमान भी गौरवशाली है। अब उज्जवल भविष्य बनाने का समय है। उन्होंने स्मरण कराते हुए कहा कि केवल 18 महा में प्रदेश का सबसे बड़ा ग्वालियर का एयरपोर्ट बनकर तैयार हुआ।क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है।

# ग्वालियर अंचल के किसान न करें धान की खेती

### -कृषि विभाग के साथ प्रशासन ने जारी की अपील

भोपाल। मध्य प्रदेश के ग्वालियर और उसके आसपास के कुछ जिलों में किसान गर्मी के मौसम में धान की फसल लगाने के लिए तैयार है, लेकिन पानी की बढ़ती खपत और गिरते भूजल स्तर को लेकर कृषि विभाग के साथ प्रशासन ने एक अपील जारी की है। अपील के जरिए कहा गया है कि किसान पानी की कमी को देखते हुए धान की फसल न लगाएं। किसान मूंग और तिली की बोवनी करें। कृषि विभाग ने यह भी बताया है कि एक हजार हेक्टेयर में धान के लिए 02 अरब 50 करोड़ लीटर पानी लगता है। यह पानी एक दिन में 83 करोड़ लोगों की प्यास बुझा सकता है। ग्वालियर अंचल में आधा दर्जन से ज्यादा ऐसे इलाके हैं, जहां गर्मी के मौसम में ही धान की बोवनी शुरू हो जाती है। ग्वालियर जिले में ही करीब दस हजार हेक्टेयर भूमि पर किसान धान की फसल की बोवनी गर्मी में करते हैं। इस दौरान पानी की आपूर्ति के लिए किसान खेत के ट्यूबवेल का उपयोग करते हैं। जिसके चलते तेजी से भू जलस्तर में गिरावट होती है।

### भू-जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा

बीते कई सालों से चले आ रहे इस क्रम के चलते अंचल का भू-जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। ऐसे में भविष्य के जल संकट से बचने के लिए कृषि विभाग और प्रशासन ने उन किसानों के लिए अपील जारी की है जो गर्मी के मौसम में धान की बोवनी करते हैं। धान को सर्वाधिक पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में यदि किसान अपील पर अमल करते हैं तो एक दिन में 83 करोड़ लोगों की प्यास बुझाने वाले पानी की बचत की जा सकेगी। कृषि विभाग ने किसानों को सुझाव भी दिए हैं। विभाग का किसानों से कहना है कि गर्मी के मौसम में किसान उन फसलों की खेत में पैदावार करें, जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़े और जल की आवश्यकता कम पड़े। ऐसे में किसान सन, ढेंचा, मूंग और तिली की बोवनी करें क्योंकि इन फसलों में कम पानी लगता है।

# मप्र दस लोकसभा सीटों पर युवा करेंगे हार-जीत तय

भोपाल। प्रदेश में लोकसभा के चार चरणों में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार जोर पकड़ चुका है। भाजपा- कांग्रेस सहित तमाम दलों के नेता पूरी ताकत से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। इस बीच मतदाताओं के आंकड़े भी सामने आ चुके हैं। इससे यह तय हो गया है कि प्रदेश में दस सीटें ऐसी हैं जहां पर पूरी तरह से हार-जीत का फैसला युवाओं द्वारा किया जाएगा। यह वे मतदाता हैं, जो पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदान इस बार करेंगे। अगर प्रदेश की सभी 29 सीटों की बात की जाए, तो कुल मतदाताओं में एक चौथाई संख्या युवाओं की है। आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में कुल 5.63 करोड़ मतदाताओं में से 1.53 करोड़ (27 प्रतिशत) वो मतदाता हैं, जिनकी उम्र 30 वर्ष से कम है या 18 से 29 वर्ष के बीच है। उम्मीदवार की किस्मत का फैसला इन्हीं के हाथों में ही रहने वाला है।

अगर बीते चुनावों में हार-जीत का आंकड़ा देखा जाए तो अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में जीत का अंतर कुल मतों के 25 प्रतिशत से भी कम था। ऐसे में उन करीब 17 लाख मतदाताओं की भूमिका अहम रहने वाली है जो इस बार पहली बार मतदान करने जा रहे हैं। इन मतदाताओं की उम्र 18 से 19 वर्ष की है। यह देश में इस आयु वर्ग का सर्वश्रेष्ठ नामांकन है। प्रदेश के 29 में से 17 निर्वाचन क्षेत्रों में, अकेली इस श्रेणी के तीन प्रतिशत मतदाता हैं।

प्रदेश के खरगोन लोकसभा क्षेत्र में 30 वर्ष से कम आयु के मतदाताओं का प्रतिशत सबसे अधिक है। यहां 30.45 प्रतिशत मतदाता 30 वर्ष से कम आयु के हैं। इसके बाद रतलाम है जहां 30.31 प्रतिशत मतदाता 30 वर्ष से कम आयु के हैं। ये दोनों आदिवासियों के लिए आरक्षित लोकसभा क्षेत्र हैं।

# कांग्रेस नेताओं पर डाला जा रहा है दबाव

भोपाल । मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि भाजपा लगातार कांग्रेस के नेताओं पर दबाव डाल रही है और जो दबाव में नहीं आता, उसके ऊपर छापेमारी और दूसरी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस के आदिवासी विधायक नीलेश उइके पर इस तरह का दबाव डाला गया, लेकिन वे इसके आगे नहीं झुके तो उनके ऊपर छापे डाले गए। उनके आवास, निर्माणाधीन भवन, खेत खलिहान और अन्य स्थानों पर जिस तरह से छापेमारी की कार्रवाई की गई और घंटों तक तलाशी के बाद कुछ नहीं मिला, उससे स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी प्रशासन का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं का उत्पीडन् कर रही है। मैं इस तरह की कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूँ और पार्टी के सभी कार्यकर्ता नीलेश उइके साथ हैं। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के कार्यकर्ताओं का आह्वान करता हूं कि इस तरह के दमन और उत्पीडन् से भयभीत न हों और पूरी तरह एकजुट होकर जनता के सामने जाएं। छिंदवाड़ा की जनता इस तरह के अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि जीत सत्य की ही होगी।



# ग्वालियर-चंबल अंचल में स्टार प्रचारकों की बढ़ी मांग

## भाजपा मोदी, शाह व गडकरी, कांग्रेस प्रियंका की सभा कराने की तैयारी में

भोपाल। ग्वालियर-चंबल अंचल की चारों लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार शुरू हो गया है। भाजपा व कांग्रेस के चुनाव कार्यालय अस्तिव में आने के बाद प्रचार ने गति पकडऩा शुरु कर दी है। नामांकन दाखिल होने के बाद दोनों प्रमुख दलों के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय नेताओं की चुनावी सभाओं का सिलसिला शुरू होगा। भाजपा समूचे देश में लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर व केंद्रीय मंत्री अमित शाह व पार्टी के थिंक टैंक माने जाने वाले प्रमुख रणनीतिकारों की कार्ययोजना पर लड़ रही है, इसलिए भाजपा अंचल में चारों सीटों पर प्रभाव डालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक लाख से अधिक लोगों की सभा कराने की रणनीति बन रही है। वहीं कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बुलाने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व से संपर्क में है। दूसरी तरफ कांग्रेस की कोशिश है कि पार्टी की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की सभा व रोड-शो अंचल में हो। इसके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का अंचल के दौरे का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। प्रदेशस्तरीय नेताओं जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार व उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भी अंचल में चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे।

भाजपा के रणनीतिकार अंचल में पार्टी उम्मीदवारों की स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी सभा अंचल में कराने की योजना बना रहे हैं, इसके साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भी चुनावी रणनीति को फाइनल टच देने के लिए अंचल प्रवास का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। क्षत्रिय वोटों को लुभाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय परिवहन व सडक् मंत्री नितिन गडकरी की चुनावी सभा तय कराने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि गडकरी ने अंचल को विकास के कई प्रोजेक्ट दिये। कुछ गतिशील हैं, तो कुछ पाइप लाइन में हैं, इसके अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का अंचल में चुनाव प्रचार के लिए आना तय माना जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव लगातार अंचल में प्रवास कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी अंचल की तीनों सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए पार्टी भेज सकती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी पर्दे के पीछे से चुनावी कमान संभाले हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा अगले सप्ताह से अंचल में सक्रिय नजर आएंगे।

अंचल में कांग्रेसी अपनी स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की सभा करने का प्रयास कर रही है, क्योंकि विधानसभा चुनाव में ग्वालियर व दतिया में वे चुनावी सभा कर चुकी हैं। कांग्रोसियों का मानना है कि प्रियंका गांधी के दौरे से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को लाभ मिला था। राहुल गांधी की न्याय यात्रा चुनाव से पहले ही अंचल से गुजरी है, इसलिए उनका एक-दो लोकसभा सीटों पर रोड-शो कराने पर विचार किया जा रहा है, इसके अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभाएं भी अंचल में हो सकती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ का उपयोग भी चुनाव प्रचार में कांग्रेस अंचल में करेगी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के अलावा डिमांड के अनुसार फूल सिंह बरैया को भी चुनाव प्रचार के लिए भेजा जा सकता है।

# केकेआर और राजस्थान रॉयल्स में रोमांचक मुकाबला

कोलकाता। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को यहां आईपीएल 2024 के एक अहम मुकाबले में आमन-सामने होंगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी मे केकेआर यहां अपने घरेलू मैदान पर रॉयल्स को हराकर लीग में नंबर एक पर पहुंचने के लिए पूरा जोर लगा देगी। वहीं संजू सैमसन की कप्तानी में अब तक शानदार प्रदर्शन करती आई रॉयल्स भी जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। रॉयल्स ने अब तक शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर विरोधी टीमों पर अपना दबदबा बनाया है पर इस मैच में उसे केकेआर के सुनील नरेन से सतर्क रहना होगा।

नरेन ने अब तक अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया है। केकेआर ने जिस प्रकार से इस सत्र में प्रदर्शन किया है उससे वह खिताब की प्रबल दावेदारों में शामिल हो गयी है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 लेकर टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी।




केकेआर ने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इस मैच में फिल सॉल्ट ने तेज अर्धशतक लगाया था पर इसके बाद भी जीत में नरेन की गेंदबाजी ने ही अहम भूमिका निभाई थी। नरेन के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना पायी थी। इस सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर अब नरेन का सामना किस प्रकार करते हैं ये देखना होगा।

इस मैच में रॉयल्स के जोस बटलर का खेलना तय नहीं है। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। इस सत्र में नरेन ने केकेआर की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की है जिस पर राजस्थान के गेंदबाजों को रोक लगाना आसान नहीं रहेगा। उन्होंने अब तक 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल में सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिए थे। जिससे भी केकेआर की ताकत बढ़ेगी।

केकेआर की बड़ी परेशानी कप्तान श्रेयस का फार्म में नहीं होना है। लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रेयस को तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ सहज नहीं देखा गया। अब तक टीम की ओर से शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण ने आक्रामक बल्लेबाजी की है। वहीं डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल की गेंदबाजी से भी टीम हावी रही है।

टीम की चिंता रिंकू सिंह का लय में होना नहीं है। रिंकू ने अब तक केवल 3 रन ही बना पाए हैं। उप कप्तान नितीश राणा चोट के कारण नहीं खेल पा रहे। वहीं ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान, युजवेंद्र चहल और केशव महाराज की मौजूदगी में रॉयल्स की गेंदबाजी धारदार है। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच बेहद रोमांचक रहेगा क्योंकि सत्र की दो शीर्ष प्रदर्शन करने वाली टीमें आमने-सामने होंगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**कोलकाता नाइट राइडर्स**- श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

**राजस्थान रॉयल्स**- संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

# मयंक के पास है अच्छी गति और नियंत्रण- साउदी

मुम्बई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेल रहे तेज गेंदबाज मयंक यादव की जमकर प्रशंसा की है। मयंक ने आईपीएल सत्र के अपने पहले ही मैच में सबसे तेज गेंद फेंकी थी। इस दौरान मयंक ने अपनी लाइन, लेंथ और स्पीड के कारण सभी का ध्यान खींचा था। इसी को लेकर मयंक की प्रशंसा करते हुए साउदी ने कहा है कि कई खिलाड़ियों के पास गति होती है पर नियंत्रण नहीं होता जबकि मयंक के पास दोनो ही हैं। साउदी ने कहा, मुझे लगता है कि उसकी गति के साथ उसमें जो चीज बहुत अच्छी लगती है। वह है उसका नियंत्रण। बहुत से खिलाड़ी जिनके पास इतनी तेज़ गति होती है अपने पर नियंत्रण नहीं कर पाते हैं पर मयंक के पास गति के साथ-साथ नियंत्रण भी है। मैं न केवल आईपीएल में, बल्कि उसके बाद भी उसे खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं।



मयंक अपने करियर के दौरान टखने और हैमस्ट्रिंग की चोटों से भी परेशान रहे थे। इसकी कारण वह पिछला सत्र नहीं खेल पाये थे। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ इस सत्र में अपना आईपीएल पदार्पण किया था और 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी। आरसीबी के खिलाफ अपने दूसरे आईपीएल मैच में इस गेंदबाज ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए थे जिसमें उन्होंने 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से इस आईपीएल की सबसे तेज गेंद भी फेंकी थी। मयंक अपने तीसरे मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ चोटिल होने के कारण केवल एक ओवर ही गेंदबाजी कर पाये थे। इस दौरान वह 140 किमी प्रति घंटे से अधिक रफ्तार से गेंदबाजी नहीं पाये।

# टी20 विश्व कप में सबसे कम स्कोर है डच टीम के नाम

## 100 रनों के अंदर सिमटी हैं कई टीमें

नई दिल्ली। जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 की तैयारियों में सभी टीमें लगी हुई हैं। टी20 विश्व कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के अब तक के सफर में सबसे कम स्कोर पर आउट होने का अनचाहा रिकार्ड डच टीम नीदरलैंड के नाम दर्ज है। हैं। टी20 विश्व कप में अब तक कई टीमें 100 रनों के अंदर भी आउट हुई है। इसमें सबसे कम स्कोर नीदरलैंड का है। वह एक बार 10 ओवर में 79 रन पर ही आउट हो गयी थी। वहीं इसमें भारतीय टीम का सबसे कम स्कोर 79 रन रहा है।

तब श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में नीदरलैंड की टीम 39 रन पर ही आउट हो गयी थी। बांग्लादेश में हुए इस मैच में नीदरलैंड का केवल एक बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाया था जबकि 5 बल्लेबाज एक भी रन नहीं बना पाये थे। श्रीलंका ने तब 5 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया था। यह टी20 विश्व कप में किसी




टीम का सबसे छोटा स्कोर है। वहीं दूसरा सबसे छोटा स्कोर भी डच टीम के नाम ही है. 2021 के टी20 विश्व कप में श्रीलंका ने नीदरलैंड्स को 44 रनों पर आउट कर दिया था।

वहीं भारतीय क्रिकेट टीम को 2016 के टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने 79 रन पर ऑलआउट कर दिया था। तब नागपुर में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम 18.1 ओवर में 79 रन ही बन पायी थी। टी20 विश्व कप में सबसे कम स्कोर पर आउट होने के मामले में नीदरलैंड पहले और दूसरे नंबर पर है जबकि 55 रन के साथ ही वेस्टइंडीज तीसरे जबकि 60 रन के साथ न्यूजीलैंड चौथे नंबर पर है. स्कॉटलैंड 60 रन के साथ पांचवें, आयरलैंड 68 रन के साथ छठे जबकि हांगकांग 69 रन के साथ सातवें और बांग्लादेश 70 रन के साथ ही आठवें नंबर पर है। वहीं भारतीय टीम 13 वें नंबर पर है।

# भारतीय टीम को विश्वकप जीतने के लिए पंड्या और ऋषभ की जरुरत - वॉन

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम को विश्वकप जीतने के लिए विराट कोहली, रोहित रोहित शर्मा की नहीं बल्कि हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों की जरुरत है। उन्होंने कहा कि इसी महीने के अंत तक टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन होना है। ऐस में आईपीएल टूर्नामेंट में अच्छा खेल दिखाने वालों को विश्व कप के लिए प्रबल दावेदार बताया जा रहा है। साथ ही कहा कि कोहली, रोहित रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं पर इनसे भी अधिक भारतीय टीम को हार्दिक पंड्या और ऋषभ चाहिये।

इस पूर्व कप्तान ने कहा, भारत को अगर विश्व कप जीतना है तो उसे हार्दिक पंड्या को साथ रखना जरूरी है। टीम इंडिया को उनकी जरूरत






पड़ेगी। पंड्या के साथ भारत के विश्व कप जीतने की संभावना बढ़ जाएगी। मुझे लगता है कि अगर पंड्या और ऋषभ नहीं खेलते हैं तो ऋषभ पंत को शामिल किया जाना चाहिये।

वॉन ने साथ ही कहा, इंजरी के बाद भी ऋषभ अच्छा खेल रहे हैं। साथ ही कहा कि वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे। वह अब अपने पहले वाले अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। पिछले साल भारत में आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में कप्तान रोहित के पास शायद यह किसी आईसीसी ट्रॉफी को जीतने का अंतिम अवसर है। बीसीसीआई ने उनपर एक बार फिर से भरोसा जताया है। भारतीय टीम ने पिछले एक दशक से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है। आखिरी बार टी20 विश्व कप खिताब साल 2007 में ही जीता था। जहां भारत ने फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था। उसके बाद से भारत ने सिर्फ 2011 का विश्व कप जीता था। साल 2016 के टी20 विश्व कप में भारत सेमीफाइनल तक पहुंचने में कामयाब हुआ था पर वेस्टइंडीज ने भारत को सेमीफाइनल मैच में हरा दिया था। 2022 के भी विश्व कप में भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

# चोटिल होने के बाद भी आईपीएल खेल रहे धोनी सिमंस

मुम्बई। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी चोटिल होने के बाद भी आईपीएल मुकाबला खेल रहे हैं। धोनी ने अपनी टीम को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। सिमंस ने कहा, विकेट पर उनका व्यवहार कमाल का रहता है। जब डेथ ओवर में गेंदबाजी हो रही होती है तो हम उनका उपयोग बल्लेबाजी टेंपलेट की तरह करते हैं। पहले सत्र में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। जब उनको चोट लगती है तो होती है तो सभी इसकी चर्चा करने लगते हैं पर धोनी इस बारे में ज्यादा नहीं नहीं सोचते।

# रोहित को पंजाब किंग्स का कप्तान बनाना चाहती हैं प्रीति जिंटा

मुम्बई। पंजाब किंग्स की सहमालकिन प्रीति जिंटा ने कहा है कि अगले साल होने वाली आईपीएल नीलामी में वह मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा को अपनी टीम टीम से जोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगी। पंजाब किंग्स की टीम के लिए आईपीएल सत्र अब तक अच्छा नहीं रहा है। शिखर धवन की कप्तानी में उसे अब तक चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में अब प्रीति अगले सत्र में रोहित को कप्तानी की जिम्मेदारी देना चाहती हैं।



प्रीति ने रोहित की जमकर प्रशंसा भी की है। उन्होंने कहा कि अगर रोहित मेगा नीलामी में उपलब्ध रहेंगे तो वह पंजाब किंग्स टीम में उन्हें खरीदने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। प्रीति ने कहा कि उनकी टीम को एक ऐसे कप्तान की जरुरत है जो खिलाड़ियों के बीच स्थिरता और चैंपियन मानसिकता ला सके। ऐसे में अगर रोहित मेगा नीलामी में आते हैं तो मैं उन्हें पाने के लिए वह कुछ भी कर सकती हैं। साथ ही कहा कि हमें अपनी टीम में केवल एक ऐसे कप्तान की कमी खल रही है जो कुछ स्थिरता और चैंपियन मानसिकता लेकर आता है।

गौरतलब है कि रोहित ने हाल ही में आईपीएल 2024 सीजन के बाद मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी से अलग होने की इच्छा व्यक्त की है। अगर ऐसा हुआ तो वह मेगा नीलामी में उतर सकते हैं हालांकि। इस दौरान कुछ और टीमें भी उन्हें लेने का प्रयास कर सकती हैं। अभी पंजाब किंग्स फिलहाल 8वें स्थान पर चल रही है। पंजाब ने अब तक 6 मुकाबले खेले हैं जिसमें 2 में उन्हें जीत जबकि 4 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

# रोहित का शतक बेकार गया, मुम्बई हारी

मुम्बई। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने आईपीएल 2024 में हुए एक रोमांचक मुकाबला में मुंबई इंडियंस को 20 रनों से हरा दिया। इस मुकाबले में मुम्बई के कप्तान रोहित शर्मा का शतक भी बेकार गया। सीएसके के महेन्द्र सिंह धोनी ने मुम्बई के कप्तान हार्दिक पंड्या के ओवर की अंतिम चार गेंदों पर जो 3 छक्के लगाये। वहीं मुम्बई को भारी पड़ गये।

इस मैच में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ 69 और शिवम दुबे 66 ने अच्छी बल्लेबाजी की। संभाला. इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी कर अपनी टीम को मजबूत स्कोर इन दोनों ने टीम का स्कोर 60 से 159 रन पहुंचा दिया. डेरिल मिचेल ने 14 गेंद पर 17 रन बनाये।

.

अंत में धोनी ने 4 गेंद पर 20 रन बनाकर सीएसके को 200 रन से ऊपर पहुंचा दिया। इसके बाद मुंबई इंडियंस ने जीत के लिए 207 रन का



लक्ष्य का पीछ शुरु किया। ओपनर रोहित शर्मा 105 और ईशान किशन 23 ने मुंबई को अच्छी शुरुआत दी पर इसके बादमथीशा पथिराणा ने लगातार 2 गेंद पर ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव का विकेट लेकर मुंबई इंडियंस को दबाव में ला दिया। मुंबई इंडियंस मथीशा पथिराणा के इन झटकों से अंत तक नहीं उबर सकी। तिलक वर्मा ने जरूर 31 रन बनाए पर बाकि के बल्लेबाज एक के बाद एक आउट हो गये। कप्तान हार्दिक पंड्या 2 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। टिम डेविड 13 और रोमारियो शेफर्ड 1 रन ही बना सके इस प्रकार मुम्मई की टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायी। पथिराणा ने 4 ओवर के स्पेल में 28 रन देकर 4 विकेट लिए।


# प्रशंसकों से बोले पोलार्ड, पांड्या को निशाना न बनायें

मुंबई । मुंबई इंडियन्स के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने सीएसके के खिलाफ टीम की हार पर निराश जतायी है। पोलार्ड ने इसके साथ ही कप्तान हार्दिक पांड्या का बचाव भी किया है।कोच ने प्रशंसकों से अपील की कि वे हार्दिक को हार का दोष न दें। साथ ही कहा कि किसी कुछ खिलाड़ियों को दोष देना ठीक नहीं है। इस प्रकार का व्यवहार करने वाले लोगों से वह निराश हैं। सुपरकिंग्स के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी ने पांड्या के पारी के अंतिम ओवर में लगातार तीन छक्कों की मदद से 26 रन बनाए। वहीं पांड्या इस मैच में लाइन और लेंथ को लेकर संघर्ष करते दिखे। उन्होंने मुश्किल समय पर दो वाइड गेंदें भी फेंकी। पांड्या ने अपने तीन ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट लिए और उन्हें बल्लेबाजी में भी वह 2 रन ही बना पाये। पोलार्ड ने कहा, 'सभी खिलाड़ियों को इस तरह के समय का भी सामना करना पड़ता है। मैं व्यक्तिगत रुप से खिलाड़ियों पर निशाना साधने से परेशान हूं। आखिर क्रिकेट एक टीम गेम है। उन्होंने कहा, 'पांड्या एक आत्मविश्वासी व्यक्ति हैं। टीम के साथियों के साथ उसके संबंध अच्छे है। क्रिकेट में आपके अच्छे दिन भी आते हैं और बुरे भी। मैं एक ऐसे व्यक्ति को देख रहा हूं जो अपने कौशल को जारी रखने और अपनी क्षमता दिखाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। पोलार्ड ने प्रशंसकों को भारत के टी20 विश्व कप अभियान के लिए पांड्या को चुने जाने की संभावना के बारे में याद दिलाते हुए कहा कि अगर ऐसा होता है तो हर कोई उसकी प्रशंसा करने लगेगा।




# ऋतुराज ने जीत का श्रेय धोनी को दिया

मुम्बई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ यहां आईपीएल में मिली जीत का श्रेय विकेटीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को दिया है। इस मैच में धोनी ने आतिशी पारी खेलते हुए अंतिम ओवर में तीन छक्के लगाये थे। वहीं मुंबई की टीम रोहित शर्मा के शतक के बाद भी लक्ष्य तक नहीं पहुंचने के कारण हार गयी। धोनी ने अंतिम 4 गेंदों पर 20 रन बनाए। यही फर्क चेन्नई की जीत का कारण भी बन गया क्योंकि मुम्बई 20 रन ही कम बना पायी। मैच खत्म होने के बाद कप्तान गायकवाड़ ने धोनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन तीन छक्कों से हमें बहुत सहायता मिली और यहीं से अंतर साबित हुआ। हमें इस तरह के मुकाबले के लिए 10 से 15 अतिरिक्त रनों की जरूरत थी।



ऋतुराज ने कहा कि हम जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो बीच में जसप्रीत बुमराह ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। वहीं हमारी ओर से आज मलिंगा ने आज वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, उन्होंने यॉर्कर फेंके। इसके अलावा तुषार और शार्दुल ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। ऋतुराज ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें इसे सरल बनाए रखना होगा, सभी को अच्छे दिमाग में रहने के लिए प्रोत्साहित करना होगा और इसी तरह आगे भी जारी रखना होगा। इस मैच में चेन्नई ने पहले खेलते हुए ऋतुराज गायकवाड़ के 69 तो शिवम दुबे के 66 तो धोनी के 4 गेंदों पर 20 रन की बदौलत 206 रन बनाए थे। वहीं इसके बाद मुंबई इंडियंस की ओर से केवल रोहित शर्मा और तिलक वर्मा ही सीएके की ओर से रन बना पाये और पूरी टीम 186 रन ही बना पायी।

# रोहित टी20 में 500 छक्के लगाने वाले क्लब में शामिल हुए

मुंबई। मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने यहां आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हुए मुकाबले में शतक के दौरान ही टी20 में अपने 500 छक्के पूरे किये। रोहित ने अपनी पारी में 3 छक्के लगाते ही ये उपलब्धि हासिल की। इसी के साथ ही रोहित टी20 में 500 छक्के लगाने वाले पहले एशियाई और विश्व के चौथे खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले पुरुष टी20 क्रिकेट में 500 से अधिक छक्के चार बल्लेबाजों के नाम हैं वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 1056 , कीरोन पोलार्ड 860, आंद्रे रसेल 678, न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो 548 छक्के ।

रोहित ने इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सभी ओर शॉट खेले। रोहित ने इस दौरान ट्वंटी 20 में 500 छक्के भी पूरे कर लिए। रोहित के इससे पहले आईपीएल में 271 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 190 छक्के थे।

# स्टार्क के बचाव में उतरे गंभीर, उसे खराब गेंदबाज कहना ठीक नहीं

कोलकाता। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर पाये है। स्टार्क आईपीएल इंतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। ऐसे में उनसे सभी को धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद थी पर वह विफल रहे हैं। इस कारण ये गेंदबाजी आलोचनाओं का शिकार भी हुआ है। इसी को लेकर अब टीम के मेंटोर गौतम गंभीर उनके बचाव में उतरे हैं। गंभीर ने कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन से अधिक टीम की सफलता पर उन्होंने ध्यान दिया है। इसलिए स्टार्क को खराब गेंदबाज कहना ठीक नहीं है।



गंभीर ने उनका बचाव करते हुए कहा ," खराब आंकड़े मायने नहीं रखते। टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों की पिटाई भी होती ही है। हमने चार में से तीन मैच जीते हैं।" गंभीर ने कहा ," टीम खेल में जीत मायने रखती है। हमने चार में से तीन मैच जीते हैं। मैं किसी के प्रदर्शन से खुश क्यों नहीं रहूंगा। अच्छा बुरा दिन खेल में आता है पर टीम की जीत सबसे अहम होती है।" साथ ही कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन पर अधिक ध्यान देना अहम नहीं है। मैरा मानना है कि स्टार्क ने अच्छा खेला है। वह जल्दी ही लय में नजर आयेगा। उन्होंने कहा ," पहले चार मैच में हमें अच्छे परिणाम मिले। हमें पता है कि स्टार्क क्या कर सकता है। चार मैच उसे खराब या अच्छा गेंदबाज नहीं बनाते। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है।"

# टी20 विश्वकप के लिए पांड्या से अधिक मजबूत है शिवम की दावेदारी-मनोज

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) के ऑलराउंडर शिवम दुबे की जमकर प्रशंसा की है। तिवारी के अनुसार आगामी टी20 विश्वकप में इस क्रिकेटर को जरुर जगह मिलनी चाहिये। साथ ही कहा कि टीम में जगह के लिए उसकी दावेदारी मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या से अधिक मजबूत है। इसलिए अगर चयन के समय उसे पांड्या से अधिक वरीयता मिली चाहिये। तिवारी के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में पांड्या का प्रदर्शन कोई विशेष नहीं रही रहा है। बल्लेबाजी में वह रन नहीं बना पाये हैं इसके अलावा गेंदबाजी भी काफी कम की है। उन्होंनें पिछले तीन मैचों में केवल एक ओवर ही किया है। साथ ही कहा कि अगर हार्दिक को टी20 विश्वकप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करनी है तो उन्हें अपने को साबित करन होगा। साथ ही



कहा कि अब तक हार्दिक ने इस सत्र में काफी रन दिये हैं। ऐसे अबर वह एक ऑलराउंडर के रूप में खेलना चाहते हैं, तो उन्हें आने वाले मैचों में बेहतर गेंदबाजी करनी होगी।

इसके साथ ही तिवारी ने यह भी कहा किया कि अगर शिवम को टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिलती है तो इसके लिए सीएसके जिम्मेदार मानी जाएगी क्योंकि सीएसके उन्हें गेंदबाजी के अवसर नहीं दे रही। साथ ही कि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर हमें साहसी फैसले लेते है। ऐसे में वह शायह ही हार्दिक को अवसर दें। साथ कहा कि हार्दिक अगर अच्छा नहीं खेल रहे हैं तो उनके विकल्प के तौर पर शिवम को तैयार किया जाना चाहिये।

उन्होंने शिवम को एक चालाक गेंदबाज बताया। उन्होंने कहा, एक समय हमारे पास वेंकटेश अय्यर भी थे। अचानक दोनों ने गेंदबाजी करना बंद कर दिया। हमें बड़े लक्ष्य को देखना चाहिए। हम एक दशक से विश्वकप नहीं जीत पाये हैं। इसलिए हमें उसके लिए समय से पहले योजना बनानी होगी। अभी हार्दिक फॉर्म में नहीं हैं और शिवम को आईपीएल में गेंदबाजी के अधिक अवसर नहीं मिले हैं। ऐसे में वह कैसा प्रदर्शन करते हैं ये कहा नहीं जा सकता है।

# डीजे वाहन की टक्कर से शाहरूख की मौत

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के सिवनी मार्ग कटंगटोला के समीप स्थित भगवती राईस मिल के सामने रविवार की रात करीब डेढ़ बजे चौपहिया डीजे वाहन की टक्कर से रामपायली निवासी २८ वर्षीय शाहरूख शेख की मौत हो गई। सोमवार को प्रात: ११ बजे मृतक व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है एवं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पुलिस ने जिस वाहन की टक्कर से शाहरूख की मौत हुई है उस वाहन को जप्त कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपायली निवासी २८ वर्षीय शाहरूख पिता आरिफ शेख रविवार को मोटरसाइकिल से




किसी काम से सिवनी गया था और वहां से काम निपटाकर वापस अपने गांव रामपायली जा रहा था तभी रात करीब डेढ़ बजे लालबर्रा से सिवनी की ओर जा रहे डीजे चौपहिया वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक व तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए कटंगटोला के समीप भगवती राईस मिल के सामने मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल में सवार शाहरूख शेख गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद मार्ग से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और तत्काल एम्बुलेंस से घायल को लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मृतक युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई और जिस वाहन से हादसा घटित हुआ है उसे पकड़ लिया गया है। वहीं रात हो जाने के कारण दुसरे दिन सोमवार को प्रात: ११ बजे मृतक शाहरूख शेख का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक शाहरूख शेख रामपायली में आरो मिनरल पानी का काम करता था, घटना के बाद से मृतक व्यक्ति के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है और पुलिस प्रशासन से डीजे वाहन चालक पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दिलीप भैरम को किया जिला बदर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आरोपी दिलीप भैरम को मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के अंतर्गत जिला बदर करने के आदेश जारी किये है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन और अपराधिक रिकार्ड की सूची तथा अन्य दस्तावेजों का सुक्ष्म परीक्षण करने के पश्चात आदेश जारी किये गए है। जारी आदेशानुसार दिलीप भैरम पिता शिवराम भैरम जाति पंवार उम्र 41 वर्ष निवासी वार्ड न.02 मशीनटोला, गर्रा थाना वारासिवनी की समाज विरोधी अपराधिक कृत्य एवं अपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से कार्यवाही की गई है। आदेश के तहत आरोपी जिले की सीमाओं के भीतर नही रहेंगा और न ही प्रवेश करेंगा। आदेश का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा-14 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिला बदर का आदेश 1 वर्ष तक की अवधि के लिए तत्काल प्रभावशील किया गया है।

## आम्बेडकर जयंती पर पुराना कलेक्ट्रेट ऑफिस के प्रांगण में खोला गया प्याऊ

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ बी आर आंबेडकर जयंती के उपलक्ष मे पुराना कलेक्ट्रेट आफिस के प्रांगण में आमजनो के लिए प्याऊ का शुभारंभ एस के बनवाले अधीक्षक एवं अन्य कर्मचारियो की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान ऑफिस परिसर में कार्य करने वाले कर्मचारी गण मौजूद रहे। आपको बताएं कि इस कार्यालय में रोजाना अपने कार्य से बड़ी संख्या में आमजन आते है जिन्हे इस गर्मी के मौसम में परेशान होते हुए देखा जाता है, लोगो को परेशानी से निजात मिले इसको ध्यान में रखते हुए प्याऊ का शुभारंभ किया गया। प्याऊ खुलने से आमजनो सहित कर्मचारियों में भी काफी राहत देखी जा रही है।

## ग्राम हट्टा मे धूमधाम से मनाई गयी बाबासाहेब की 134 वी जयंती

हट्टा (पद्मेश न्यूज़)। 14 अप्रैल को समाज सुधारक सविधान निर्माता भारतरत्न डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की 134वी जयंती ग्राम हट्टा के बौद्ध समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर सुबह डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्याअर्पण कर पूजा वंदना की गयी तदोउपरांत शाम 4 बजे से भीम रैली निकली



गयी जो संपूर्ण ग्राम का भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक पहुँची जहाँ पर रैली का समापन किया गया । इस दौरान सभा का आयोजन किया गया जिसमे छोटे बच्चो द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी तथा सभा मे उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे ग्राम के बौद्ध उपासक व उपासिकायो व ग्रामीण बौद्ध समिति का सराहनीय योगदान रहा।

## सेल्फी पाइंट निभा रहा मतदाता जागरूकता अभियान में अहम भूमिका

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सेल्फी पाइंट स्थापित किया गया हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत के संरक्षण एवं महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी डॉ. संगीता मेश्राम के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से महाविद्यालय परिसर में




विद्यार्थियों, महाविद्यालय स्टॉफ एवं आगंतुको को 19 अप्रैल 2024 मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मतदान के लिये पात्र महाविद्यालय के विद्यार्थी सेल्फी पाइंट में अपनी फोटो लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूकता के प्रसार में निरन्तर अपना योगदान दे रहे है। जिसमें महाविद्यालय के ई.एल.सी. क्लब केम्पस एम्बेसेडर छात्रा कु. प्रीति परिहार एवं केम्पस एम्बेसेडर छात्र सुरेन्द्र सोनवाने प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

## मतदान केंद्र के बाहर ही रहेंगे गार्ड और मोबाईल

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और एसपी श्री समीर सौरभ ने सोमवार को संयुक्त रूप से एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने कहा कि सभी इस बात को अच्छे से समझे और इसका पालन कराएं, मतदान केंद्र के भीतर कोई भी गार्ड और मोबाइल नही रहेगा। चाहे कलेक्टर व एसपी के गार्ड हो वो भी मतदान केंद्र के बाहर ही होंगे। निर्वाचन प्रेक्षकों ने सतर्कता बरतने के संकेत दिए है। इश्लिये हमें अतिरिक्त रूप से तैयार रहना है। चाहे वो जल्द वोटिंग कराने का मामला हो या बसों को समय पूर्व पहुँचाने की बात हो। इसके अलावा ईवीएम मशीनों के रखरखाव व समय पर मतदान केंद्र में आवश्यक होने पर रिजर्व मशीन पहुँचाने की बात हो। हर लिहाज से हमें तैयारी रखनी होगी। कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा ने कहा कि गत दिवस सचिवों




के साथ हुई बैठक में स्लो वोटिंग के कई कारण सामने आए है। उन बिंदुओं पर कहीं भी गलती नही करनी है। 58 नक्सल मतदान केंद्रों के अलावा 7 अलग से एक्स्ट्रा अलर्ट वाले केंद्र बने है। इस बार मतदान केंद्रों पर विशेष मेडिकल किट उपलब्ध रहेगा। जो आकस्मिक रूप से घटना होने पर उपयोगी होगा। साथ ही इस बार मेडिकल सेक्टर, नोडल, अस्पताल नोडल अधिकारी बनाए गए है। इन सब की सूचियां भी सचिवों तक को दी गई है। संचार प्लान कही भी ब्रेक नही होना चाहिए। बैठक में एएसपी श्री विजय डावर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी केसी ठाकुर और समस्त अनुभागों का अमला उपस्थित रहा।

एसपी श्री सौरभ ने कहा कि अब तक जो भी प्लान बनाये गए है। चाहे वो सुरक्षा व्यवस्था के हो या जल्द मतदान कराने के हो या अन्य उस पर एक्सरसाइज करने का यही समय है इसके बाद 18 अप्रैल से अमल में लाया जाना है। अपने-अपने संचार व्यवस्थाओं लो दुरुस्त कर लेंवे। वाहनों में सभी तरह की सामग्रियां रखें। किसी भी स्थान पर आवश्यकता पड़ने पर तुरंत एक्शन लिया जा सके।

कलेक्टर व डीईओ डॉ.मिश्रा ने सभी एसडीएम से कहा कि आयोग ने स्पष्ट रूप से मैटर बनाया है जिसमें आवश्यक रूप से करने वाले काम और जो काम बिल्कुल नही करना है। उसकी पुस्तिकाएं प्रकाशित कराई है। पड़ने का समय नही रहे तो एक दूसरे के साथ शेयर करें।

एसडीएम व एसडीओपी ने अनुभाग की कार्ययोजना बताई

बैठक के दौरान सभी एसडीएम और एसडीओपी से पृथक-पृथक से कार्य योजना की जानकारी ली गई। सभी एसडीओपी ने उनके अनुभाग की आवश्यकता के अनुरूप अलग अलग प्लान बताया है। वही एसडीएम ने बताया कि हर सेक्टर अधिकारी के पास दो-दो रिजर्व ईवीएम मशीनें रहेंगी। ये ईवीएम मशीनें जीपीएस लगे वाहन में ही होगी। मतदान पर्चियां बांटे जाने की जानकारियां दी गई।

कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा ने कहा कि अब जो भी बैठक हो रही है सभी को मतदान की गति बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। अब हर एक घंटे में रिपोर्ट लेंगे। जिससे अनुमान लगाने में आसानी होगी। उसी अनुरूप प्लान भी बदल सकते है।

## सामग्री देने से लेकर मतदान वापसी तक प्लान पर एआरओ के साथ प्लान पर चर्चा

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को जिला पंचायत सभागृह में 6 विधानसभाओ के एआरओ, कम्युनिकेशन प्लान के नोडल और तहसीलदारों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से 18 अप्रैल को मतदान दलों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री से लेकर 19 अप्रैल को मतदान पश्चात सामग्री प्राप्त करने की रूपरेखा पर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विधानसभा वार एआरओ से उनके कम्युनिकेशन प्लान, सेक्टर अधिकारियों से संचार, प्रत्येक 2 घंटे में दी जाने वाले जानकारी, ईवीएम खराब होने के बाद बदलने की स्थिति आदि मुख्य बिंदुओं पर जानकारी ली गई। उन्होंने हिदायत दी कि रिजर्व ईवीएम मशीन जो सेक्टर अधिकारियों और एआरओ के पास रहेगी वो सिर्फ जीपीएस लगे वाहनों में ही रहें। पूरे निर्वाचन के दौरान किसी भी सेक्टर अधिकारी का मोबाइल या अन्य वजह से कम्युनिकेशन ब्रेक नही होना चाहिए। सेक्टर अधिकारी हर समय राउंड पर रहे। गलतियों को गुंजाइश नही है। कहीं भी कुछ असामान्य लगता है तो तुरंत उन्हें अवगत कराएं। मेडिकल की सारी व्यवस्थाएं की है। किसी भी दुर्घटना से बचने के पूरे प्रयास किये गए है।

## अनुपस्थित मतदाताओं के लिए फिर चलित मतदान केंद्र के माध्यम से होगी वोटिंग

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आम लोकसभा निर्वाचन के तहत अब तक चलित मतदान केंद्र और सुविधा केंद्र (पीवीसी) के माध्यम से मतदान कराया जा चूका है। अभी सुविधा केंद्र के द्वारा मतदान किया जा रहा है। 13 अप्रैल से सुविधा केंद्र के माध्यम से मतदान जारी है। सुविधा केंद्र पर शासकीय सेवको की वोटिंग का कार्य स्थानीय एसडीएम कार्यालय में पिछले 3 दिनों में 301 मतदाताओ ने मतदान किया है। हालांकि चलित मतदान केंद्र दूसरे चरण में मंगलवार को भी दल शेष रहे 53 मतदाताओ के घर पहुचेंगे। सुविधा केंद्र में हुए मतदान के बाद सोमवार शाम 7 बजे पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम में पेटी जमा की गई। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक, सुविधा केंद्र प्रभारी तहसीलदार श्रीमती वंदना उइके और पोस्टल बैलेट नोडली अधिकारी राजेश कुमार खोब्रागढ़े उपस्थित रहे।

## चलित मानव श्रृंखला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। मतदाता जागरूकता अभियान में सोमवार को स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में भव्य चलित मानव श्रृंखला बनाकर मतदान संदेश दिया गया। इस चलित मानव श्रृंखला में ही कलेक्टर व जिला निर्वाचना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई और नारे भी लगाए गए। चलित मानव श्रृंखला में 4 लेयर में एनआरएलएम और महिला बाल विकास विभाग की महिलाएं खड़ी रही और बाहरी लेयर में कॉलेज के विद्यार्थी और अधिकारी श्रृंखलाबद्ध हुए। कुछ देर के लिए दूसरी और तीसरी पंक्ति (लेयर) की महिलाएं अपने ऑपोजिट साइड में चलना प्रारम्भ किया। जबकि बाहरी पंक्ति में खड़े विद्यार्थियों ने उनका हौसलावर्धन करने के लिए तालियाँ बजाई। इस चलित मानव श्रृंखला में 500 से




अधिक महिला व करीब 50 विद्यार्थी शामिल हुये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत ठाकुर, जनपद सीईओ श्रीमती ममता कुलस्ते, जनअभियान परिषद के सुशील बर्मन, जिपं पीओ नेत्रा उइके, विकास रघुवंशी, क्षेत्र प्रचार के अजय बैस व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहें।

### शहर के मध्य से निकली रैली

मानव श्रंखला के बाद स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय से शहर के मध्य से रैली का आयोजन किया गया। रैली उत्कृष्ट विद्यालय से अम्बेडकर चौक से गोंदिया रोड और पुन: रैली का समापन उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ।

## धम्म दीप बुद्ध विहार में मनाई गई आम्बेडकर जयंती

मलाजखंड(पदमेश न्यूज़)। धम्म दीप बुद्ध विहार मलाजखंड में 14 अप्रैल को डा. बाबा साहब आम्बेडकर की 133वीं व महात्मा ज्योतिबा फुले 197वीं की जयंती धूमधाम से मनाई गई।मलाजखंड बुद्धिस्ट सोसायटी के पदाधिकारियों ने बताया कि 13 अप्रैल को रंगोली प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ हुई। जिसमें महिलाओं ने हिस्सा लिया। साथ ही बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध व शतरंज प्रतियोगिता करवाएं।कार्यक्रम में वार्षिक गतिविधियों के आधार पर प्रतिभागियों को पारितोषित वितरण किया गया। शाम साढ़े छह बजे से आर्केस्ट्रा द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई। वही14 अप्रैल को सुबह नौ बजे पंचशील ध्वजारोहण कर डा. बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण मौजूद लोगों द्वारा किया गया। जिसके बाद पूजा वंदना हुई। सुबह 10 बजे डीजे की धुन पर विशाल रैली निकाली गई। रैली बस स्टैंड से होते हुए टाउनशिप से होकर पुन: धम्म दीप बुद्ध विहार पहुंची। रैली में डा. बाबा साहब आम्बेडकर के जयकारों की गूंज रही। जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर अतिथियों और अन्य लोगों ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया और उसके बाद मंचीय कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर प्राथमिक शाला कटंगी के बच्चों ने सामूहिक रूप से नृत्य की प्रस्तुति दी।



कार्यक्रम नागेश शणय महाप्रबंधक ईकाई प्रमुख ताम्र परियोजना मलाजखंड के मुख्य आतिथ्य हुआ। विशेष अतिथि केसी मंडल महाप्रबंधक, बुद्धिस्ट सोसायटी मलाजखंड अध्यक्ष समीर नंदा गौली, सचिव श्याम यैगारे रहे।कार्यक्रम में मंच संचालन शैलेश रामटेके शिक्षक द्वारा किया गया। तो वही कार्यक्रम के दौरान शैलेश रामटेके शिक्षक, सह सचिव धम्पाल चौरे, धमदीना रंगारे, महेश रावतकर, हेमलाल धुर्वे सामाजिक कार्यकर्ता, पुस्तकला धुर्वे शिक्षिका, किसान उके, आशा यैगारे, हेमलता बंसोड़, सीमा भलावे, संतुरा रावतकर, सुधा यैगारे, प्रतिमा उके, सारिका चौरे, रंजनी उके, देवी वैद्य, रंजनी खोब्रागड़े, मंगल वैद्य, ईश्वरदयाल खोब्रागड़े, राजेश रामटेके, सिद्धार्थ घरड़े, पत्रकार अशोक यैगारे के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अवैध शराब एवं मारपीट के प्रकरण में फरार 2 स्थाई वारंटी गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। कटंगी पुलिस ने अवैध शराब और मारपीट के मामले में बीते कई वर्षों से फरार चल रहे दो स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया । दोनों गिरफ्तार स्थाई वारंटी भीमराज पिता नत्थूलाल बिंझा? 38 वर्ष ग्राम अगासी थाना कटंगी और वेद प्रकाश पिता नेतलाल पंडित 25 वर्ष ग्राम कायदी थाना वारासिवनी निवासी है। दोनों को वारासिवनी की जेल भिजवा दिया गया है। ज्ञात होगी लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण वातावरण मे संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता में चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले अवांछित तत्व- फरार आरोपी, लंबे समय से माननीय न्यायालय मे वांछित वारंटी, गुण्डा , बदमाश एवं जिला बदर के आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गये है । जिसके तारतम्य में थाना कटंगी पुलिस द्वारा अवैध शराब के प्रकरण मे पिछले 06 वर्षों तथा मारपीट के प्रकरण मे 05 वर्षों से फरार चल रहे माननीय न्यायालय मे वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बालाघाट पुलिस ने आचार संहिता के दौरान अब तक विभिन्न प्रकरणों मे वांछित 105 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है और यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी ।

# आचार संहिता का उल्लंघन, सरकारी संपत्ति में लगाए गए पोस्टर और झंडे

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। चुनाव में वोट हासिल करने के लिए राजनीतिक दल व उम्मीदवार अनैतिक तरीके न अपनाये, इसके लिए चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों तथा प्रत्याशियों को आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके कटंगी में राष्ट्रीय पार्टी भाजपा आचार संहिता का उल्लंघन करने में कोई संकोच नहीं कर रही है. मामला सरकारी ईमारत और संपत्ति में बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति से झंडे और पोस्टर लगाने से जुड़ा हुआ है। नगर के वार्ड क्रमांक 08 में बिजली के खंभों में झंडे बांधे गए है और शहर के बस स्टैंड में नगर परिषद के शॉपिंग काम्प्लेक्स में बैनर लटकाया गया है. विद्युत विभाग सहायक यंत्री राजीव रंजन ने बताया कि विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई. बिना अनुमति झंडे लगाए गए है तो दिखाया जाएगा. वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जब इस




संबंध में चर्चा करने के लिए उनसे दूरभाष पर संपर्क किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता लागू करने के बाद साफ कर दिया था कि सरकारी ऑफिस या संपत्तियों पर राजनीतिक पार्टियां अपने झंडे-पोस्टर या बैनर नहीं लगा सकती हैं। चुनाव के दौरान राजनीतिक विज्ञापन के लिए रेलवे स्टेशन, सरकारी अस्पताल, पोस्ट ऑफिस, बस स्टैंड, एयरपोर्ट, पुल, रेलवे फ्लाईओवर, रोड, सरकारी बस, सरकारी भवन व परिसर, सिविल संरचना, बिजली और टेलीफोन के खंभे आदि का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा. मगर, इन निर्देशों का कटंगी में पालन नहीं हो रहा है। आचार संहिता के निर्देशों का सरेआम उल्लंघन हो रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है। 19 अप्रैल को बालाघाट जिले में लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए मतदान होना है. जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है. वैसे-वैसे अधिकारी आचार संहिता का कड़ाई में पालन कराने की बजाए नरमी बरत रहे है। अधिकारियों का मुखबिर तंत्र उन्हें आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी तक नहीं दे रहा है। जिस कारण राजनीतिक दल के प्रत्याशी और उनके समर्थक आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे है। नगर के बस स्टैंड में तो नपा कार्यालय में महज चंद कदम की दूरी पर स्थित नपा के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जो कि सरकारी इमारत है उस इमारत में राजनीतिक दल के नेता का प्रचार पोस्टर लगा है। लेकिन नगर परिषद के सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने अपनी आंखों में पट्टी बांधकर रखी हुई है. जिस तरह से आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है और अफसर मौन है उससे एक बात प्रतीत हो रही है कि अफसर आज भी नेताओं के इशारों पर काम कर रहे है और निवार्चन आयोग के आदेशों से उन्हें कोई लेना देना ही नहीं है।

## अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप बाइक रैली का आयोजन हुआ. कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश और एसडीएम सहायक रिटर्निंग अधिकारी मधुवंत राव धुर्वे के मार्गदर्शन में 15 किमी. की बाइक रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत जनपद पंचायत कटंगी परिसर से हुई और तिरोड़ी के बाजार में रैली ने विराम लिया। इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। बाइक रैली में एसडीओपी माणिक मणि कुमावत, सीईओ दीपक कर्पे, थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विनोद वट्टी, एनआरएलएम ब्लॉक प्रबंधक प्रतिमा सोनी। शासकीय महाविद्यालय तिरोड़ी के प्रभारी प्राचार्य, म.प्र.जन अभियान परिषद के पदाधिकारी और पंचायत के सचिव मौजूद रहे। रैली ग्राम पंचायत खजरी, कटेधरा, बोथवा से होते तिरोड़ी बाजार में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न करने के बाद तिरोड़ी के दुर्गा ग्राउंड में मानव श्रंखला के रुप में तब्दील हुआ। जनपद पंचायत कटंगी परिसर में रैली की शुरुआत से पहले मतदाता जागरूकता की प्रतिज्ञा दिलाई। एसडीओपी ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र की पहचान हर मतदाता करे मतदान इसी मंशा के साथ रैली निकाली गई थी। एसडीओपी ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपने एक-एक मत से लोकतंत्र सशक्त होगा. उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर अधिकारियों-कर्मचारियों समेत क्षेत्र के मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की शपथ दिलाई।

## सावित्री ज्योति बालिकागृह में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई आम्बेडकर जयंती




बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। प्रबुद्ध विनायती कल्याणकारी संस्था बालाघाट द्वारा संचालित सावित्री ज्योति बालिकागृह में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी संविधान रचयिता भारत रत्न डॉक्टर अम्बेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें बालिकागृह के समस्त कर्मचारी एवं समस्त बालिकाएं उपस्थित रहीं।वही इस कार्यक्रम में बालिकाओं ने गीत, भाषण, कविता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।इस दौरान संस्था की अधीक्षिका श्रीमति प्रीति रनगिरे द्वारा डॉ. भीम राव अम्बेडकर की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती जलाकर कार्यक्रम की शुरूवात की गई।उन्होंने बताया कि अम्बेडकर जयंती, अम्बेडकर जी का जीवन भर समानता के लिए संघर्ष एवं डॉ. अम्बेडकर जयंती सबसे प्रमुख भारतीय नागरिक अधिकारी कार्यकर्ताओं, वकील और राजनीतिज्ञ में से एक के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। अम्बेडकर जयंती दुनिया की सबसे बड़ी जयंती मानी जाती है,वही अन्य वक्ताओं ने भी आम्बेडकर जयंती पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए तो वही उद्बोधन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

# 8 वीं पास है कांग्रेस प्रत्याशी तो 12वीं पास है भाजपा की प्रत्याशी दोनों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता छिपाई है-कंकर

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने अपने निज निवास पर पत्रकार वार्ता ली और बताया कि कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी जिन्होंने निर्वाचन में जो अपनी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी दी है उस जानकारी अनुसार उनकी शिक्षा दीक्षा बहुत ही कम है कांग्रेस प्रत्याशी है 8वीं पास है, और उन्होंने ओपन से 10 वीं पास किया है तो वही भारती पारधी ने बीएससी पार्ट वन तक की पढ़ाई की है, जिसको देखकर यह साफ हो जाता है कि कांग्रेस प्रत्याशी 10 वीं पास है और भाजपा प्रत्याशी 12वीं पास है, आपको बता दे की पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा अपने निजी निवास पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया और उन्होंने कांग्रेस तथा भाजपा प्रत्याशी की शैक्षणिक योग्यता पर निशाना साधते हुए, दोनों ही प्रत्याशियों को आडे हाथों लिया और कहा कि आज कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी की शैक्षणिक योग्यता बहुत कम है जबकि उन्होंने दोनों ही प्रत्याशियों की शैक्षणिक योग्यता जो उन्होंने निर्वाचन में जमा करवाई है उनको निकलवाया है और उन में उन्होंने पाया कि कांग्रेस के प्रत्याशी ने ओपन से हायर सेकेंडरी स्कूल पास किया है तो वहीं भारती पारधी द्वारा होम साइंस से बीएससी में पार्ट वन किया हुआ है जो कि इन्होंने अपनी शैक्षिक योग्यता शपथ पत्र के साथ निर्वाचन में जमा किया है और जबकि उनके द्वारा आम जनता को यह बताया जाता है कि उनके पास डॉक्टर की उपाधि है और वह पीएचडी किए हुए हैं, इस प्रकार से आज भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी मतदाताओं के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं जबकि श्री मुंजारे ने सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किए हुए हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशी 8 वीं पास है, तो भाजपा प्रत्याशी 12वीं पास है

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा बताया गया कि उन्होंने भाजपा तथा कांग्रेस के दोनों ही प्रत्याशियों के निर्वाचन से शपथ पत्र निकलवाए हैं उसमे दोनों प्रत्याशी की शैक्षणिक योग्यता बहुत कम है कांग्रेस के प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार की शैक्षणिक योग्यता शपथ पत्र में दी जानकारी अनुसार उन्होंने पुणे स्कूल से ओपन के माध्यम से मैट्रिक किया है और भारती पारधी द्वारा अपनी योग्यता शपथ पत्र में होम साइंस से बीएससी पार्ट वन दर्शायी गई है , जबकि इस हिसाब से देखा जाए तो कांग्रेस प्रत्याशी आठवीं पास है और ओपन से तो सिर्फ



दिखावे के लिए पढ़ाई की जाती है और भारती पारधी 12वीं पास है भले ही उन्होंने बीएससी पार्ट वन अपनी शैक्षणिक योग्यता दर्शाया है , पर उन्होंने सुना था कि भारती तो पीएचडी की हुई है, यह जनता और मतदाता को गुमराह कर रहे हैं।

### भाजपा दो उम्मीदवार से चुनाव लड़ रही है

श्री मुंजारे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी बालाघाट आए थे, वह हाथी से घबराकर उनके खिलाफ चुनाव प्रचार करने आए थे, क्योंकि आज भाजपा को कांग्रेस से कोई दिक्कत नहीं है और भाजपा ने बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र में दो उम्मीदवार उतारा है जिसमें एक भाजपा से है और दूसरा बीजेपी का उम्मीदवार कांग्रेस का है जिसमें उन्होंने सीधे या कह दिया कि भाजपा से भारती पारधी और सम्राट सिंह सरस्वार दोनों ही भाजपा के प्रत्याशी हैं और उन्हें आज डर कंकर मुंजारे का है, इसलिए आज बार-बार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जिले में आ रहे हैं, उन्होंने यह भी कहा कि जब प्रधानमंत्री आ चुके थे तो उनके बाद मुख्यमंत्री को बार-बार आने की क्या आवश्यकता थी, मतलब जिसे देखकर यह साफ हो रहा है कि आज भाजपा की स्थिति ठीक-ठाक नहीं है।

### सरकार का कॉलर पकड़ के किसानों को 3100 रुपये समर्थन मूल्य दिलवाऊंगा

उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें जनता अपना समर्थन देती है तो वह चुनाव जीतने के बाद धान का समर्थन मूल्य दिलवाकर ही रहेंगे , चाहे इसके लिए उन्हें जेल जाना पड़े तो वह जेल जाएंगे और यदि सरकार नहीं मानती है तो वह सरकार का कॉलर पकड़ कर किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये दिलवाएंगे, लेकिन उसके लिए पहले जनता को उन्हें अपना सहयोग देना होगा तब ही वह जनता के लिए कार्य कर सकते हैं।

### शादी में लोग लड़का देखते है वैसे ही आज जनता प्रत्याशी को देखकर अपना समर्थन दे

श्री मुंजारे ने जनता से यह अपील की आज कोई भी पार्टी या उसके पीछे खड़े लोगों को देखकर उनके साथ ना दे , या उन्हें अपना समर्थन न दे जिस प्रकार आज माता-पिता अपने बच्चों की शादी करते समय लड़का देखकर अपनी लड़की की शादी करते हैं, उसी प्रकार आज जनता प्रत्याशी को देखकर अपना समर्थन दे , क्योंकि यदि लड़का ही सही नहीं होगा तो उनकी लड़की की जिंदगी खराब हो जाएगी, इसलिए वह प्रत्याशी को देखकर ही अपना सही चुनाव करें,

### मेरी अभी उम्र नहीं हुई है

निर्दलीय प्रत्याशी देव पंवार द्वारा बीते दिनों मीडिया में एक बयान दिया था कि कंकर मुंजारे नौटंकी करते हैं और उनकी उम्र हो गई है, इस विषय पर श्री मुंजारे ने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी देव पंवार को उतनी समझ नहीं है , जिस प्रकार वह बात कर रहे हैं, यदि उनमें समझ होती तो इस प्रकार से वह बोलते नहीं अभी मेरी उम्र नहीं हुई है और यदि वह यह देखना चाहते हैं, तो मुझे कहीं भी बुलाकर आजमा सकते हैं , उन्होंने कहा की उम्र से बात नहीं होती है और उनकी उम्र अभी कोई भी बड़े नेता जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कमलनाथ और गौरी शंकर बिसेन से कम ही है और वह किसी नौजवान से भी कम नहीं है इसलिए आज वह जनता के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# आसमानी बिजली गिरने से 18 वर्षीय युवक आहत

## लालबर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम छतेरा की घटना, आहत युवक विशाल जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लालबर्रा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम छतेरा में तेज आंधी तूफान के दौरान आसमानी बिजली गिरने से एक युवक



आहत हो गया। आहत युवक विशाल पिता कमल सिंह सराठी 18 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल सराठी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है। जिसके परिवार में माता-पिता है और वे 6 भाई है। जिनमे चार भाइयों की शादी हो चुकी है। विशाल सराठी सबसे छोटा है। बताया गया है कि 14 अप्रैल को गांव में ही विशाल सराठी के बड़े पिता सुकल सराठी की नातन की शादी थी। 15 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम के चलते दुल्हन को विदा करने के बाद 2:30 बजे करीब विशाल सराठी अपने बड़े पिता के घर से खाना खाकर अपने घर पैदल आ रहा था। तभी तेज आंधी तूफान के दौरान आसमानी बिजली गिरने से विशाल सराठी बेहोश होकर गिर गया। विशाल आसमानी बिजली गिरने से आहत हो गया था। तभी परिवार वालों की नजर विशाल पर पड़ी और और परिवार वालों ने विशाल को तुरंत ही प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# पति के साथ कहासुनी होने से गुस्साई महिला ने खाया कीटनाशक

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़) । पति से पैसों के लेनदेन को लेकर कहासुनी होने से गुस्साई एक महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर ली कीटनाशक दवाई के सेवन से अस्वस्थ महिला सुखवंती पति अशोक टेकाम 24 वर्ष ग्राम सोनगुड्डा थाना रूपझर निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुखवंती, अपने पति अशोक टेकाम के साथ खेती किसानी करती है। 14 अप्रैल की रात्रि में सुखवंती और उसके पति अशोक के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर के कहासुनी हो गई थी। रात्रि में दोनों खाना खाकर सो गए थे। तभी पति के साथ पैसे के लेनदेन को लेकर कहासुनी होने से गुसाई सुखवंती ने घर में रखी कीटनाशक दीमक मार दवाई का सेवन कर ली। रात्रि 11:00 बजे करीब उल्टियां होने पर सुखवंती से उसके पति और परिवार वालों ने पूछे तब उसने कीटनाशक दीमक मार दवाई खाने के संबंध में बताई। रात्रि में ही सुखवंती को उसके पति और परिवार वालों ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# मार्शल की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

## लालबर्रा रोड ग्राम कनकी में हुई दुर्घटना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । लालबर्रा रोड ग्राम कनकी में मार्शल ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। इस सड़क दुर्घटना में मार्शल की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार युवके घायल हो गया। घायल युवक आशीष पिता देवानंद चौहान 30 वर्ष ग्राम बहियांटिकुर लालबर्रा निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष चौहान के माता-पिता खेती किसानी करते हैं और आशीष चौहान बालाघाट में किराए से रहकर पढ़ाई कर रहा है। बताया गया है कि 14 अप्रैल की शाम को आशीष



चौहान मोटरसाइकिल में ग्राम छतेरा अपने बड़े पापा के यहां पुण्यतिथि के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गया था। 15 अप्रैल को 10:00 बजे करीब आशीष चौहान मोटरसाइकिल में ग्राम छतेरा से बालाघाट आने निकला था। तभी बालाघाट से लालबर्रा रोड पर स्थित ग्राम कनकी में सामने से तेज रफ्तार से आ रही मार्शल ने ट्रक से ओवरटेक कर आशीष चौहान की मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। मार्शल की ठोकर से आशीष चौहान घायल हो गया। जिसे हाथ पैर में चोटें आई। घायल आशीष चौहान को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

# नशीला फल खाने से दो बच्चे बीमार

## रूपझर थाने के ग्राम खमरिया की घटना, दोनो बच्चे जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़) । जिले के रूपझर थाना अंतर्गत ग्राम खमरिया में नशीला फल खाने में आ जाने से दो बच्चे बीमार हो गए। 15 अप्रैल की शाम 5ः00 बजे यह घटना उस समय हुई जब दोनों बच्चे गांव के अन्य बच्चों के साथ घर से खेलने निकले थे । दोनों बच्चे आरव पिता राजकुमार गेडाम 5 वर्ष और कार्तिक पिता दुरूपसिह मंडावी 5 वर्ष को जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खमरिया निवासी राजकुमार गेडाम और



दुरूपसिह मड़ावी परिवार के साथ खेती मजदूरी करते हैं। जिनके बच्चे जिनमें राजकुमार गेडाम का बेटा आरव 5 वर्ष और दुरूपसिह मड़ावी का बेटा कार्तिक अपने गांव की आंगनवाड़ी केंद्र में पढ़ने जाते हैं। 15 अप्रैल को दोनों बच्चे अपने गांव की आंगनवाड़ी केंद्र में गए थे और आंगनबाड़ी से छुट्टी होने के बाद दोनों बच्चे अपने घर आए और शाम 5:00 बजे दोनों बच्चे गांव के उन बच्चों के साथ खेलने के लिए चले गए थे। जब दोनों बच्चे गांव के अन्य बच्चों के साथ खेलने के बाद घर आए तो दोनों बच्चे घर में उल्टियां करने लगे और उन्हें सस्ती आ गई थी। जिनके परिजनों के द्वारा अन्य बच्चों से पूछने पर बालक आरव और कार्तिक द्वारा पिहरी जैसा फल खाना बताये। संभवत दोनों बच्चों के द्वारा कोई नशीला फल का सेवन कर लिया गया जिससे दोनों बच्चे उल्टियां करने लगे। दोनो बच्चों को उनके माता-पिता ने 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# मतदान समाप्ति तक जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्ताकर यंत्र होंगे बाधित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 15-बालाघाट के प्रथम चरण के मतदान के 48 घंटे पूर्व 17 से 19 अप्रैल तक सांइलेट जोन की अवधि में संसदीय क्षेत्र में अधिक संख्या में विवाह कार्यक्रम आयोजित होने है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार विवाह समारोह में बारात एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1958 के अन्तर्गत दी जायेगी। साथ ही आदेश का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

ANJUMAN URDU SCHOOL
(ENGLISH MEDIUM)
Needed a Principal and teachers
Teachers for all main subjects
Preference - B.ed, D.ed, bachelor's degree
Office time - 9am to 1pm
Classes from NURSERY to 6th
Add-Ward No.09, Jama Masjid Chowk, Baihar Road, Balaghat
Mo. 9407314594







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट